* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

06 जनवरी, 2023
पौष, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 79

**अमित शाह ने कहा-** राहुल गांधी नोट कर लें 1 जनवरी 2024 को बन जायेगा श्री रामलला का मंदिर









## सम्मेद शिखर विवाद : केंद्र सरकार ने जैन समाज की मांग मानी

# तीर्थस्थल ही रहेगा सम्मेद शिखर

- झारखंड सरकार को इको टूरिज्म गतिविधि पर रोक लगाने का निर्देश
- शराब, मांस, नशीले पदार्थ समेत अन्य चीजों की बिक्री पर भी रोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पारसनाथ में स्थित जैन समुदाय का पवित्र तीर्थ स्थल सम्मेद शिखर पर केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला किया है। केंद्र के मुताबिक यह अब पर्यटन क्षेत्र नहीं होगा। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना में सभी पर्यटन और इको टूरिज्म गतिविधि पर पर रोक लगाने के निर्देश दिये गये हैं। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने ट्विट कर यह जानकारी दी है। इस संदर्भ में केंद्र ने राज्य सरकार को पत्र लिखा है। केंद्रीय मंत्री ने ट्विट के साथ दो पेज का पत्र भी लगाया है।

**जैन समाज की केंद्रीय मंत्री के साथ हुई बैठक :** केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने गुरुवार को दिल्ली में जैन समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने जैन समाज से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार सम्मेद शिखर सहित जैन समाज के सभी धार्मिक स्थलों पर उनके अधिकारों की रक्षा और संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। सम्मेद शिखरजी क्षेत्र जैन धर्म का विश्व में सबसे पवित्र और पूजनीय स्थल है। वन, पर्यावरण एवं पर्यटन मंत्रालय इसकी पवत्रिता को स्वीकार करता है।

**केंद्र ने 2019 के आदेश में किया संशोधन :** केंद्र सरकार ने गुरुवार को 2019 में जारी किये गये अपने आदेश को वापस ले लिया है। भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय ने 5 जनवरी को राज्य सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव को दो पेज की चिट्ठी भेजी है। इसमें लिखा गया है कि इको सेंसेटिव जोन अधिसूचना के खंड-3 के प्रावधानों के कार्यान्वयन पर तत्काल रोक लगायी जाती है, जिसमें अन्य सभी पर्यटन और इको-टूरिज्म गतिविधियां शामिल हैं। राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए तत्काल सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया जाता है।

**इन गतिविधियों पर लगायी गयी पाबंदी :** सम्मेद शिखर पर कई तरह की गतिविधियों पर पाबंदियां लगायी गयी हैं। पत्र में कहा गया है कि पारसनाथ पर्वत क्षेत्र में ड्रग्स और तमाम नशीले पदार्थों की बिक्री करना, तेज संगीत बजाना, लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करना, प्रकृति को नुकसान पहुंचाने वाले काम करना, पालतू जानवरों को लाना, कैंपिंग और ट्रैकिंग करने



की इजाजत नहीं होगी। राज्य सरकार को इन सभी नियमों को कड़ाई से लागू करने के निर्देश जारी किये गये हैं। इसके अलावा यह भी कहा गया है कि केंद्र सरकार ने निगरानी समिति बनायी है। राज्य सरकार से कहा गया है कि वह इस समिति में शामिल होने के लिए जैन समुदाय से दो सदस्यों और स्थानीय जनजातीय समूह से एक सदस्य को स्थायी सदस्य के रूप में आमंत्रित करे।

**क्या है मामला :** सम्मेद शिखर को पर्यटन क्षेत्र घोषित किये जाने के खिलाफ पिछले कुछ दिनों से जैन समुदाय आंदोलन कर रहा है। इसके खिलाफ कई जैन मुनियों ने आमरण अनशन भी शुरू कर दिया था। इसमें जैन मुनि सुज्ञेयसागर महाराज ने मंगलवार को प्राण भी त्याग दिया था। केंद्र सरकार की घोषणा के बाद जैन समाज ने अपना आंदोलन वापस लेने का ऐलान किया है।

### प्रमाण सागर जी ने आंदोलन बंद करने की अपील की

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार के फैसले के बाद जैन समाज ने खुशी जाहिर की है। जैन मुनि प्रमाण सागर जी महाराज ने कहा कि यह सुखद सूचना है। जैन समाज जिस मुद्दे को लेकर आंदोलित थी, उन सभी बातों को केंद्र सरकार ने मान लिया है। उन्होंने कहा कि सारे आंदोलन को रोक देना चाहिए। अब आंदोलन की कोई जरूरत नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, राज्यमंत्री अश्विनी चौबे सभी का आभार व्यक्त करना चाहिए।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र को लिखा था पत्र

रांची। सम्मेद शिखर मामले पर केंद्र का निर्देश जारी होने से पहले गुरुवार की सुबह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखा था। पत्र में मुख्यमंत्री ने जैन अनुयायियों द्वारा प्राप्त आवेदनों का हवाला देते हुए पारसनाथ स्थित सम्मेद शिखर की शुचिता बनाये रखने के लिए केंद्र सरकार की संबंधित अधिसूचना के संदर्भ में समुचित निर्णय लेने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा था कि भारत सरकार की अधिसूचना को निरस्त केवल केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ही कर सकता है। इसलिए जैन समाज से प्राप्त आवेदनों के आधार पर 2 अगस्त 2019 की अधिसूचना पर समुचित निर्णय लेने का आग्रह किया था।

### गिरिडीह में समाज के लोगों ने निकाला मौन जुलूस

गिरिडीह (सुधीर सिन्हा)। श्री सम्मेद शिखर जी को पर्यटन स्थल घोषित करने के फैसले के विरोध में गुरुवार की सुबह जैन समाज के लोगों ने मौन जुलूस निकाला। इसमें इसमें राज्य के विभिन्न जिलों से आये जैन समाज के अलावे मारवाड़ी समाज, सिख समाज, बरनवाल सेवा समिति सहित भाजपा, रालोजपा और कई हिंदू संगठन के लोगों ने हिस्सा लिया। बड़ा चौक स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर से मौन जुलूस निकाला गया। हाथों में तख्तियां लिये महिला, पुरुष, बच्चे अपने पवित्र तीर्थ स्थल की पवित्रता को बचाने की मांग करते हुए पूरे शहर का भ्रमण करते हुए समाहरणालय परिसर पहुंचे। इसके बाद प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।

# गृह मंत्री आज आ रहे रांची कल चाइबासा में कार्यक्रम

## चाइबासा में 2000 से अधिक पुलिस फोर्स तैनात

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार शाम को रांची आयेंगे। यहां रात्री विश्राम के बाद दूसरे दिन यानी शनिवार को चाइबासा के लिए रवाना हो जायेंगे। यहां टाटा कॉलेज मैदान में गृह मंत्री का कार्यक्रम होगा। चाइबासा में गृहमंत्री के कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तैयारी में जुट गयी है। जेड प्लस सुरक्षा के पदाधिकारी चाइबासा पहुंच चुके हैं और तैयारी संबंधित जायजा ले रहे हैं। कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया है।

भाजपा की ओर से प्रस्तावित यह कार्यक्रम आगामी 2024 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किया जा रहा है। गृह मंत्री की विजय संकल्प महारैली में पूरे कोल्हान भर से पार्टी के कार्यकर्ता शामिल होंगे। गुरुवार को उपायुक्त अनन्य मित्तल और एसपी आशुतोष शेखर ने सभास्थल पहुंच कर निरीक्षण किया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश भी मौजूद थे।



कोल्हान विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में कार्यक्रम के पश्चात आधा घंटा तक अमित शाह पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे, जिसमें 140 वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसमें प्रदेश से लेकर जिला स्तर के कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं की लिस्ट तैयार कर ली गयी है।

पश्चिम सिंहभूम के उपायुक्त और एसपी के संयुक्त रूप से एक आदेश जारी किया है, जिसमें विभिन्न स्थानों में पुलिस पदाधिकारी और दंडाधिकारी की नियुक्ति की गयी है। सभास्थल को चारों तरफ से घेरने की व्यवस्था जिला प्रशासन की ओर से की जा रही है। हालांकि सभा के अंदर जेड प्लस सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहेंगे। पश्चिमी सिंहभूम जिले में विभिन्न स्थानों में पुलिस पदाधिकारी की नियुक्ति की गयी है। लगभग 2000 से अधिक पुलिस फोर्स पूरे जिले में तैनात होंगी। रांची, मुसाबनी समेत राज्य के विभिन्न स्थानों से फोर्स चाइबासा पहुंच रही हैं।

### टाटा कॉलेज मैदान में भव्य पंडाल का निर्माण

उधर, अमित शाह के कार्यक्रम को लेकर टाटा कॉलेज मैदान में भव्य पंडाल का निर्माण हो रहा है। इसमें लगभग 20 हजार से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। पंडाल के पीछे हेलीपैड बनाया जा रहा है, जहां से उतर कर सीधे मंच पर गृह मंत्री अमित शाह पहुंचेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद कोल्हान विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। ऑडिटोरियम में ही गृह मंत्री का रेस्ट रूम बनाया गया है।

# नये डीजीपी के लिए तीन नाम तय

## नयी दिल्ली में हुई यूपीएससी की बैठक

  

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में नये डीजीपी की नियुक्ति के लिए पैनल के तीन नाम तय हो गये। दिल्ली में गुरुवार को हुई यूपीएससी की बैठक इस पर मुहर लगा दी गयी। जानकारी के मुताबिक इस पैनल में 1989 बैच के आइपीएस अधिकारी अजय सिंह, अजय भटनागर और 1990 बेच के आइपीएस अधिकारी अनिल पालटा शामिल है। अजय कुमार सिंह एसीबी के डीजी हैं। वहीं अनिल पालटा रेल डीजी हैं। राज्य सरकार ने यूपीएससी को सात नाम भेजे थे, इसमें वरीयता के आधार पर तीन नाम तय किये गये।

सीबीआइ के असिस्टेंट डायरेक्टर के पद पर तैनात अजय भटनागर का नाम भी वरीयता के आधार पर राज्य सरकार ने भेजा था। उन्होंने राज्य में तैनाती से इंकार नहीं किया है, ऐसे में वरीयता के आधार पर उनका नाम भी तीन सदस्यीय नियुक्ति पैनल में शामिल है। राज्य सरकार वर्तमान डीजीपी नीरज सिन्हा की सेवानिवृत्ति के बाद इन्हीं तीन अधिकारियों में से एक का चयन कर नया डीजीपी नियुक्त करेगी। नीरज सिन्हा 11 फरवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इसके बाद नये डीजीपी पदभार ग्रहण करेंगे। नये डीजीपी का कार्यकाल भी दो सालों का होगा। गुरुवार को पैनल के चयन को लेकर आयोजित बैठक में राज्य से मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, गृह सचिव राजीव अरुण एक्का और डीजीपी नीरज सिन्हा शामिल हुए।

# चौपारण में बालू माफियाओं ने अफसरों पर किया हमला

दुर्गेश पांडेय

**चौपारण।** सिस्टम पर बालू माफिया भारी पड़ते दिख रहे हैं। हजारीबाग के चौपारण में बालू माफियाओं ने अफसरों पर हमला कर दिया। इतना ही नहीं, सुरक्षाकर्मियों के हथियार छीनकर उसे नदी में फेंक दिये। मिली जानकारी के अनुसार चौपारण के सीओ प्रेमचंद कुमार सिन्हा अवैध बालू उठाव की सूचना पर बराकर नदी पहुंचे थे, तभी बालू माफियाओं ने उन पर हमला कर दिया। जब्त ट्रैक्टर को छुड़ाने के लिए बालू माफिया सुरक्षाकर्मियों के साथ भिड़ गये। उनके साथ मारपीट करने लगे। सुरक्षाकर्मी जितेंद्र कुमार की राइफल छीनकर नदी में फेंक दी। राइफल फेंकनेवालों में द्वारिका महतो, विनोद यादव और संजय यादव शामिल हैं। सीओ प्रेमचंद सिन्हा के अनुसार एएसआइ राम महतो के साथ आरक्षी जितेंद्र, निरंजन प्रसाद, नवीन, नरेश और पुलिस गाड़ी के चालक विकास, सीओ के चालक महेंद्र चंद्रवंशी छापेमारी अभियान में गये थे। अवैध बालू घाट पर द्वारिका महतो, संजय यादव, विक्की यादव, विनोद यादव, महेंद्र साव, रविंद्र राणा और इंद्रदेव यादव आदि उपस्थित थे।




## जल विजन 2047 : प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण के लिए दिये कई मंत्र

# पानी पर अधिक से अधिक हो काम : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आज भारत जल सुरक्षा में अभूतपूर्व काम कर रहा है और अभूतपूर्ण निवेश भी कर रहा है। जल संरक्षण के लिए राज्यों के प्रयास देश के सामूहिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में बहुत सहायक होंगे। मनरेगा के तहत पानी पर अधिक से अधिक काम किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री गुरुवार को 'जल विजन 2047' विषय पर आयोजित सम्मेलन को नयी दिल्ली से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित कर रहे थे। दो दिवसीय प्रथम अखिल भारतीय



राज्य मंत्री वार्षिक सम्मेलन का आयोजन भोपाल में किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण के लिए जन भागीदारी की सोच को जनता के मन में जगाना है। हम इस दिशा में जितना ज्यादा प्रयास करेंगे उतना ही अधिक प्रभाव पैदा होगा। देश हर जिले में 75 अमृत सरोवर बना रहा है और अब तक 25,000 अमृत सरोवर बन भी चुके हैं। जल विजन 2047 अगले 25 वर्षों के अमृत यात्रा का महत्वपूर्ण आयाम है।

**जियो मैपिंग की भूमिका महत्वपूर्ण :** मोदी ने कहा कि जियो मैपिंग और जियो सेंसिंग जैसी तकनीक जल संरक्षण के कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कई राज्यों ने इसमें अच्छा काम किया है और कई राज्य इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जल संरक्षण के लिए केंद्र ने अटल भू-जल संरक्षण योजना की शुरूआत की है।

# रामगढ़ महिला थाना प्रभारी 10 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** हजारीबाग की एसीबी की टीम ने गुरुवार को रामगढ़ महिला थाना प्रभारी मेंजारी बिरूवा को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। एसीबी की छापामारी के बाद पुलिस महकमा में खलबली मच गयी। देखते ही देखते थाना परिसर में भीड़ इकट्ठी हो गयी। हालांकि एसीबी की टीम महिला थाना प्रभारी को गिरफ्तार कर हजारीबाग साथ लेकर चली गयी। इस मामले की पुष्टि करते हुए एसीबी के हजारीबाग डीएसपी सादिक अनवर रिजवी ने बताया कि महिला थाना प्रभारी के द्वारा युवती के साथ यौन शोषण के आरोपी पर पैसे के लिए दबाव बनाया जा रहा था। उस मामले के आरोपी और उसके परिजनों से रिश्वत की मांग की जा रही थी। शुरू में आरोपी के परिजनों ने रिश्वत देकर मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की। लेकिन बाद में महिला थाना प्रभारी की डिमांड बढ़ती गयीं, जिसके बाद एसीबी हजारीबाग में आरोपी के भाई तपन गिरि द्वारा एक आवेदन देकर महिला थाना प्रभारी की शिकायत की गयी। एसीबी ने एक टीम का गठन किया। इसमें पदाधिकारी को मिलाकर कुल 20 सदस्य शामिल थे, जिसके बाद कार्रवाई की गयी और एसीबी को सफलता हाथ लगी।

एसीबी में शिकायत करने वाले तपन गिरि ने बताया कि रांची रोड की रहने वाली एक युवती ने दिगवार गिरि मोहल्ला के रहने वाले तरुण गिरि के खिलाफ महिला थाने में शिकायत की थी। हालांकि उस युवती ने यह स्वीकार किया था कि तरुण गिरि के साथ उसका संबंध है। उसने प्राथमिकी दर्ज करने की बात नहीं की थी। तपन गिरि ने बताया कि जिस युवती के नाम पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है, वह अपने परिजनों के साथ है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 52,000 रु./10 ग्राम
चांदी 72,000 रु./प्रति किलो



# बार-बार विवादों में क्यों घिर रही है भारत जोड़ो यात्रा

## रॉ के पूर्व प्रमुख आरएस दुलत के शामिल होने से पैदा हुआ विवाद

## बड़ा सवाल : यह राहुल गांधी का कार्यक्रम है या विवादित चेहरों का जमावड़ा

**अपना राजनीतिक जीवन बचाने की कोशिश में जुटे कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी पिछले चार महीने से सड़कों पर हैं। 7 सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू हुई उनकी बहुप्रचारित 'भारत जोड़ो यात्रा' अब तक 28 सौ किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर उत्तरप्रदेश से गुजर चुकी है। श्रीनगर तक जानेवाली इस पदयात्रा से राहुल अपने समर्थकों के साथ-साथ विरोधियों का भी ध्यान आकर्षित करने में कामयाब रहे हैं। फिल्मी सितारों से लेकर अकादमिक विशेषज्ञों तक, विभिन्न क्षेत्रों की दिग्गज हस्तियां भी समय-समय पर उनके साथ कदमताल करती नजर आयी हैं। लेकिन इसके साथ ही कुछ ऐसे लोग भी इस यात्रा में शामिल हो गये हैं, जिनकी छवि विवादित रही है। अब एएस दुलत को ही लें। रॉ के पूर्व प्रमुख दुलत का पूरा करियर विवादास्पद रहा है। इससे पहले योगेंद्र यादव इस यात्रा में शुरू से ही शामिल हैं और उनके बारे में कई विवाद पहले से ही सुर्खियों में हैं। ऐसे में अब यह सवाल पूछा जाने लगा है कि यह राहुल गांधी और कांग्रेस का कार्यक्रम है या फिर विवादित छवि के लोगों को इकट्ठा करने का मंच। राहुल गांधी के लिए इस सवाल का जवाब देना अब मुश्किल होता जा रहा है, क्योंकि अब ऐसा लगने लगा है कि इस आयोजन का नियंत्रण उनके हाथ से निकल कर ऐसे लोगों के हाथों में चला गया है, जिन्हें न राजनीति की कोई जानकारी है और न कांग्रेस के प्रति कोई जिम्मेदारी। अब जबकि यह यात्रा अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर चुकी है, राहुल की इस यात्रा से जुड़े विवादों पर नजर दौड़ा रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस के नेता राहुल गांधी इन दिनों 'भारत जोड़ो यात्रा' पर हैं। तमिलनाडु के कन्याकुमारी से 7 सितंबर को शुरू हुई यात्रा इस समय यूपी से निकल चुकी है। अब तक 28 सौ किलोमीटर की दूरी तय कर चुकी यह यात्रा राजनीतिक रूप से कांग्रेस और राहुल गांधी को भले ही कोई ताकत दे पायी हो या नहीं, इसने चर्चा खूब बटोरी है। केवल चर्चा ही नहीं, इस यात्रा ने कई विवादों को भी जन्म दिया है। यात्रा से कई सवाल भी पैदा हुए हैं, जिनका जवाब न तो राहुल गांधी दे सके हैं और न कांग्रेस पार्टी।

कुछ राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि यात्रा के लिए कांग्रेस के पास अधिक ठोस राजनीतिक उद्देश्य होने चाहिए थे। उन्होंने गुजरात और हिमाचल प्रदेश जैसे चुनावी राज्यों को छोड़ने के पार्टी के कदम पर सवाल भी उठाये हैं। यह राजनीतिक टीका-टिप्पणी अपनी जगह है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण इस यात्रा से जुड़े विवाद हैं। ये ऐसे सवाल हैं, जो राहुल और कांग्रेस को भविष्य में भी परेशान करते रहेंगे। यदि यह कहा जाये कि इन विवादों ने यात्रा के रंग को फीका करने का काम किया है, तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी।

राहुल गांधी की यात्रा से जुड़ा ताजा विवाद इसमें एएस दुलत के शामिल होने को लेकर उठा है। हालांकि इससे पहले यात्रा में समाज के अलग-अलग तबके के लोगों ने हिस्सा लिया है, जिनमें पूजा भट्ट, रिया सेन, सुशांत सिंह, स्वरा भास्कर, रश्मि देसाई, आकांक्षा पुरी और अमोल पालेकर जैसी फिल्मी और टीवी जगत की हस्तियां शामिल हैं।

मायानगरी की विभिन्न हस्तियों के अलावा पूर्व नौसेना प्रमुख



एडमिरल एल रामदास, शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की सुप्रिया सुले और भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन जैसे कई दिग्गज भी समय-समय पर राहुल गांधी के साथ कदमताल करते नजर आये हैं। लेकिन दुलत के शामिल होने के बाद यह सवाल पूछा जा रहा है कि ऐसे विवादास्पद लोगों को साथ लेकर राहुल गांधी क्या साबित करना चाहते हैं।

### कौन हैं एएस दुलत

एएस दुलत 1999 में भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ के प्रमुख थे। वह अपनी किताबों के चलते कई बार सुर्खियों में रहे हैं। एएस दुलत ने उस समय की वाजपेयी सरकार पर यह आरोप लगाकर सनसनी फैला दी थी कि कांधार विमान अपहरण कांड को तत्कालीन सरकार ने ठीक से हैंडल नहीं किया था। दुलत मूल रूप से पंजाब से संबंध रखते हैं। उन्होंने पंजाब यूनिवर्सिटी से इतिहास में एमए किया। वह 1965 में आइपीएस में आये। उनका कैडर राजस्थान था। राजस्थान में कुछ साल तक रहने के बाद वह केंद्रीय पोस्टिंग में आ गये। उन्हें खुफिया मामलों का एक्सपर्ट माना जाता है। वह भारत के काठमांडू स्थित दूतावास में 1976-80 के बीच रहे। वह कश्मीर मामलों के गहन जानकार हैं। एएस दुलत वर्ष 1989-90 में कश्मीर में इंटेलिजेंस ब्यूरो के स्टेशन हेड थे। उसी दौर में कश्मीरी पंडितों का पलायन हुआ और लाखों पंडित रातों-रात घर-बार छोड़ने को मजबूर हुए। रॉ के चीफ पद से रिटायर होने के बाद उन्हें सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय में नियुक्त कर दिया। वे वहां पर साल 2001 से लेकर मई 2004 तक रहे। वर्ष 2014 में केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार के आने के बाद से वह कश्मीर मुद्दे पर काफी मुखर रहते हैं। कारगिल युद्ध के दौरान वह इंटेलिजेंस ब्यूरो के विशेष निदेशक भी थे। एएस दुलत ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ के पूर्व प्रमुख असद दुर्रानी के साथ किताब, 'जासूसों की कहानी : रॉ, आइएसआइ और शांति का भ्रम' लिखी है। इसमें उन्होंने कई चौंकाने वाले दावे किये हैं।

### योगेंद्र यादव को लेकर विवाद

इस विवादास्पद हस्ती के अलावा एक और नाम, जो इस यात्रा में शामिल है और खासा विवादित है, वह है योगेंद्र यादव का। चुनाव विशेषज्ञ और राजनीतिक टीकाकार होने के बाद से सिविल सोसाइटी के रास्ते आम आदमी पार्टी की नाव पर सवार होकर राजनीति के मैदान में उतरे योगेंद्र यादव क्या हैं, इस बारे में वह खुद भी नहीं बता सकते। चाहे किसान आंदोलन हो या सीएए के खिलाफ आंदोलन, योगेंद्र यादव हर जगह नजर आते हैं। वह कांग्रेस पार्टी के कटु आलोचक रहे हैं, लेकिन राहुल गांधी की यात्रा में शुरुआत से ही साथ हैं। उनसे जुड़ा ताजा विवाद यह हुआ है कि उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के लिए लोगों से चंदा मांगना शुरू कर दिया है। कथित प्रगतिशील लोगों के कई समूहों में उनका एक संदेश खूब वायरल हुआ है, जिसमें उन्होंने इस यात्रा को सफल बनाने, इसके कंटेनर वगैरह को ठीक करने और स्वयंसेवकों के लिए खाना आदि जुटाने के लिए आर्थिक सहयोग मांगा है। योगेंद्र यादव की इस अपील के बाद अब यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या कांग्रेस पार्टी इतनी गरीब हो गयी है कि उसे अपने कार्यक्रम के लिए धन की कमी हो गयी है।

इन तमाम विवादों के बीच यह सवाल बरकरार है कि क्या यह यात्रा चुनावी फायदा दिलाने में सफल होगी। इन विवादों के कारण भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के बीच तीखी जुबानी जंग भी देखने को मिली है, जिसमें राहुल गांधी की दाढ़ी और बरबेरी टी-शर्ट पर तंज कसा जाना भी शामिल है। लेकिन क्या इतने विवादों से जुड़ना खुद राहुल गांधी पसंद करेंगे। वह और उनकी सलाहकार मंडली यदि इस सवाल का जवाब 'हां' में सोचती है, तो यकीनन यह कांग्रेस के लिए, राहुल के लिए और उनकी सलाहकार मंडली के लिए नुकसानदेह साबित होगा।

---

# झारखंड महाधिवक्ता ने कहा : स्टेट बार काउंसिल का कार्य बहिष्कार असंवैधानिक

**अधिवक्ताओं की बैठक में काउंसिल का कोई भी सदस्य भाग नहीं लेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल का कार्य बहिष्कार असंवैधानिक और सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के खिलाफ है। यह अवमानना के दायरे में आता है। इसलिए सरकार के अधिवक्ता 6 जनवरी को कोर्ट जायेंगे और मामले में पैरवी करेंगे। उन्होंने कहा कि हाइकोर्ट में सभी सरकारी वकील न्यायिक कार्य में शामिल होंगे। इसकी लिखित जानकारी उन्होंने एक्टिंग चीफ जस्टिस को भी दी है।

महाधिवक्ता ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 7 जनवरी को 11:30 बजे मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बैठक बुलायी है, जिसमें अधिवक्ताओं के कल्याण पर चर्चा होगी और निर्णय लिये जायेंगे। महाधिवक्ता ने बताया कि सभी जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष को पत्र लिखकर उनके जिला के 10-10 अधिवक्ताओं को मुख्यमंत्री द्वारा बुलाये गये अधिवक्ताओं को संवाद कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कोर्ट फीस के मुद्दे पर कहा कि इस मुद्दे पर सिर्फ राजनीति की जा रही है। आम जनता के हित को ध्यान में रखते हुए सरकार कोर्ट फीस में हुई बढ़ोतरी को वापस लेने की तैयारी में है। इस बात की पूरी जानकारी बार काउंसिल को है।

उधर, स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण एवं काउंसिल सदस्य संजय विद्रोही ने संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि मुख्यमंत्री से मिलने के लिए पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 4 जनवरी को स्टेट बार कौंसिल का प्रतिनिधिमंडल गया था, लेकिन उन्हें सीएमओ की ओर से बताया गया कि 7 जनवरी को पूरे राज्य के अधिवक्ताओं के साथ मुख्यमंत्री की बैठक निर्धारित है। बार काउंसिल के अध्यक्ष ने कहा कि इस बैठक की जानकारी न तो स्टेट बार काउंसिल के किसी सदस्य को थी और न ही जिला बार संघों को मिली है। इसलिए 7 जनवरी की मुख्यमंत्री की द्वारा बुलायी गयी अधिवक्ताओं की बैठक में काउंसिल का कोई भी सदस्य भाग नहीं लेगा। उन्होंने बाकी अधिवक्ताओं से भी इस बैठक में हिस्सा नहीं लेने की अपील की है।

बता दें कि काउंसिल की 4 जनवरी को हुई आपात बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्य के अधिवक्ता छह एवं सात जनवरी को न्यायिक कार्य से अलग रहेंगे एवं आठ जनवरी को सभी जिला संघ के पदाधिकारियों को कौंसिल की ओर से 11:30 बजे बैठक के लिए बुलाया गया है।

# सीएम के आदेश पर गार्ड से मारपीट करने के आरोप में देवघर नगर थाना प्रभारी निलंबित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश पर संथाल परगना क्षेत्र, दुमका के पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा थाना प्रभारी नगर देवघर रतन कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। थाना प्रभारी पर देवघर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के आर्म्स गार्ड कैलाश यादव के साथ मारपीट करने, मोबाइल तोड़ने एवं गार्ड को जेल भेजने का आरोप है। मालूम हो कि 2 जनवरी को थाना प्रभारी द्वारा बैंक के गार्ड के साथ थाना प्रभारी ने मारपीट एवं गाली गलौज करने के उपरांत अतिरिक्त पुलिस बल के सहयोग से गार्ड को घसीटते हुए हाजत में बंद कर दिया। गार्ड की गिरफ्तारी अपेक्षित नहीं रहने एवं पर्यवेक्षी पदाधिकारी के आदेश के बिना गार्ड को जेल भेज दिया गया। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद पुलिस उप-महानिरीक्षक द्वारा मामले की जांच किये जाने के उपरांत थाना प्रभारी को कर्तव्यहीनता, लापरवाही, अनुशासनहीनता, उद्दंडता, नियम विधि विरुद्ध कार्य एवं आपराधिक कृत्य के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

# सुषमा पर गोली चलाने का आरोपी रिजवान गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी की पार्टी हम के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता दानिश रिजवान को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। रिजवान को बिहार पुलिस की मदद से झारखंड की पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। रिजवान पर रांची की चर्चित महिला सुषमा बड़ाइक पर गोली चलाने का आरोप है। दानिश वर्तमान में पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव है। रांची स्थित अरगोड़ा थाना क्षेत्र के सहजानंद चौक के समीप पिछले महीने चर्चित महिला सुषमा बड़ाइक को गोली मारी गयी थी। हम पार्टी के पूर्व प्रवक्ता दानिश रिजवान गुरुवार को एक केस की तारीख को लेकर आरा सिविल कोर्ट में गये थे। कोर्ट से बाहर निकलते ही पुलिस ने दानिश को धर दबोचा।

---

## मीन राशि 2023 वार्षिक राशिफल

# व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में होगा विकास

**नया साल 2023 का आगाज हो चुका है। नया साल 2023 सभी के लिए नयी उम्मीदें, नये सपने, नया लक्ष्य और चुनौतियों से रूबरू होने का साल होगा। नया साल 2023 सभी के जीवन में ढेर सारी उम्मीदें लेकर आने वाला वर्ष होगा। सभी यह सोचते हैं कि बीते साल जो हमारे काम अधूरे रह गये हैं, वे आने वाले नये साल में जरूर पूरे हों। नये साल पर करियर में एक नया मुकाम हासिल हो, जीवन में पैसे से संबंधित सभी तरह की बाधाएं आने वाले साल में न रहें और अपनों का प्यार नये साल में मिलता रहे ऐसी उम्मीदें रखते हैं। हम सभी लोगों के मन में आने वाले नये साल में नौकरी, बिजनेस, धन-दौलत, ऐशोआराम, शिक्षा, प्यार और सेहत कैसा रहेगा, इस बात को जानने की उत्सुकता हमेशा रहती है। इन सभी सवालों के जवाब को जानने के लिए ज्योतिष शास्त्र के माध्यम से वार्षिक राशिफल की मदद ली जाती है। वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर ज्योतिषाचार्य डॉ एनके बेरा हमें बता रहे हैं कि सभी 12 राशियों के लिए नया वर्ष 2023 कैसा रहने वाला होगा**


ज्योतिषाचार्य डॉ एनके बेरा

इस वर्ष 2023 में आप अपने खूबियों की वजह से काफी लोकप्रिय रहेंगे। साथ ही अधिक साहस व सक्रियता का प्रदर्शन कर पायेंगे। आपके व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में काफी वृद्धि और विकास होने की संभावना।

आपकी राशि मीन कालचक्र की बारहवीं राशि है.यह राशि जलतत्व, सत्त्वगुण,द्विस्वभाव एवं गुरु ग्रह से प्रभावित होती है। आपकी राशि का प्रतीक चित्र जल क्रीड़ा से व्यस्त दो मछलियां है, जो कृपा, करूणा एवं मोक्ष की परिचायक हैं।

### ज्योतिषात्मक परिचय

मीन राशि को राशि चक्र में 231 से 360 अंश तक का राशि क्षेत्र प्राप्त है। यह राशि पूवार्भाद्रपद नक्षत्र का 1 चरण (दी),उत्तराभाद्रपद के 4 चरण (दु,थ,झ,त्र) एवं रेवती नक्षत्र के 4 चरण (दे,दो,चा,ची) से मिलकर बनी है।

इस राशि में बुध 15 अंश तक नीच एवं शुक्र 27 अंश तक उच्च का रहता है। गुरु इसमें स्वराशि का रहता है। केतु भी स्वराशि का रहता है। इसमें कोई भी ग्रह मूल त्रिकोण में नहीं होता है। भारतीय मतानुसार 14 मार्च से 13 अप्रैल तक सूर्य मीन राशि में रहती है। सूर्य मत से राशि निर्धारण करने वाले इस अवधि में उत्पन्न जातक की राशि मीन मानते हैं।

### आपका स्वभाव एवं व्यक्तित्व

**आप पुरुष हैं तो-**

आप संकोची,परिश्रमी एवं ईमानदार हैं। आप अपने स्वजन, कुटुंबियों से दूर रहने का प्रयास करते हैं। आप ईश्वर पर आस्था रखने वाले, परोपकारी और प्रेरक होते हैं। आपको राज्य से प्रतिष्ठा,स्त्रियों द्वारा सम्मान और समाज द्वारा पूजे जाते हैं। आप दूसरों के लिए प्रेरणा-स्त्रोत हैं और आपका लक्ष्य आत्मिक खोज एवं मोक्ष का रहता है।

**आप स्त्री हैं तो-**

आप आदर्श पत्नी, आदर्श मां एवं श्रेष्ठ मित्र साबित होती हैं। प्रत्येक कार्य को निपुणता से करना आपका स्वभाव है. आप अपनी बुद्धिमत्ता, आत्मविश्लेषण की प्रवृत्ति एवं कर्मठता के बल पर सुखद जीवन व्यतीत करती हैं। आपमें अर्थ संचय की भावना प्रबल होती है। सीमा और मर्यादा के अन्दर अवसरानुकूल अपने विचार प्रकट करती है। संगीत प्रेमी, सदैव स्वतंत्रता चाहनेवाली और परमार्थ के लिए जीती हैं।

**आप में गुण हैं-**

1. समय का सदुपयोग करना जानते हैं।
2. बिना सोचे-समझे कोई कार्य नहीं करते। धैर्य आपकी उन्नति में सहायक है।
3. साहस और निडरता होते हुए भी अनुशासन नहीं तोड़ते।
4. आप प्रत्येक विषय को उसके गहन रूप में जानना चाहते हैं और इसी प्रयास में कुछ नया पा लेते हैं।
5. धर्म-कर्म में विशेष रूचि रखते हैं, परोपकारी, दूसरों की सेवा करने में तत्पर रहते हैं।




**आपके जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष**

आपका भाग्योदय 16वें वर्ष में होगा या हुआ होगा। आपके लिए 16, 22, 24, 28वां वर्ष विशेष उन्नतिकारक एवं भाग्यवर्धक है। इस वर्ष 2023 की निम्नलिखित अवधियां उन्नतिकारक है-

-14 जनवरी से 13 फरवरी तक का समय।

-13 मई से 14 जून तक का समय।

-17 अगस्त से 16 सितंबर तक का समय।

-15 दिसंबर से 13 जनवरी तक का समय।

### आपका प्रेम एवं वैवाहिक जीवन

आपको प्रेम रहित जीवन अधूरा लगता है। आप रोमांटिक, ओपोजिट सेक्स के प्रति भावुक तथा स्वतंत्र स्वभाव के होते हैं। प्रेम एवं विवाह के विषय में पूर्णतः आदर्शवादी, व्यक्तिवादी हैं। इस वर्ष 2023 में मनोनुकूल विवाह होने की योग है। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। आपका कर्क, वृश्चिक, वृष, कन्या, मकर, मिथुन, तुला एवं कुंभ राशि वालों से प्रेम वैवाहिक जीवन सदा सुखमय एवं सफल बन पड़ता है। मेष, सिंह एवं धनु राशि वालों से सदैव विरोध, प्रतिकूलता की स्थिति रहती है।

### आपका शिक्षा-करियर-व्यवसाय-

इस वर्ष 2023 में शिक्षा के क्षेत्र में कुछ गतिरोध आने की संभावना है। अध्ययन-मनन में विशेष मनोयोग की आवश्यकता है। करियर की दृष्टि से यह वर्ष उत्तम है। बोरोजगारों को नौकरी मिलेगी। नौकरी करने वाले प्रयास करें तो नौकरी में परिवर्तन के लिए सफलता मिलेगी। व्यवसाय से जुड़े लोगों को उन्नति होगी।

आप महत्वाकांक्षी, उच्च स्तर के कार्य करने वाले, शुद्ध विचार शक्ति से युक्त एवं सत्यवादी होते हैं। अध्यापक, शिक्षक, समाज सुधारक, लेखक, नेता, उपदेशक, कैमिकल, औषधि निर्माण एवं विक्रय, चिकित्सक, पुस्तक व्यवसायी, संचार विभाग, जल विभा, परिवहन विभाग, एकाउंटेंट, संवाददाता, सम्पादक, पत्रकार, कलाकार, प्रकाशक आदि कार्यों में किसी एक को चयन कर आप इस वर्ष विशेष सफल रहेंगे।

**फाइनेंस-**

यह वर्ष 2023 आपके लिए आर्थिक स्थिति में सुधार का होगा। चल-अचल संपति में सुधार होगा। प्रॉपर्टी की खरीद सोच-समझकर करें। नौकरी करने वालों का पदोन्नति होने की संभावना। पैतृक सम्पत्ति का लाभ मिलेगा। आमदनी के स्त्रोत बढ़ेंगे, जिससे आर्थिक स्थिति सुदृढ होगी।

**हेल्थ-**

इस वर्ष 2023 में आपका स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। मानसिक प्रशन्नता बना रहेगा। मौसमी बीमारी तथा वायु-विकार से ग्रस्त हो सकते है। कुल मिला कर यह साल स्वास्थ्य की दृष्टि से सकारात्मक रहेगा।

### ऐसे मिलेगी सफलता

**1.एस्ट्रो टिप्स-**

इस वर्ष 2023 में आपको मानसिक अस्थिरता,उतावलेपन एवं अति भावुकता से बचना चाहिए। सोच-समझ कर,बिना सूक्ष्म विश्लेषण किए कोई निर्णय न लेंष आपकी शंकालू प्रवृत्ति हानि का कारण बन सकता है। आपके लिए गुरुवार, रविवार, सोमवार एवं मंगलवार शुभ दिन है। पॉकेट में पीला रूमाल रखें। सफेद, पीला, लाल रंग शुभ है। गुरुवार का व्रत एवं मां दुर्गा की उपासना सदैव लाभकारी है।

**2.वास्तु टिप्स-**

घर में सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह के लिए स्फटिक के श्रीयंत्र पूजा स्थान पर स्थापना करें। रूद्राक्ष की माला धारण करें।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 21.0 °c | 10.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.17 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.32 बजे |



## धरमपुर, पतना, साहिबगंज में सीएम ने की सरकारी योजनाओं की बौछार

# हेमंत सोरेन ने 61.25 करोड़ की योजनाओं का किया शिलान्यास

### सेविका-सहायिकाओं को सौंपा नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**धरमपुर, पतना, साहिबगंज।** ग्रामीणों की सामाजिक- आर्थिक-शैक्षणिक और बौद्धिक क्षमता में बढ़ोतरी सरकार का संकल्प है। इसी मकसद से कई कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं। जिनके लिए ये योजनाएं हैं, उनके दरवाजे तक यह पहुंचे, इसी लक्ष्य के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को धरमपुर, पतना, साहिबगंज में परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा कि अब योजनाएं कागजों-फाइलों में सिमटी नहीं रहेगी। योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन पर सरकार की पूरी नजर है, ताकि हर जरूरतमंद और गरीब को इसका लाभ मिल सके।

**हजारों शिविर लगे, लाखों को मिला लाभ, फिर लगेंगे शिविर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पूरे राज्य में हजारों शिविर लगाए गए। इन शिविरों के माध्यम से लाखों लोगों की समस्याओं का समाधान करने के साथ योजनाओं से जोड़ा गया। अब फिर से शिविर लगाए जाएंगे, ताकि जो भी वंचित हैं, उन्हें उनका हक और अधिकार हम दे सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण परिवेश को मजबूत करने का काम सरकार कर रही है।

**ग्रामीण क्षेत्रों को पिछड़ापन के अभिशाप से मुक्ति दिलाने का संकल्प :** मुख्यमंत्री ने कहा कि तमाम चुनौतियों के बीच ग्रामीण क्षेत्रों को पिछड़ापन के अभिशाप से मुक्ति दिलाने का संकल्प सरकार ने ले रखा है । उन्होंने चिंता जताते हुए कहा की हम एक तरफ चांद पर जाने की बात कर रहे हैं, तो दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी, पिछड़ापन, बेरोजगारी और कुपोषण जैसी कई समस्याएं व्याप्त है। अलग राज्य बने 22 वर्ष हो चुके हैं। लेकिन, ग्रामीण इलाके आज भी विकास से अछूते हैं। गांव और ग्रामीणों की दशा पर ना तो सरकार की नजरें गई और न ही उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए कोई सार्थक प्रयास हुआ। लेकिन, हमारी सरकार पिछले 3 वर्षों में ग्रामीण व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है । इस दिशा में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार समेत सभी क्षेत्रों के लिए तमाम योजनाएं शुरू की गई है। वहीं, सर्वजन पेंशन योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से लोगों को आर्थिक सुरक्षा कवच देने का काम हो रहा है।




**ग्रामीणों को आर्थिक रूप से बना रहे स्वावलंबी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सक्षम और स्वावलंबी बनाने की दिशा में सरकार प्रयासरत है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना और मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना जैसी तमाम योजनाएं शुरू की गई हैं । आप इन योजनाओं से जुड़े और दूसरों को जोड़ने के लिए भी जागरूक करें। इससे आप आत्मनिर्भर बनेंगे और ग्रामीण क्षेत्र भी मजबूत होगा।

**किसानों को खेतों से जोड़ने का संकल्प :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जो कृषि के लिए नीति निर्धारण हो रहा है, उसका नतीजा है कि किसान खेती-बाड़ी छोड़कर मजदूरी करने को मजबूर है। अगर किसान फसल नहीं उगाएगा तो जीविका कैसे चलेगी । ऐसे में किसानों की समस्याओं का समाधान और उनके हित में योजनाओं को बनाने की दिशा में हमारी सरकार काम कर रही है। हमारी सरकार का संकल्प किसानों को खेतों से जोड़ना है।

**श्रमिकों का पलायन रोकना है :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की कोशिश है कि गांव में ही लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएं ताकि उनका पलायन नहीं हो। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के लिए सरकार ने कई योजनाएं बनाई हैं। आप इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए श्रम विभाग के पोर्टल पर अपना निबंधन जरूर कराएं। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को उनके स्किल के अनुरूप कार्य उपलब्ध कराई जा रहा है। इसके अलावा श्रमिकों के लिए पेंशन, उनके बच्चों के पढ़ाई लिखाई के लिए छात्रवृत्ति योजना का भी प्रावधान है। इसके अलावा अगर दुर्घटना में श्रमिक की मृत्यु हो जाती है तो उसके आश्रित को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता भी देने देने की व्यवस्था है।

**पढ़ाई न छोड़ें, सारा खर्च सरकार उठाएगी :** मुख्यमंत्री ने समारोह में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से आच्छादित बच्चियों से कहा कि आप पढ़ाई जरूर करें। किसी भी परिस्थिति में पढ़ाई कभी ना छोड़े। आपकी पढ़ाई के लिए कई योजनाएं शुरू की गयी हैं। अगर आप आइएएस, जेपीएससी, बैंकिंग या अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए कोचिंग करते हैं तो उसका खर्च सरकार देगी। इतना ही नहीं, मेडिकल, इंजीनियरिंग, लॉ जैसे कोर्स की पढ़ाई में जो भी खर्च होगा, उसे भी सरकार उठायेगी। इसके साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए सरकार ने 15 लाख तक की राशि उपलब्ध कराने का प्रावधान किया है। इतना ही नहीं, जो लोग स्वरोजगार करना चाहते हैं उनके लिए भी सरकार ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत आर्थिक सहायता देने की योजना चला रही है।

**गांवों में दवाओं की नहीं होगी किल्लत :** मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में दवाओं की किल्लत नहीं हो, इसकी व्यवस्था सरकार जल्द करने जा रही है । अब हर गांव में जेनेरिक दवाएं की व्यवस्था होगी। इसके लिए गांव के ही पढ़े-लिखे नौजवानों को दवा दुकान खोलने की इजाजत दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव में जरूरी दवाओं की उपलब्धता करने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है, ताकि इमरजेंसी में किसी बीमार को दवा का अभाव नहीं हो।

मुख्यमंत्री ने यूनिवर्सल पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, सोना -सोबरन धोती साड़ी योजना और सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना जैसी कई योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। उन्होंने जेएसएलपीएस की सखी मंडलों को चेक प्रदान किया। सेविका और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र और ग्राम प्रधानों को प्रधानी पट्टा सौंपा। वहीं, आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे-बच्चियों को स्वेटर और गरीबों-जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लगभग 61 करोड़ 25 लाख रुपये की योजनाओं का शिलान्यास किया। इस मौके पर राजमहल सांसद विजय हांसदा और जिले के उपायुक्त आरएन यादव और पुलिस अधीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | रोग-शोक-दु:श्चिंताओं से छुटकारा। जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान। |
| वृष | लोकप्रियता का विस्तार। अधूरा कार्य पूरा होगा। धन लाभ। विरोधियों पर विजय मिलेगी। |
| मिथुन | विरोधियों का षड़यंत्र विफल होगा। माता पिता का सहयोग रहेगा। मन प्रसन्न रहेगा। |
| कर्क | भौतिक सुख-सुविधा मिलेगी। पारिवारिक वातावरण सुखमय। मनोकामनाएं पूरी होंगी। |
| सिंह | बिगड़ा काम बनेगा। व्यवसाय में आशातीत लाभ। सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे। |
| कन्या | नयी आशाओं का उदय होगा। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। |
| तुला | सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे। आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे। |
| वृश्चिक | बिजनेस में शुभ परिवर्तन। आर्थिक लाभ। सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा। |
| धनु | कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा। योजना को साकार करने में साथ मिलेगा। |
| मकर | साहसिक कार्य में सफलता। पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि। विरोधियों पर विजय। |
| कुंभ | आमदनी में वृद्धि होगी। घर में सुख-शांति का वातावरण। मनोकामनाएं पूरी होंगी। |
| मीन | कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा। |

## रांची में जैप-वन ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

# जैप वन का इतिहास बहुत ही गौरवशाली है : एडीजी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के डोरंडा में झारखंड सशस्त्र पुलिस बल (जैप-वन) का 143वां स्थापना दिवस गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। जैप ग्राउंड में शहीद बेदी पर श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। मुख्य अतिथि एडीजी प्रशांत सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने भव्य परेड का निरीक्षण करते हुए सलामी ली। इस दौरान जैप वन ग्राउंड पर जवानों और बैंड पार्टी ने आकर्षक परेड पेश किया। बैड डिस्पले ने वहां उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह को संबोधित करते हुए एडीजी ने कहा कि जैप वन का इतिहास बहुत ही गौरवशाली है। बटालियन के वीर जवानों ने हमेशा अपनी शहादत देखकर जैप- वन का नाम रोशन किया है। बटालियन की मजबूती के लिए कई तरह की कार्य योजना तैयार की गई है, जिस पर जल्द ही अमल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अनुशासन और जुनून देखना है तो गोरखा वाहिनी को देखने की जरूरत है। दूसरी ओर परिसर में ही आनंद मेले का भी आयोजन किया गया। मेले में 84 स्टॉल लगाये गये। आनंद मेला में प्राइड ऑफ गोरखा स्टॉल लगाया गया है। इसमें गोरखा समाज की उपलब्धि, उनकी संस्कृति को दर्शाया गया है। मौके पर कई अधिकारी मौजूद थे।बता दें कि जनवरी 1880 में अंग्रेजों के शासनकाल में इस वाहिनी की स्थापना न्यू रिजर्व फोर्स के नाम से हुई थी। वर्ष 1892 में इस वाहिनी को बंगाल मिलिट्री पुलिस का नाम दिया गया। साल 1905 में इस वाहिनी का नाम बदलकर गोरखा मिलिट्री रखा गया।देश में स्वतंत्रता के बाद वर्ष 1948 में इस वाहिनी का नाम बदलकर प्रथम वाहिनी बिहार सैनिक पुलिस रखा गया था। साल 2000 में झारखंड अलग गठन बाद इस वाहिनी का नाम झारखंड सशस्त्र पुलिस वन (जैप वन) रखा गया।

# झारखंड में 5.40 लाख मतदाताओं की हुई वृद्धि

## पुरुष मतदाताओं की संख्या में 1.92 प्रतिशत, महिला मतदाताओं की संख्या में 2.60 प्रतिशत की वृद्धि हुई

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड प्रदेश में मतदाताओं की संख्या में 2.25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। चुनाव आयोग के निर्देश पर राज्य में पिछले वर्ष चार अगस्त से सात नवंबर तक मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हुआ, जिसमें मतदाताओं की संख्या में 5,40,360 की वृद्धि हुई है। आयोग ने गुरुवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण में पुरुष मतदाताओं की संख्या में 1.92 प्रतिशत, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या में 2.60 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस तरह, मतदाता सूची का लिंगानुपात बढ़कर 946 हो गया जो जनसंख्या के लिंगानुपात से 947 से महज एक अंक पीछे है। पुनरीक्षण से पूर्व यह अनुपात 939 ही था।

**नयी सूची में 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं में 156 प्रतिशत की वृद्धि :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के अनुसार 18-19 आयु वर्ग के युवा मतदाताओं का निबंधन मतदाता सूची में करना महत्वपूर्ण होता है। वर्तमान पुनरीक्षण में इस आयु वर्ग के 4,33,774 नए मतदाता पंजीकृत किये गये। इस तरह, इस आयु वर्ग के मतदाताओं में 156 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि इस आयु वर्ग के कई मतदाता अभी भी पंजीकृत नहीं हो सके हैं। उनके अनुसार, मतदाता सूची पुनरीक्षण के पूर्व राज्य में मतदाता जनसंख्या अनुपात 57.85 था जो अब बढ़कर 59.15 हो गया है।

**67.79 प्रतिशत मतदाताओं के नाम आधार से जुड़े :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के अनुसार, राज्य में अबतक आधार प्रमाणीकरण हेतु 1,66,29,226 मतदाताओं का आधार संख्या प्राप्त हुआ है। यह कुल मतदाताओं का 67.79 प्रतिशत है। उनके अनुसार, 79,00,615 मतदाताओं का आधार नंबर अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि कई मतदाता आधार देने से परहेज कर रहे हैं, जबकि इससे कोई नुकसान नहीं है।

**पुनरीक्षण के पूर्व मतदाता-पुनरीक्षण के बाद मतदाता**

| | पुनरीक्षण के पूर्व | पुनरीक्षण के बाद |
|---|---|---|
| कुल मतदाता | 2,39,89,481 | 2,45,29,841 |
| पुरुष मतदाता | 1,23,70,420 | 1,26,08,292 |
| महिला मतदाता | 1,16,18,775 | 1,19,21,181 |
| थर्ड जेंडर मतदाता | 286 | 368 |
| 18-19 वर्ष के मतदाता | 1,69,018 | 4,33,774 |

## मार्च - अप्रैल महीने में हो सकता है रामगढ़ उपचुनाव, निर्वाचन आयोग ने दिये संकेत

**रांची (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ में जल्द ही उपचुनाव हो सकता है। इसके लिए निर्वाचन आयोग अपनी तैयारियों में जुट गया है। झारखंड निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मार्च-अप्रैल माह में रामगढ़ विधानसभा का उपचुनाव हो सकता है। निर्वाचन आयुक्त के रवि कुमार ने गुरुवार को आयोग कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए कहा कि आयोग 6 जनवरी यानि कल चुनावी तैयारियों को दुरुस्त करने को रामगढ़ जा सकता है। आयोग रामगढ़ उपचुनाव के लिए अपनी तैयारियों में लग चुका है। सब ठीक रहा तो दो महीने में रामगढ़ में चुनाव संपन्न करा लिए जाएंगे। इस दौरान निर्वाचन आयोग के कई पदाधिकारी भी उपस्थित थे। निर्वाचन सूची के पुनिरीक्षण को लेकर जानकारी देते हुए निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 540360 नए मतदाता जुड़े हैं।

## मुख्य सचिव को हाइकोर्ट से राहत, डबल बेंच ने अवमानना नोटिस पर लगायी रोक

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट की डबल बेंच ने जस्टिस केपी देव की कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें उन्होंने मुख्य सचिव को अवमानना का नोटिस जारी किया था। हाइकोर्ट के सिंगल बेंच ने 21 सितंबर 2022 को मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी किया था। इस आदेश पर हाइकोर्ट की डबल बेंच ने रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने रिट याचिका की सुनवाई डिवीजन बेंच में करने का निर्णय लिया है। अब अदालत इस मामले में 23 जनवरी को सुनवाई करेगी। सिंगल बेंच के आदेश के खिलाफ सरकार की ओर से एलपीए दाखिल की गयी थी। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत में पक्ष रखा।

## पूर्व एमएलए निर्मला देवी को हाइकोर्ट से मिली जमानत

**रांची (आजाद सिपाही)।** पूर्व विधायक निर्मला देवी को झारखंड हाइकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। झारखंड हाइकोर्ट ने उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें जमानत दे दी है। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय और जस्टिस अंबुज नाथ की कोर्ट में निर्मला देवी की याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने उन्हें निचली अदालत में बेल बांड भरने के बाद रिहा करने का निर्देश दिया है। बता दें कि निर्मला देवी के खिलाफ एमपी-एमएलए की कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनायी है। वह बड़कागांव एनटीपीसी आंदोलन में हुई गोलीबारी में सजायाफ्ता हैं। इस मामले में रांची एमपी एमएलए की कोर्ट ने उन्हें 10 वर्ष की सजा सुनायी है।

## हाइकोर्ट में शराब कारोबारी नरेश सिंधिया की जमानत याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** शराब कारोबारी नरेश सिंघानिया उर्फ नरेश सिंधिया की जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। नरेश सिंधिया की ओर से हाइकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, अर्पण मिश्रा और विभास सिन्हा ने पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता ने कोर्ट से समय देने की अपील की, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। अब नरेश सिंधिया की जमानत पर अगले सप्ताह सुनवाई होगी। यहां बता दें कि वर्ष 2017 में रांची के अलग-अलग इलाकों में जहरीली शराब पीने से 22 लोगों की मौत हो गटी थी। मृतकों में जैप के दो जवान भी शामिल थे। मामला काफी हाइ प्रोफाइल हुआ था। घटना के बाद से पुलिस ने लगातार छापेमारी भी की थी। शहर के कई इलाकों से जहरीली शराब की खेप भी पकड़ी गयी थी, लेकिन सबसे आश्चर्य की बात यह थी कि घटना के चार साल बाद 2021 में रांची पुलिस ने सिंधिया को गिरफ्तार किया था।

# परमहंस योगानंदजी के जन्मोत्सव पर योगदा आश्रम में भंडारा, 10 हजार लोगों ने भाग लिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जगद्गुरु श्रीश्री परमहंस योगानंद की 130वीं जयंती पर योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया (वाइएसएस) के रांची स्थित आश्रम में गुरुवार को दिनभर का समारोह आयोजित किया गया। समारोह प्रातः विशेष सामूहिक ध्यान के साथ आरंभ हुआ, तत्पश्चात आश्रम परिसर में स्थित शिव मंदिर में गुरु पूजा हुई। भक्तों के साथ-साथ रांची शहर और आसपास के गांवों के लोगों के लिए इस दिन का मुख्य आकर्षण भंडारा था। इस वर्ष लगभग 10 हजार लोगों को भंडारा प्रसाद परोसा गया। शाम को ध्यान के साथ समारोह का समापन हुआ। परमहंस योगानंदजी द्वारा स्थापित यह आध्यात्मिक संस्था हर साल ध्यान, कीर्तन और भंडारे के साथ उनके जन्मोत्सव को मनाती है। पिछले ढाई वर्षों की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के कारण यह भंडारा पांच जनवरी को आयोजित नहीं किया जा सका था। लेकिन इस वर्ष इसने स्थानीय लोगों और अन्य आगंतुकों को अत्यंत आकर्षित किया और जिन्हें भी मौखिक रूप से इसके बारे में पता चला, उन सभी ने बड़े पैमाने पर भाग लिया। लगभग दोपहर 12 बजे से आश्रम के गेट पर लंबी कतारें लगनी शुरू हो गयीं और आश्रम के विशाल मैदान में वाइएसएस के सैकड़ों भक्तों ने मेहमानों को खिचड़ी, चटनी और लड्डू का प्रसाद परोसा। यह दोपहर बाद तक चलता रहा और लगभग 10 हजार लोगों को इस भंडारे के माध्यम से गुरु प्रसाद परोसा गया। इससे पहले चार जनवरी को गुरुदेव के सम्मान में आश्रम ने सेवा गतिविधियां भी आयोजित की। रांची में कुष्ठ कॉलोनियों में गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन और कंबल वितरित किये गये।

बता दें कि परमहंस योगानंदजी ने 1917 में वाइएसएस की स्थापना भारत और पड़ोसी देशों में क्रिया योग नामक एक पवित्र आध्यात्मिक विज्ञान, जिसका उद्भव सहस्राब्दियों पूर्व भारत में हुआ था, की सार्वभौमिक शिक्षाओं को उपलब्ध कराने हेतु की थी।

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.17-SBP-TRD-OT-2022-23, दिनांक: 03.01.2023

कार्य का नाम: सम्बलपुर मण्डल में बॉन्डिंग (Bonding) कार्य।

अनुमानित लागत (रुपये में): 11,66,072.07, EMD (रुपये में) : 23,300/-, पूरा होने की अवधि: 12 महीने।

निविदा बंद होने की तिथि व समय: दिनांक 25.01.2023 को 1530 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही ये सभी फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं। निर्देशानुसार ई-टेण्डरिंग में भाग लेते समय सभी प्रासंगिक पेपर अवश्य अपलोड होना चाहिए।

द्रष्टव्य: प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRD), सम्बलपुर

PR-881/N/22-23

**पूर्व मध्य रेल**

खुली ई-निविदा सूचना

विद्युत/क.वि. विभाग के लिये खुली निविदायें

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा संख्या: TRD/OT/16/ RNoPlate/ 2022-23

1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि: Replacement of Enameled number plate with Retro Reflective Number plate in Dhanbad Division. कार्य समापन की अवधि–(12) बारह माह 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि: रुपया 1,51,80,707.15 निविदा प्रपत्र का मूल्य–शून्य 3. बीड सिक्युरिटि: 2,26,000.00 4. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय: ई–निविदा बंद होने की तिथि 25.01.2023 को 11:00 बजे, ई–निविदा खुलने की तिथि 25.01.2023 को 11:30 बजे 5. वेबसाइट का विवरण: वेबसाइट: www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक/क.वि./पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/01832/डीएचएन/ईडीआरडी/टी/22–23/32






# पीएलएफआइ का एरिया कमांडर समेत चार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो थाना पुलिस ने एक व्यवसायी से पीएलएफआइ के नाम पर दस लाख रुपये मांगने के मामले में पीएलएफआइ का एरिया कमांडर प्रेम प्रकाश बारला उर्फ शम्मी सहित चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादियों में करमदेव तिर्की, विजय गोप और संजय कुमार शामिल हैं। इनके पास से एक देशी कट्टा, पांच गोली, तीन मोबाइल, एक बाइक, लेवी का एक लाख रुपये नकद, पीएलएफआइ का लेटर पैड बरामद किया गया है।

एसएसपी किशोर कौशल ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि 19 दिसम्बर को एक व्यवसायी ने थाने में शिकायत की थी कि दस लाख का लेवी पीएलएफआइ के लेटर पैड के जरिये मांगी जा रही है। सूचना के बाद ग्रामीण एसपी नौशाद आलम की देखरेख पर डीएसपी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने सभी को गिरफ्तार किया।

एसएसपी ने बताया कि एरिया कमांडर प्रेम प्रकाश बारला उर्फ शम्मी के खिलाफ रांची-खूंटी के अलग-अलग थानों में 25 मामले दर्ज हैं। जबकि विजय गोप खूंटी और नगड़ी में तीन मामले दर्ज हैं।

## शिक्षकों के लिए गाइडलाइन जारी

# अब मोबाइल लेकर नहीं पढ़ा सकेंगे सरकारी टीचर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड शिक्षा विभाग के एक निर्णय में ये फैसला लिया गया कि बच्चों की पढ़ाई बाधित ना हो इसके लिए जरुरी है कि शिक्षक मोबाइल से दूर रहे। बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता और विकास को लेकर गुरुवार को झारखंड शिक्षा क्षेत्र के पदाधिकारियों की एक बैठक हुई। इस बैठक में सरकारी स्कूलों की दशा और दिशा सुधारने पर भी चर्चा हुई है। इसके बाद सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया की बच्चों की शिक्षा और गुणवत्ता को देखते हुए शिक्षकों को कक्षा में फोन लेकर जाना प्रतिबंधित रहेगा।

इस निर्णय के बाद झारखंड के सरकारी स्कूलों में पढ़ानेवाले शिक्षक अब क्लास में मोबाइल ले कर नहीं जा सकेंगे। शिक्षकों के कार्यालयी समय में मोबाइल का उपयोग वर्जित रहेगा।

बता दें इस संदर्भ में झारखंड के शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार ने गाइडलाइन जारी की है। जिसके अनुसार अब शिक्षकों को कक्षा में जाने से पूर्व अपने मोबाइल फोन को विद्यालय के प्रधानाध्यापक के पास या लॉकर में जमा करना होगा। राज्य के कई जिलों में सरकारी स्कूलों में देखा जा रहा था कि कक्षा में बच्चों को समय देने के बजाय शिक्षक अपने मोबाइल फोन पर ज्यादा व्यस्त रहते हैं।

वहीं, अब देखना होगा कि इस नये प्रयोग से झारखंड के सरकारी स्कूलों में होने वाले पठन-पाठन पर कितना असर पड़ता है। बता दें कक्षा में मोबाइल फोन न रखने का यह निर्णय राज्य के प्रखंड शिक्षा प्रसार और शिक्षा क्षेत्र के पदाधिकारियों के साथ बैठक में लिया गया है।

इसके साथ ही शिक्षा सचिव ने सरकारी स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षकों को गंभीरतापूर्वक अपने कार्य को करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही झारखंड के सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों और पारा शिक्षकों को जनवरी से बायोमेट्रिक हाजिरी लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। बायोमेट्रिक हाजिरी के आधार पर ही उनका वेतन और मानदेय का भुगतान होगा।

अगर शिक्षक बायोमेट्रिक से हाजिरी नहीं बनाएंगे तो उन्हें अनुपस्थित माना जाएगा। इसके साथ ही शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव रवि कुमार द्वारा झारखंड के सभी स्कूलों को यह निर्देश दिया गया है कि 20 मार्च, 2023 तक तीसरी कक्षा के सभी बच्चों को हर हाल में पढ़ना आना चाहिए।

सरकारी स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके विद्यालय में कक्षा 3 में पढ़ने वाले बच्चे रीडिंग में पूरी तरह सक्षम है। इसके लिए नियमित तौर पर स्कूलों की मॉनिटरिंग भी की जाएगी।

इस आदेश के बाद अब शिक्षक मोबाइल फोन के प्रयोग को लेकर काफी संशय में हैं। कक्षा में फोन का इस्तेमाल न हो, इसकी वह पूरी कोशिश में रहेंगे।

# आज से श्रीमद्भागवत कृष्ण कथा की अमृत वर्षा करेंगे सदानंदजी महाराज

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति के तत्वाधान में छह से नौ जनवरी तक स्वामी सदानंद महाराज श्रीमद् भागवत कृष्ण कथा का रसपान करायेंगे। शिवगंज हरमू रोड स्थित सत्संग भवन में अपराहन तीन बजे से छह बजे तक सदानंद महाराज एवं गीता ज्ञान बितक वाणी चर्चा रविकांत शास्त्री भजन गायक एवं लेखक पवन तिवारी एवं विनय द्वारा प्रवचन एवं भजनों की अमृत गंगा बहायी जायेगी।

श्रीमद्भागवत कृष्ण कथा में व्यासपीठ एवं कथावाचक स्वामी सदानंद महाराज के चंदन वंदन एवं पूजन का कार्य सुनीता राजू अग्रवाल एवं उनके परिवार को दिया गया है। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में बसंत गौतम अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल,सचिव मनोज चौधरी, शिव भगवान अग्रवाल प्रभात गोयल, निर्मल जालान, नंद किशोर चौधरी, सज्जन पाडिया,प्रमोद सारस्वत, राजू अग्रवाल, विष्णु सोनी ओम प्रकाश सरावगी, चिरंजी लाल खंडेलवाल, सुरेश भगत, रमेंद्र पांडेय, आलोक सिंह, धीरज कुमार गुप्ता, महिला मंडल की विद्या देवी अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, उर्मिला पाडिया, सुनीता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, सुमन चौधरी सहित काफी संख्या में सुंदरसाथ भाई बहने सेवा कार्य में लगे हैं। यह सभी जानकारी संस्था के राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

### पिछड़ा आयोग के पूर्व अध्यक्ष के निधन पर शोक

# पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पटना हाइकोर्ट के न्यायाधीश रहे, झारखंड पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष लोकनाथ प्रसाद के निधन पर रांची के सांसद संजय सेठ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में सांसद सेठ ने कहा है कि उनके निधन बेहद दुखद है। यह समाज की अपूरणीय क्षति है। लोकनाथ जी ने अपने कार्यकाल में पिछड़े समाज के कल्याण व उत्थान के लिए जो योगदान दिया, वह अविस्मरणीय है। समाज हित में किया गया उनका कार्य हम सबके लिए प्रेरणादायी है। सांसद सेठ ने ईश्वर से पुण्यात्मा को मोक्ष प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने कहा कि ईश्वर उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी से उबरने की हिम्मत प्रदान करें।

# पंकज मिश्रा से मिलने रिम्स पहुंचे थे साहिबगंज डीएमओ विभूति कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज डीएमओ विभूति कुमार पंकज मिश्रा से मिलने रिम्स पहुंचे थे। रिम्स से मिले सीसीटीवी फुटेज में इसका खुलासा हुआ है। ईडी ने फुटेज में डीएमओ की पहचान की है। न्यायिक हिरासत में रहते पंकज मिश्रा रिम्स में इलाजरत थे। डीएमओ विभूति कुमार के अलावा साहिबगंज डीसी सहित अन्य अधिकारी भी है। रिम्स के पेइंग वार्ड के सीसीटीवी फुटेज में डीएमओ विभूति कुमार पंकज मिश्रा की पेइंग वार्ड में टहलते देखा गया है। ईडी को जांच के दौरान पता चला है कि डीएमओ विभूति कुमार पंकज मिश्रा के निर्देश पर काम करते थे। ईडी साहिबगंज डीएमओ विभूति कुमार सहित अन्य जिलों के डीएमओ के खिलाफ झारखंड सरकार से कार्रवाई का अनुरोध किया है। ईडी अवैध खनन के लिए, पंकज मिश्रा के साथ विभूति कुमार और अन्य को तलब कर सकती है। पेइंग वार्ड में भर्ती पंकज मिश्रा रिम्स में रहने के दौरान कई अधिकारी और प्रभावशाली लोगों सहित अन्य लोगों की कुल 300 फोन कॉल किये थे, पंकज मिश्र के दो सहयोगियों चंदन यादव और सूरज पंडित को पंकज मिश्रा को मोबाइल उपलब्ध कराने के आरोप में गिरफ्तार किया था। ईडी ने दावा किया कि न्यायिक हिरासत में पंकज मिश्रा ने मनी लॉन्ड्रिंग जांच में बाधा डालने की कोशिश की।

# कर्मठ शिक्षक नेता श्रीसिंह बास्के का रिम्स में निधन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के सरायकेला खरसावां जिला अध्यक्ष श्रीसिंह बास्के का गुरुवार को रांची रिम्स अस्पताल में 1. 15 बजे अंतिम सांस ली। वे पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे सुगर और किडनी की बीमारी से ग्रस्त थे। कई बार उनका डायलिसिस भी हुआ। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को 12 बजे दिन में पैतृक गांव राजनगर रोड़ा कोचा सरायकेला खरसावां में होगा। वे अपने पीछे पत्नी विजयलक्ष्मी बास्के पुत्र स्वपनेल बास्के पुत्री सागरिका बास्के को छोड़ गये हैं। संघ के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने बताया की श्रीसिंह बास्के 53 वर्षीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेरमा राजनगर सरायकेला खरसावां के शिक्षक के साथ ही अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के संघर्षशील जुझारू कर्मठ व मृदुभाषी जिला अध्यक्ष थे। उनके निधन से प्रदेश के शिक्षकों में शोक की लहर है। शोक संदेश में श्री अहमद ने कहा कि उनका कार्यकाल शिक्षक और शिक्षा जगत में उल्लेखनीय रहा, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में नहीं की जा सकती है। शोक व्यक्त करनेवालों में उतिल यादव, धीरज कुमार, सुनील कुमार, बिजेंदर चौबे, राममूर्ति ठाकुर, मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद, अनूप केशरी, असदुल्लाह, सुनील कुमार, दीपक दत्ता, राकेश कुमार, अजय ज्ञानी, अनिल कुमार, प्रभात कुमार, रविकांत रवि, संजय कुमार, प्रेम कुमार, शर्मा एरियर, संजय कांडुलना, पवन ठाकुर, राजेश कुमार, संजय कुमार, आनंद रजक, मानिक प्रसाद सिंह, अजय सिंह, एसपन सिंह, दिलीप श्रीवास्तव, मनी उरांव, सुनील दुबे, यदुनाथ टुडे, साहेब शंकर, पोलाय दुखू नायक, कृष्णा शर्मा शामिल हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# बाबूलाल के दल-बदल मामले में बहस पूरी, हाइकोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी के दल-बदल से जुड़े मामले में झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। बाबूलाल मरांडी की ओर से वरीय अधिवक्ता बीपी सिंह, अभय मिश्रा और विनोद साहू ने पक्ष रखा। विधानसभा की तरफ से अधिवक्ता अनिल कुमार और दीपिका पांडे की तरफ से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया ने बहस की।

# 'द ब्लैक बोर्ड, में स्कॉलरशिप टेस्ट बी-सेट के पोस्टर का लोकार्पण



रांची (आजाद सिपाही)। डंगरा टोली स्थित कोचिंग संस्थान 'द ब्लैकबोर्ड, में स्कॉलरशिप टेस्ट बी-सेट के पोस्टर का लोकार्पण संस्थान के टीचर्स द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बी-सेट के लिए रजिस्ट्रेशन गुरुवार से शुरू किया गया। इस अवसर पर निदेशक सुशांत मिश्रा ने बताया कि 11वीं से 12वीं मैं जाने वाले स्टूडेंट के लिए बी-सैट एक सुनहरा मौका है। इस टेस्ट के माध्यम से बच्चों को 100 परसेंट तक स्कॉलरशिप दिया जा रहा है। टेस्ट इंचार्ज अमरकांत सिंह ने बताया कि 15 जनवरी को टेस्ट का आयोजन किया जायेगा।

# जेपीएससी में कट ऑफ जारी होने के बाद छात्रों का विरोध



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा सातवीं-दसवीं जेपीएससी फाइनल रिजल्ट के आठ माह बाद मार्कशीट और कट ऑफ मार्क्स जारी किया गया है। इसे लेकर कई छात्रों ने सवाल उठाते हुए इसका विरोध किया है। झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के देवेंद्र नाथ महतो ने गुरुवार को मोरहाबादी स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी में प्रेस वार्ता की। कहा कि प्रथम दृष्टया इसमें गड़बड़ी की बड़ी आशंका प्रतीत होती है। इसमें भी पहली और दूसरी जेपीएससी की तरह सफल अभ्यर्थियों को भाषा पेपर में 90 प्रतिशत अंक तथा सामान्य अध्ययन के किसी न किसी विषय में 200 में 150 अंक दिये गये हैं। उन्होंने मांग की है कि संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया की सीबीआई से जांच करायी जाए। सफल घोषित सभी परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिका पब्लिक डोमेन में लाया जाए, साथ ही ओबीसी और ईडब्लूएस कैटेगरी से चयनित सभी छात्रों का आरक्षण पात्रता प्रमाण पत्र का सीरियल नंबर तथा निर्गत तिथि सार्वजनिक किया जाए।

छात्र नेता ने कहा कि पहली और दूसरी जेपीएससी परीक्षा में भी इसी तरह का मामला सामने आया था। सीबीआइ ने घोटाले को उजागर किया था, जिसे हाईकोर्ट ने सही ठहराया था। बताया कि संविधान में प्रावधान के बावजूद सरकार के निर्देश पर जेपीएससी द्वारा साजिश के तहत झारखंडियों के साथ अन्याय करते हुए आरक्षण नहीं दिया गया। दूसरी तरफ झारखंडियों को 73 प्रतिशत आरक्षण का लालच देकर मूर्ख बनाया जा रहा है। बहुत से छात्रों का गलत सर्टिफिकेट बताकर फाइनल रिजल्ट रिजेक्ट किया। यह भी बताया कि चयनित अभ्यर्थियों का किसी भाषा पेपर में 90 प्रतिशत तक अंक देना, सामान्य अध्ययन में 200 में 150 या उससे अधिक अंक देना संयोग नहीं हो सकता। कॉपी और अंक के साथ छेड़छाड़ हुआ है।

उन्होंने यह भी मांग की है कि आने वाली जेपीएससी की सभी परीक्षाओं में 5 वर्ष उम्र सीमा में छूट दी जाए। पीटी परीक्षा से आरक्षण का पालन किया जाए। पूर्व की भांति क्षेत्रीय भाषा की परीक्षा 400 अंक का लिया जाए। प्रीमियम सर्विस लागू किया जाए। परीक्षाफल के साथ ही साथ मार्कशीट तथा कट ऑफ मार्क्स जारी किया जाए। साथ ही सफल सभी परीक्षार्थियों का सभी स्तर की परीक्षा की उत्तर पुस्तिका पब्लिक डोमेन में जारी किया जाये।

# ओबीसी को नगर निकाय चुनाव में मिले आरक्षण : राजेश गुप्ता



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कमेटी सुबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को गुलदस्ता व फूल माला पहनाकर नव वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी। तथा स्वास्थ्य मंत्री से प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने राज्य में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई कर आगामी नगर निकाय चुनाव कराने की मांग की। इस मांग पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा को आश्वस्त किया की उक्त मांग को मुख्यमंत्री तक भेज कर ट्रिपल टेस्ट की कार्यवाही पूरी कराऊंगा।

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई पूरी करने के लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के तत्वाधान में किए गए आंदोलन की लंबी फेहरिस्त से अवगत कराया।

स्वास्थ्य मंत्री को नववर्ष की शुभकामना और ट्रिपल टेस्ट कार्रवाई मांग करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष सुबेदार एसएन सिंह कुशवाहा उमेश जायसवाल वरिष्ठ कार्यकर्ता वीरेंद्र साहू प्रदेश महासचिव अजय मेहता प्रदेश सचिव शत्रुघ्न राय ग्रामीण जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू अध्यक्ष प्रभारी संतोष शर्मा अभय प्रसाद खुशियाल साहू शेख इंतजाम अली शेख शमीमा अली राम लखन साहू का नाम शामिल है।

# जस्टिस लोकनाथ प्रसाद के निधन पर शोक व्यक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय से सेवानिवृत्त एवं राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष न्यायमूर्ति लोकनाथ प्रसाद के निधन पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा शोक व्यक्त करता है और उनके परिजनों को दुख सहने शक्ति की कामना करता है।

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि न्यायमूर्ति लोकनाथ प्रसाद पिछड़ा वर्ग के हितों के लिए लगातार सक्रिय रहते थे। जिसका परिणाम है कि उन्होंने झारखंड राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग को 36% से 50% तक आरक्षण देने की ऐतिहासिक अनुशंसा सरकार से की थी। उनके निधन से पिछड़ा वर्ग को बहुत बड़ा धक्का लगा है। यह पिछड़ा वर्ग के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक व्यक्त करने वालों में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के अलावे वरिष्ठ समाजसेवी वीरेंद्र साहू प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश जयसवाल सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा प्रदेश सचिव शत्रुघ्न राय कार्यालय प्रभारी अभय प्रसाद संतोष शर्मा महासचिव अजय मेहता रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू शेख इंतजाम अली शेख शमीमा अली खुश दयाल साहू राम लखन साहू नाम शामिल है।

# हाइकोर्ट ने एएस कॉलेज देवघर के शिक्षकों को वेतन भुगतान करने का दिया निर्देश

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में गुरुवार को एएस कॉलेज, देवघर के शिक्षकों के बकाया वेतन भुगतान से संबंधित एकल पीठ के आदेश के खिलाफ दायर सिद्धो कान्हू मुर्मू यूनिवर्सिटी और राज्य सरकार की अपील की सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार की अपील को खारिज कर दिया। साथ ही शिक्षकों को वेतन भुगतान करने का निर्देश दिया। पिछली सुनवाई में उच्च शिक्षा सचिव राहुल पुरवार कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए और कोर्ट के आदेश के आलोक में प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया था। कोर्ट ने उनके प्रतिशपथ पत्र को देखते हुए उन्हें अगली सुनवाई में उपस्थिति से छूट प्रदान की थी। बता दें कि एएस कॉलेज, देवघर में वर्ष 1990 के आसपास कई शिक्षक बहाल किए गए थे। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने वर्ष 2018 में इन शिक्षकों को नियमितीकरण से वंचित रखते हुए यह आदेश पारित किया था कि जिस अवधि में याचिकाकर्ता शिक्षकों के द्वारा शिक्षण कार्य किया गया है उस अवधि का उन्हें लोएस्ट वेतनमान दिया जाए। एकल पीठ के आदेश के आलोक में सिदो कान्हू मुर्मू यूनिवर्सिटी के द्वारा राज्य सरकार से उक्त शिक्षकों के बकाया वेतन आदि की मांग की गयी थी। इसके बाद राज्य सरकार ने सिदो कान्हू मुर्मू यूनिवर्सिटी को निर्देश दिया कि या तो वह अपने आंतरिक स्रोत से प्रार्थी शिक्षकों के वेतन का भुगतान करें या एकल पीठ के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में एलपीए दायर करें। इसके बाद राज्य सरकार और सिदो कान्हू मुर्मू यूनिवर्सिटी दोनों की ओर से हाई कोर्ट की एकल पीठ के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में अपील दायर की गयी है।

# अभिभावकों का प्रशासन से आग्रह, छठी से ऊपर की कक्षाओं का समय बदले

रांची (आजाद सिपाही)। घने कोहरे और सुबह में ठंड को देखते हुए बुधवार से कक्षा पांच तक के बच्चों के लिए कक्षाएं सभी कोटि के स्कूलों में आठ जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई हैं। लेकिन कक्षा छह से ऊपर के बच्चों के लिए अधिकांश स्कूलों में कक्षाएं नियमित समय से ही संचालित हो रही हैं। ठंड की वजह से बड़े बच्चों को भी परेशानी हो रही है। अभिभावकों की ओर से प्रशासन से अनुरोध किया गया है कि बड़े बच्चे जो स्कूल जा रहे हैं, उनके जाने के समय में भी बदलाव किया जाए। घने कोहरे और कनकनाहट के बीच कई स्कूलों की बसें सुबह 6.30 बजे ही बच्चों को लेने के लिए स्टॉपेज पर पहुंच जा रही हैं। अभिभावकों ने कहा कि कड़ाके की ठंड में बच्चों को स्कूल में टोपी पहन कर जाने की भी अनुमति नहीं है। इसलिए बच्चे सर्दी व खासी से पीड़ित हो रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि स्कूल बसें जो सुबह 6,30 बजे स्टॉपेज पर आती हैं, अगर उनका समय बढ़ा कर 8.30 कर दिया जाए तो बड़े बच्चों को भी राहत मिलेगी।

# चुटिया में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

रांची (आजाद सिपाही)। चुटिया थाना क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। स्थानीय लोगों ने शव देखने के बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो पायी है। पुलिस छानबीन में जुटी है।

# परिजनों को सौंपा गया रेबिका का सिर, हुआ अंतिम संस्कार

## भाई ने कहा : बहन के हत्यारों को मिले सार्वजनिक फांसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज की रेबिका का सिर अब परिवार वालों को सौंप दिया गया है। परिवारवालों ने गुरुवार को अंतिम संस्कार कर दिया। रेबिका पहाड़िया के भाई अर्सन पहाड़िया ने बताया कि हमने विधि विधान के साथ रेबिका के सिर का भी अंतिम संस्कार कर दिया है। बोरियो संथाली के पुराना शिवालय के पोखर से रेबिका का सिर मिला था। पुलिस ने बुधवार को गोंडा पहाड़ जाकर उसके परिजनों को सिर सौंप दिया है। बोरियो थाना पुलिस ने बीते 31 दिसंबर को खोपड़ी को पोखर से बरामद किया था। थाना प्रभारी जगन्नाथ पान ने बताया कि रेबिका की खोपड़ी को डीएनए टेस्ट के लिए सैंपल लेने के बाद रेबिका के पिता सूरजा पहाड़िया एवं मां चांदी पहाड़िया को सौंप दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि बरामद खोपड़ी का डीएनए टेस्ट कराने के लिए रांची स्थित एफएसएल में भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने के बाद ही पुख्ता तौर पर कहा जा सकता है कि बरामद खोपड़ी रेबिका की ही थी।



**दोषियों को सार्वजनिक फांसी हो :** रेबिका के भाई अर्सन पहाड़िया ने कहा, हमारा पूरा परिवार सभी हत्यारों की सामूहिक फांसी की मांग करता है। हम चाहते हैं कि उन्हें सार्वजनिक तौर पर फांसी दे दी जाये। सभी लोगों के लिए, यह एक सबक हो। मेरी बहन के साथ जैसा हुआ, वैसा किसी के साथ ना हो।

### ये है पूरा मामला

रेबिका पहाड़िया (22) ने परिवार के खिलाफ जाकर मर्डर से करीब डेढ़ महीने पहले ही दिलदार अंसारी (25) से लव मैरिज की थी। 17 दिसंबर को रेबिका की हत्या की गयी। सबूत मिटाने के लिए दिलदार और उसके परिवार ने रेबिका के शव के 50 टुकड़े किये थे। कुछ टुकड़े घर में छिपा दिये, जबकि अन्य टुकड़े मोहल्ले के आसपास सुनसान जगहों पर फेंक दिये, जिसे कुत्ते नोंच-नोंच कर खा रहे थे। जब लोगों ने कुत्तों को इंसान का मांस खाते देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी थी।

# ईंट भट्ठा से एडवांस में हुई अवैध वसूली पर फंसा पेंच, दुबारा पैसों की डिमांड

## एक अधिकारी के तबादले से फंसा मामला, दूसरे अधिकारी पर दबाव

**एक वरीय अधिकारी के नाम पर की गयी थी 30 भट्ठों से एडवांस अवैध वसूली!**

**बीरू कुमार**

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** वैसे तो जिला में कोयला तस्करी को लेकर तस्करों के बीच खिंचातान होते रहती है। मामला तस्करी का हो या लेनदेन का समय समय पर तनाव देखा जाता है। लेकिन इस बार कोयला तस्करी से जुड़ा एक नया मामला सामने आया है और अनोखा भी है। मामला रामगढ़ जिले के एक ओपी क्षेत्र का है।



### भट्ठेदारों पर बढ़ा दबाव, कैसे होगा बेड़ा पार

इधर सूत्रों ने बताया कि उक्त अधिकारी अपने वरीय अधिकारी के निर्देश पर ईंट भट्ठा संचालक से संपर्क कर पैसो की डिमांड की तो भट्ठेदारों ने बताया कि उनके नाम से एडवांस पैसा उठाया गया है। जिसके बाद उन्होंने पूरी कहानी बताई तो वरीय अधिकारी ने कुछ भी सुनने से इनकार कर दिया। साथ ही किसी भी हाल में पैसा पहुंचाने का दबाव बना रहा है। अब जब अधिकारी का दबाव बढ़ा है तो हर कोई माथा पीट रहा है। इधर भट्ठेदारों का तर्क है कि महीने में एक ही अधिकारी के नाम पर दो बार पैसा कैसे दे सकते है।

### ईंट भट्ठा संचालकों से दुबारा पैसों की डिमांड के बाद खुला राज

सूत्रों ने बताया कि यहां एक अधिकारी ने अपने वरीय अधिकारी के नाम पर ईट भट्ठा संचालक से एडवांस पैसे की वसूली कर उनतक पहुंचा दिया। लेकिन समय का चक्र घुमा और उनका तबादला कुछ ही दिनों में दूसरे जगह हो गया। जिसके बाद उनकी जगह दूसरे अधिकारी की पोस्टिंग हुई। जिसके बाद उक्त वरीय पदाधिकारी सक्रिय हो गए और नवपदस्थापित अधिकारी को निर्देशित किया गया कि मुझे ईंट भट्ठों से पैसा वसूल कर पहुंचाया जाए।

### 30 भट्ठों से हुई है करीब 4 लाख की एडवांस अवैध वसूली

सूत्रों ने पूरे प्रकरण में बताया कि जिले के एक वरीय अधिकारी ने अपने निजी कार्य के लिए करीब 30 भट्ठा संचालक से करीब 4 लाख से अधिक की राशि एडवांस में वसूली कारवाई और उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले माह उक्त रकम को मैनेज कर लेना। लेकिन जिस अधिकारी ने ईट भट्ठा से पैसे की वसूली की उनका तबादला 4 दिन बाद दूसरे जगह हो गया। अबजब उक्त अधिकारी के जगह दूसरे अधिकारी की पोस्टिंग हुई तो वरीय अधिकारी अपना गियर बदल दिया। उसने स्पष्ट रूप से कहा है कि पहले वाले अधिकारी ने मुझे मदद के तौर पर उक्त राशि को उपलब्ध कराया था। मुझे किसी भी हाल में उन सभी भट्ठों से पैसा चाहिए जो मेरे सिस्टम में शामिल हैं। उनसे किस एवज में एडवांस रुपए ली गयी है मुझे उससे कोई लेना देना नहीं है। जिसके बाद दुबारा पैसा देने का दबाव भट्ठेदारों पर पड़ा तो उनकी सांसे फूलने लगा है। ईट भट्ठा संचालकों के साथ सांप छुछुन्दर वाला हाल हो गया है। अब उन्हें ना ही उगला जा रहा है न निगला जा रहा है। बरहाल मामला तनावों के बीच झूल रहा है।

## पारसनाथ आदिवासी और मूलवासी समाज का है और रहेगा : विजय शंकर नायक

**रांची (आजाद सिपाही )।** झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह हटिया विधान सभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने कहा कि मारंग बुरू(पारसनाथ) आदीवासी और मुलवासी समाज का है और रहेगा। अगर सरकार या फिर कोइ इससे छेड़ छाड़ करता है तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने आगे कहा कि पारसनाथ पहाड़ी और उसके आसपास रहने वाले आदिवासी मूलवासी पारसनाथ को मारंग बुरू के नाम से ही जानते हैं। पारसनाथ की पाहड़ियों पर एक आदिवासी मंदिर भी है, जिसके बारे में बहुत ही कम लोग जानते हैं। गैजेटियर ऑफ बिहार (हजारीबाग जिला, 1932) में इस पूरी पर्वत श्रृंखला को मारंग बुरू के नाम से जाना जाता था। हर सरहूल के समय यहां पूजा की जाती थी और आदिवासी मूलवासी लोग यहां शिकार किया करते थे। परंतु, जैन संप्रदाय के लोगों का वर्चस्व बढ़ने के बाद यहां सब बंद हो गया। नायक ने आगे यह भी कहा कि यह बहुत अजीब बात है कि सालों से जैन धर्म को मानने वाले लोग इस जगह का इस्तेमाल कर रहे हैं। आदिवासी मूलवासी के जमीन पर बड़ी-बड़ी इमारत, मंदिर और आश्रम बना रहे हैं, लेकिन आदिवासियों को इससे नुकसान के सिवाय कुछ नहीं मिल रहा। जबकि संविधान की 5वीं और 6वी अनुसूची के अनुसार आदिवासियों मूलवासी के स्वामित्व वाली जमीन को गैर-आदिवासी नहीं खरीद सकते। लेकिन यहां धड़ल्ले से जैन संप्रदाय के लोग जमीन खरीद रहे हैं तथा ऊंचे-ऊंचे आश्रम बना रहे हैं। बस इतना कहना चाहूंगा कि यहां लोग बस्तर से भी ज्यादा दर्दनाक जीवन लोग जी रहे हैं और हेमन्त सोरेन सरकार मूकदर्शक बनी हुई है जिसका विरोध किया जायेगा।

## योग सत्रों में विद्यार्थियों ने लिया भाग



**रांची (आजाद सिपाही)।** सीएमपीडीआइ के क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के तत्वावधान में मैक्लुस्कीगंज के भुइयांटोली स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्रों के लिए आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 02/01/2023 से 04/01/2023 तक योग सत्रों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। मौके पर योग गुरू श्री संजय पूर्वे ने कहा कि इस सत्र में कराए गए विभिन्न योग आसन से न केवल छात्रों में एकाग्रता विकसित करने बल्कि अच्छे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मददगार सिद्ध होगा।

## पूर्व न्यायाधीश के निधन पर जताया शोक

**रांची (आजाद सिपाही)।** एकीकृत बिहार में उच्च न्यायालय पटना के सेवानिवृत्त न्यायाधीश व झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष 90 वर्षीय जस्टिस लोकनाथ प्रसाद के निधन पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलो कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने गहरी संवेदना और दुख प्रकट किया है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से जस्टिस लोकनाथ बीमार चल रहे थे। और पारसनाथ हॉस्पिटल में भर्ती थे, जहां उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली। कांग्रेस नेताओं ने कहा लोकनाथ प्रसाद एक बुद्धिजीवी और समाज के हर वर्ग के लोगों में प्रिय थे। वे हमेशा सत्य एवं न्याय को सर्वोपरि मानते थे। झारखंड ने एक महान चिंतक, विचारक और कमजोर वर्गों की मजबूत आवाज को खो दिया है।

## ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह आगामी त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के लिए सेक्टर इंचार्ज बनाये गये

**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा तथा त्रिपुरा के प्रभारी डॉ अजय कुमार के द्वारा झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह को आगामी त्रिपुरा विधानसभा के चुन्के लिए सेक्टर इंचार्ज बनाया गया है। जिसमें अगरतला रामनगर सहित चार विधानसभा आते हैं। सेक्टर इंचार्ज बनाए जाने पर उन्हें झारखंड के कई कांग्रेसीयों ने बधाई दी है।

## उपायुक्त ने इवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण, दिये कई दिशा-निर्देश

**रांची (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को मोरहाबादी के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे। ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही उपायुक्त ने चुनाव आयोग के निदेशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि समय-समय पर इवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव और तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है।

## डीपीएस रांची के सात विद्यार्थियों ने इंडियन ओलंपियाड क्वालिफायर के लिए क्वालीफाई किया

**रांची (आजाद सिपाही)।** डीपीएस रांची स्थापना काल से ही शैक्षणिक क्षेत्र में अग्रणी रहा है। यहां के प्रतिभाशाली विद्यार्थी अपनी मेधाशक्ति के बल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते आए है। इसी क्रम मे डीपीएस रांची के 7 विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित परीक्षा इंडियन नेशनल फिजिक्स ओलंपियाड (आईएनपीएचओ), इंडियन नेशनल केमिस्ट्री ओलंपियाड (आईएनसीएचओ), इंडियन नेशनल बायोलॉजी ओलंपियाड (आईएनबीओ) और इंडियन नेशनल एस्ट्रोनॉमी ओलंपियाड (आईएनएओ) (ग्रुप ए और ग्रुप बी) क्वालिफाई करके अपने स्कूल का नाम रौशन किया। भारतीय ओलंपियाड क्वालीफायर (आईओक्यू) (2022-23) के भाग 2 में झारखंड से कुल 26 छात्रों का चयन किया गया है, जिसमें डीपीएस रांची को इस सफलता में 27 प्रतिशत का हिस्सा मिला है। इस अवसर पर डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का उचित मार्गदर्शन, छात्रों की कड़ी मेहनत और ईमानदारी हमेशा समृद्ध लाभांश देती है। दिखाया गया प्रयास प्रशंसनीय है और यह दशार्ता है कि छात्र आगे बड़ी भूमिका निभाने के लिए खुद को तैयार कर रह हैं।

## मोरहाबादी में 22 फरवरी से 3 मार्च तक पर्यावरण मेला लगाया जायेगा

# युगांतर भारती और नेचर फाउंडेशन कर रही है मेले की तैयारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान में 22 फरवरी से 3 मार्च तक पर्यावरण मेला लगाया जायेगा। गुरुवार को विधायक सरयू राय तथा मेला कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने इस मेला से संबंधित ब्रोशर का विमोचन किया। डोरंडा स्थित अपने आवास पर विमोचन करते हुए सरयू राय ने बताया कि युगांतर भारती और नेचर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मेला लगाया जाएगा। इसका प्रमुख उद्देश्य लोगों में पर्यावरण के प्रति रुचि बढ़ाना है। इसमें विभिन्न स्टाल लगेंगे जिसके माध्यम से प्रदूषण नियंत्रण,



जैवविविधता संरक्षण, पर्यावरण अर्थशास्त्र पर्यावरण हितैषी कृषि एवं ग्रीन ऊर्जा तथा पारि अनुकूल भोज्य पदार्थ आदि के क्षेत्र में किए गए प्रयासों तथा प्रतिफल को दिखाया जाएगा। पर्यावरण मेले देश के जाने माने प्रतिष्ठित पर्यावरणविद वैज्ञानिक, कानूनविद और अन्य भी इसमें शामिल होंगे। पर्यावरण क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले व्यक्तियों संस्थाओं को भी सम्मानित करने की योजना है। मौके पर मेले के आयोजन के लिए बनाई गयी समिति और उसके संयोजक भी उपस्थित थे। इसमें संयोजक आरके जमुआर, सह संयोजक ज्योति प्रकाश, व्याख्यान समिति के संयोजक आरपी सिंह, स्वच्छता समिति के संयोजक धर्मेन्द्र तिवारी सहित अन्य भी उपस्थित थे।

### मेला की खासियत

सरयू राय के मुताबिक मेला का मुख्य आकर्षण दामोदर नद का रूपांतरण तथा सरना पवित्र उपवन नामक दो मंडप होंगे। पारंपरिक हस्त शिल्पकार मेला स्थल पर स्वयं करके देखो विधि से लोगों को अपनी कला से परिचित कराएंगे। छात्रों के लिए इंटर एक्टिव मंच के अलावा विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई जायेगी।

## रांची डीसी ने राशन चोर पीडीएस दुकानदार का लाइसेंस रद्द किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची उपायुक्त राहुल सिन्हा ने एक राशन चोर पीडीएस दुकानदार का लाइसेंस रद्द कर दिया। रांची नगर निगम के एचइसी धुर्वा के वार्ड नंबर 38 में पीडीएस दुकानदार अशोक सिंह की दुकान है। इन पर कार्डधारियों का राशन चोरी करने का आरोप है। कार्डधारियों से मिली शिकायत के बाद डीसी ने जांच करायी, तो सच सामने आ गया। दुकानदार हर माह कार्डधारियों को कम राशन देता था। जांच में पता चला कि दुकानदार अशोक सिंह ने सितंबर 2022 में आवंटित 1232 किलो चावल और 245 किलोग्राम गेहूं की जगह कार्डधारियों को सिर्फ 609 किलो चावल और 146 किलो गेहूं का ही वितरण किया।



इस दौरान राशन के वितरण में अनियमितता भी बरती गयी है। कई कार्डधारकों से तो पूरे राशन पर हस्ताक्षर भी करा लिया गया, मगर राशन कम दिया।

## हेमंत सरकार ने युवाओं के साथ एक बार फिर भद्दा मजाक किया : बाबूलाल मरांडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सातवीं से 10वीं सिविल सेवा परीक्षा को लेकर झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन के कट ऑफ मार्क्स पर भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने सवाल उठाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्वीट कर लिखा कि हेमंत सरकार ने राज्य के युवाओं के साथ एक बार फिर भद्दा मजाक किया है। मरांडी ने कहा है कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का ढोल पीटने वाली सरकार में जेपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में ओबीसी, इबीसी, बीसी और ईडब्ल्यूएस सभी के कट ऑफ बराबर तय किया है। अब कल को इस उटपटांग फैसले को भी न्यायालय में चुनौती दी जायेगी तो हमारे सीएम साहब नाराज हो



जायेंगे। वे चुनौती देने वाले की वंशावली खोजने लगेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सलाह दी है कि राज्य के युवाओं का भविष्य बर्बाद करने के बजाय नीतिगत फैसले लीजिए और युवाओं के भविष्य की चिंता करिये।

## रांची के प्रमुख स्थानों पर की गयी अलाव की व्यवस्था

**रांची (आजाद सिपाही)।** जिला में बढ़ती ठंड के मद्देनजर उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर जिले के सभी प्रमुख स्थानों में अलाव की व्यवस्था की गई है। जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र राहे, खलारी, नगड़ी चौक, चेक पोस्ट नगड़ी, मस्जिद चौक नगड़ी, नामकुम चौराहा, बुंडू, कांके अंचल, ब्रांबे रोड, ब्राम्बे चौक, एवं मुरमा चौक एवं प्रमुख स्थानों, चौक-चौराहों पर लोगों को ठंड से राहत देने के लिए अलाव की व्यवस्था जिला प्रशासन के निर्देश में की गई है। उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने सभी अंचल अधिकारियों को ठंड के मद्देनजर सतर्क रहते हुए, जिला के सभी आवश्यक जगह में अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा निर्देश दिया गया हैं। उपायुक्त द्वारा रांची जिले के सभी अंचल अधिकारियों को लोगों को ठंड से राहत पहुंचाने के लिए आवश्यकतानुसार अन्य स्थानों पर भी अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

# स्नातक के साथ सरकारी नौकरी की तैयारी के लिए एनआइबीएम का रुख कर रहे छात्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** स्नातक के विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों का एक ही उद्देश्य होता है सरकारी नौकरी। बैंकिंग, एस एस सी, रेलवे इत्यादि में लाखों की संख्या में प्रत्येक वर्ष वैकेंसी आती है तथा बेहतर तैयारी कर अनेक युवा रोजगार पा रहे हैं। विभिन्न बैंकों में अंतिम रूप से चयनित विद्याथियों को संस्थान के निदेशक एम के गुप्ता ने सम्मानित किया। प्रत्येक वर्ष सैकड़ों विद्यार्थी एनआईबीएम की सुनियोजित पढ़ाई की नई तकनीक का लाभ उठाकर अंतिम रूप से चयनित हो रहे रहे हैं। वर्ष 2021-22 में बैंकिंग में अनेकों विद्यार्थी चयनित होकर ज्वाईन भी कर चुके हैं तथा रेलवे, कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा में इनकमटैक्स ऑफिसर, सीबीआई तथा अनेक सेंट्रल तथा स्टेट लेबल की कार्यालय में



कार्यरत है। इस माह भी कर्मचारी चयन आयोग की कम्बाईड ग्रेजुएट लेबल की परीक्षा रिजल्ट आयी। संस्थान के निदेशक ने बताया की यहां के शिक्षकगण पिछले 25 वर्षो से अधिक के अनुभवी है तथा निदेशक खुद मैथ तथा रिजनिंग का क्लास लेते है। नामांकन के इच्छुक विद्यार्थी श्री साई टॉवर सर्कुलर रोड रांची स्थित एन आई बी एम संस्थान फोन नं 09334726278 तथा वेबसाईट सर्म्पक तथा विशेष जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## सम अल्टीमेट में एक दुर्लभ मिनिमाल इनवेसिव प्रक्रिया में रक्तस्राव को रोका गया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओडिशा में पहली बार सम अल्टीमेट मेडिकेयर के डॉक्टरों ने प्रोस्टेट धमनी में सुपर सेलेक्टिव एंजियो-एम्बोलाइजेशन के साथ एक मरीज के मूत्र मार्ग से रक्तस्राव की समस्या का सफलतापूर्वक इलाज किया है। सम्मम के यूरोलॉजी विभाग के सलाहकार डॉ. प्रियब्रत दास ने इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट डॉ. संबित पटनायक और डॉ. जितेंद्र कुमार बराड़ के साथ मिलकर इस सफल सर्जरी को अंजाम दिया। डॉ. दास ने बताया कि ओडिशा में पहली बार इस पद्धति से इलाज किया गया है। रोगी का एडभंस कार्सिनोमा प्रोस्टेट से पीड़ित था और उसे लगातार रक्तस्राव हो रहा था। इसलिए हमें रक्तस्राव को रोकने के लिए प्रोस्टेटिक धमनी को बंद करना पड़ा। प्रक्रिया को सुपर-सिलेक्टिव एंजियो-एम्बोलिजेशन कहा जाता है, डॉ. दास ने कहा। पहले ऐसी समस्याओं वाले मरीजों का इलाज सर्जरी के जरिए किया जाता था, जिससे मरीज के शरीर के अन्य अंगों के प्रभावित होने की संभावना बढ़ जाती थी। हालांकि, यह पक्रिया केवल प्रोस्टेट में रक्त के प्रवाह को रोकती है, डॉ. दास ने कहा। यह एक अत्याधुनिक नई प्रक्रिया है और पारंपरिक सर्जरी की तुलना में इसके कई फायदे हैं, डॉ. पटनायक ने कहा।

## सोआ और जिओ ने 5जी लैब की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को शिक्षा ओ अनुसंधान (सोआ) और जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के बीच 5जी लैब स्थापित करने और ऑप्टिकल संचार और 6जी जैसी नयी तकनीकों के विकास में सहयोग के अवसर पैदा करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा सोआ और साफ्टवेयर टेक्नालाजी पार्कस ऑफ इंडिया के बीच एक और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये हैं। प्रबंधन और नयी ज्ञान प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में साझेदारी के माध्यम से कुशल मानव संसाधन बनाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। सोआ एडिडोरियम में ओडिशा में 5जी सेवाओं के शुभारंभ के अवसर पर दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। ओडिशा में 5ऋसेवाओं के शुभारंभ के अवसर पर केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केंद्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। सोआ के अतिरिक्त कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार नंद और एसटीपीआइ के महानिदेशक अरविंद कुमार के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जबकि 5जी लैब एमओयू पर विश्वविद्यालय के निदेशक प्रोफेसर मानस कुमार मल्लिक और जेपीएल के अध्यक्ष डॉ. आरपी गांधी के बीच हस्ताक्षर किये गये थे।

## भारत स्वाभिमान पतंजलि योगपीठ का 28वां स्थापना दिवस मनाया गया

**रांची (आजाद सिपाही)।** भारत स्वाभिमान पतंजलि योगपीठ का 28 वां स्थापना दिवस शिवाजी स्कूल दड़दाग में युवा प्रभारी रणधीर कुमार चौधरी की अध्यक्षता में मनाया गया । करो योग रहो निरोग पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत जानकारी युवा प्रभारी द्वारा छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को दी गयी। कार्यक्रम में योग गुरु डॉक्टर पारसनाथ महतो ने योग की महत्व और आयुर्वेद के बारे में छात्रों को जानकारी दी। प्रोफेसर शैलेंद्र मिश्रा ने पतंजलि द्वारा किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए लोगों को संकल्प दिलाया। स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य रूप से प्राचार्य धनी लाल महतो, ओरमांझी प्रखंड युवा प्रभारी अनिल कुमार महतो, विगेदर महतो, महेंद्र मानकी, सुरेंद्र महतो, रंजीत कुमार, रीता मुक्ता, रुदन प्रिया, रीता देवी, आशा देवी, लक्ष्मण महतो मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## एमसीएल जागृति महिला मंडल ने किया का चश्मे का वितरण



**सबंलपुर (आजाद सिपाही)।** असंगठित क्षेत्रों मे काम करने वाले कर्मचारियों को होने वाली आंखों की समस्या को ध्यान मे रखकर जागृति महिला मंडल ने अपनी संजीवनी परियोजना के तहत किए चश्मे वितरित। इस परियोजना के तहत, महानदी कोलफील्ड लिमिटेड के दोनों कॉलोनी जागृति विहार एव आनंद विहार के सभी सफाई कर्मचारी, माली और घर के काम में सहायता करने वाली महिलाओं को सीएसआर विभाग के सहयोग से और जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह एवं उपाध्यक्षा रश्मि बेहुरा के मार्ग दर्शन में चश्मे वितरित किये गये। एमसीएल के चिकित्सा विभाग के सहयोग से नेत्र जांच किया गया और चिकित्सा अधिकारी की सलाह अनुसार कुल 70 चश्मे वितरित किये गये। वितरण के दौरान जागृति महिला मंडल की पदाधिकारी एवं सदसया भी उपस्थित थी।

# बोलने पर रोक नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक अहम फैसले में कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी पर अनुच्छेद 19 (2) के तहत पहले से लगी पाबंदियों के अतिरिक्त और कोई बंधन नहीं लगाया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच ने यह स्पष्ट किया कि मंत्रियों और सांसदों-विधायकों के बयानों को भी अनिवार्य तौर पर सरकार के विचार के रूप में नहीं लिया जा सकता। मामला हालांकि उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में 2016 में हुई रेप की एक घटना से जुड़ा है, जिसे समाजवादी पार्टी के नेता और यूपी सरकार में तत्कालीन मंत्री आजम खान ने राजनीतिक साजिश करार दिया था। आजम खान उस बयान के लिए बिना शर्त माफी मांग चुके हैं, लेकिन कोर्ट के सामने यह महत्वपूर्ण सवाल आ गया था कि क्या जिम्मेदार पदों पर बैठे व्यक्तियों के इस तरह बयान जारी करने को लेकर किसी दिशानिर्देश की जरूरत है। पांच जजों की बेंच ने माना कि जो कानूनी प्रावधान पहले से मौजूद हैं, उनके अलावा और पाबंदियां लाकर अभिव्यक्ति की आजादी को बाधित करना ठीक नहीं होगा, लेकिन इसी मामले में अपना अलग फैसला दर्ज कराते हुए जस्टिस बीवी नागरत्ना ने जिस तरह से हेट स्पीच का विशेष उल्लेख किया, वह ध्यान देने लायक है। पिछले कुछ समय से जिम्मेदार पदों पर बैठे और सार्वजनिक जीवन में सक्रिय लोगों में नफरत भड़काने वाले बयान जारी करने की प्रवृत्ति तेज हुई है, जिससे समाज में भाईचारे की भावना कमजोर पड़ती है। जस्टिस नागरत्ना ने बिलकुल ठीक कहा कि इन लोगों को यह समझने की जरूरत है कि जो कुछ वे कर रहे हैं, उसके अंजाम कितने खतरनाक हो सकते हैं। हालांकि उन्होंने भी इस बारे में कोई पहल करने या नया कानून वगैरह बनाने का सवाल संसद के विवेक पर छोड़ा, जो मुनासिब है। संसदीय लोकतंत्र में शासन के तीनों प्रमुख अंगों की अपनी सीमाएं होती हैं। विधायिका और कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्रों का सम्मान करते हुए ही न्यायपालिका देश में संवैधानिक नैतिकता की भावना को मजबूती दे सकती है। लेकिन एक बड़ा सवाल यह है कि क्या संसद अपनी तरफ से ऐसी कोई पहल करेगी और अगर किसी कोने से ऐसी पहल हुई भी तो क्या वह अपनी तार्किक परिणति तक पहुंचेगी। इसमें कोई दो राय नहीं कि राजनीतिक दलों और सांसदों पर अपने वोटर समूहों की मनोदशा का दबाव रहता है और मौजूदा राजनीतिक हालात बहुत ज्यादा उम्मीद नहीं पैदा करते, लेकिन लोकतंत्र इन्हीं तात्कालिक दबावों के बीच आगे बढ़ता है और अक्सर इनके बीच से ही बड़े सकारात्मक बदलाव लाने वाले कदमों की भी गुंजाइश निकाल लेता है। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की इस बेंच ने अपने ताजा फैसले में अभिव्यक्ति की आजादी की अहमियत को जिस तरह से रेखांकित किया है, वह भी याद रखने लायक है।

**विधायिका और कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्रों का सम्मान करते हुए ही न्यायपालिका देश में संवैधानिक नैतिकता की भावना को मजबूती दे सकती है। लेकिन एक बड़ा सवाल यह है कि क्या संसद अपनी तरफ से ऐसी कोई पहल करेगी और अगर किसी कोने से ऐसी पहल हुई भी तो क्या वह अपनी तार्किक परिणति तक पहुंचेगी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**हमने बजट 2022-23 में की गई 34 प्रमुख घोषणाओं पर बारीकी से गौर किया है और उनके कार्यान्वयन का आंकलन किया है। इनमें से कई घोषणाओं से विभिन्न मंत्रालयों और राज्य सरकारों का जुड़ाव है, जो उनके समयबद्ध कार्यान्वयन को मुश्किल बनाता है। इस दृष्टि से, इन घोषणाओं के कार्यान्वयन के मामले में बेहतर प्रदर्शन भारत सरकार की बेहतर प्रशासनिक दक्षता का संकेत हो सकती है।**

# बजटः वादों को पूरा करने का एक साधन

करण भसीन




वादे, भारतीय राजनीति की एक सर्वोत्कृष्ट विशेषता रहे हैं। इन वादों में से कई पूरे होते हैं, तो कई अधूरे रह जाते हैं। घोषणापत्र, सरकारी कार्यक्रम और यहां तक कि बजट की कवायद भी चुनावी राजनीति या गठबंधन की मजबूरियों का शिकार रहीं हैं, जिसके लिए ऐसे वादों की जरूरत होती है, जिन्हें तोड़ा जाना होता है।

वर्ष 2018 के उतरार्द्ध में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने 2014 के घोषणापत्र में किये गये वादों की समीक्षा करने के लिए कई कवायदें की गयीं थीं। वादों को पूरा करने के मामले में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया था। पूर्ण और सापेक्ष दोनों ही संदर्भों में। वर्ष 2019 के बाद, एक ऐसी महामारी आयी, जिसने सभी प्रकार की आर्थिक गतिविधियों और सरकारी वित्त में बड़ा व्यवधान पैदा किया है। इसलिए समय आ गया है कि बजट घोषणाओं पर करीब से नजर डाली जाये और यह देखा जाये कि क्या उसमें, खास कर रेल बजट से संबंधित, किये गये वादे पूरे किये गये हैं या फिर वे पिछली बजट घोषणाओं की तरह ही अधूरे रह गये हैं।

हमने बजट 2022-23 में की गयी 34 प्रमुख घोषणाओं पर बारीकी से गौर किया है और उनके कार्यान्वयन का आंकलन किया है। इनमें से कई घोषणाओं से विभिन्न मंत्रालयों और राज्य सरकारों का जुड़ाव है, जो उनके समयबद्ध कार्यान्वयन को मुश्किल बनाता है। इस दृष्टि से, इन घोषणाओं के कार्यान्वयन के मामले में बेहतर प्रदर्शन भारत सरकार की बेहतर प्रशासनिक दक्षता का संकेत हो सकती है।

**बजट 2022-23 ने बजट घोषणाओं के कार्यान्वन के पिछले सभी रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।**

आश्चर्यजनक रूप से, दो बातों को दशार्ते हुए इन प्रमुख घोषणाओं में से प्रत्येक में काफी प्रगति हुई है। पहली बात उठाये जा सकने लायक कदमों की घोषणा करके वार्षिक बजट की विश्वसनीयता को बहाल करने के सचेत प्रयास से संबंधित है और दूसरी बात पहले ही घोषित किये जा चुके प्रावधानों को प्रभावी तरीके से कार्यान्वित करने को लेकर किये गये केन्द्रित प्रयासों से संबंधित है। यह सब महामारी के दौरान राजकोषीय आंकड़ों को व्यवस्थित करने की पृष्ठभूमि में हुआ है। व्यवस्थित करने की यह प्रक्रिया 2014 के पहले से अपेक्षित थी क्योंकि एक के बाद एक मंत्रियों ने बैलेंस शीट से इतर जाकर उधार के माध्यम से वास्तविक घाटे को कम करने की कोशिश की थी। इसलिए यह स्पष्ट है कि अंतिम उद्देश्य बजट की कवायद की गंभीरता को बहाल करना और अधूरे वादों के पिछले अनुभवों से आगे बढ़ना है।

आइए, पिछले बजट में पीएम गति शक्ति की घोषणा से शुरुआत करते हैं। इसका उद्देश्य एक ऐसे मंच का निर्माण करना था, जो बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने में मदद करे और बुनियादी ढांचे के विकास के विभिन्न पहलुओं के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार विभिन्न मंत्रालयों के कारण होने वाली देरी को कम करे। यह मंच 16 मंत्रालयों को एकजुट करता है और देश भर में मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी के तेजी से विकास के लिए मार्ग प्रशस्त करने वाले बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं की एकीकृत योजना और समन्वित कार्यान्वयन को संभव बनाता है। यह मंच पिछले कुछ समय से सक्रिय है और पीएम गति शक्ति नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन में दी गयी 4827 परियोजनाओं में से 766 की रूपरेखा नेशनल मास्टर प्लान के मंच पर तैयार कर दी गयी है।

इसके अलावा, वित्त मंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्गों में 25,000 किलोमीटर का विस्तार करने के निर्णय की घोषणा की थी। वित्त मंत्रालय ने पहले ही राज्य की सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के लिए संशोधित दिशानिर्देश तैयार करना शुरू कर दिया है और उसका इरादा इस नीति को अंतिम रूप दिये जाने के बाद नए राष्ट्रीय राजमार्गों को अधिसूचित करने का है। मंत्रालय वर्तमान वित्तीय वर्ष में मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्गों को बेहतर बनाने की प्रक्रिया का समर्थन करने हेतु मौजूदा परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण के माध्यम से 20,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रहा है।

एक अन्य महत्वपूर्ण घोषणा यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (यूलिप) से संबंधित है। इसकी घोषणा विभिन्न तरीकों से माल की कुशल आवाजाही, लॉजिस्टिक संबंधी लागत एवं लगने वाले समय को कम करने, समय-समय पर इन्वेंट्री प्रबंधन में सहायता करने और थकाऊ दस्तावेजीकरण को खत्म करने के उद्देश्य से की गई थी। इस मंच को सभी हितधारकों को वास्तविक समय में जानकारी प्रदान करनी थी। आगे चल कर इस मंच को इसी के अनुरूप विकसित किया गया है और इसने देश के लॉजिस्टिक क्षेत्र को एक नये तरीके से बढ़ावा देने के प्रयास में विभिन्न मंत्रालयों और एजेंसियों की 29 डिजिटल प्रणालियों को एकीकृत किया है।

कृषि क्षेत्र में किसान ड्रोन के उपयोग के संदर्भ में, वित्त मंत्रालय राज्य सरकारों और संबंधित संगठनों को इसे खरीदने के लिए धन जारी कर रहा है। इसी तरह, इसीएलजीएस वृद्धि को 17 अगस्त 2022 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दी गयी थी।

पीएम आवास योजना के तहत सभी के लिए आवास को लेकर एक बड़ी घोषणा की गयी। वित्त मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष में इस कार्यक्रम के तहत 80 लाख घरों के निर्माण का लक्ष्य रखा है। कुल 120.38 लाख स्वीकृत आवासों में से 104.12 लाख आवासों का निर्माण कार्य शुरू हो गया है, जबकि 30 सितंबर तक 63.27 लाख आवासों को वितरित कर दिया गया है या फिर उनका निर्माण पूरा कर लिया गया है।

ये वैसे कुछ उदाहरण हैं, जिनकी घोषणा बजट के एक हिस्से के रूप में की गयी थीं और साथ ही इनके कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में कुछ विवरण भी दिये गये हैं। सभी 34 प्रमुख घोषणाओं के गहन विश्लेषण से इनमें से प्रत्येक में काफी प्रगति का पता चलता है और इससे वादा किए गए कार्यों को पूरा करने की दिशा में बेहतर दक्षता और प्रतिबद्धता का संकेत मिलता है।

निजी क्षेत्र के कर्मचारी लक्ष्यों को परिभाषित करने और वित्तीय वर्ष के दौरान उन लक्ष्यों की प्रगति पर नजर रखने के महत्व से अवगत होते हैं। पिछले साल की गई बजट घोषणाओं के विश्लेषण से यह संकेत मिलता है कि वित्त मंत्रालय द्वारा भी इसी तरह का दृष्टिकोण अपनाया गया है। यह अतीत की तुलना में, खास कर किसी ठोस उपाय के बिना की जाने वाली लोकलुभावन घोषणाओं से पैदा होने वाली निराशा को देखते हुए, एक स्वागत योग्य बदलाव है।

वर्ष 2008 की कृषि ऋण माफी से उपजी कड़वी निराशा इस प्रकार की लोकलुभावन घोषणा का एक सटीक उदहारण है।

कार्यान्वन के इरादे से लैस विवेकपूर्ण नीतियां राजकोष की पवित्रता और सरकार एवं नागरिकों के बीच विश्वास बनाये रखने की दृष्टि से महत्वपूर्ण होती हैं। इसलिए, यह कवायद एक व्यक्ति को इस निष्कर्ष को ओर ले जाती है कि पिछले कई वर्षों में देश के बजट की वार्षिक कवायद सही दिशा में बढ़ी है, क्योंकि वे वितरण के एक साधन बन कर उभरे हैं।

बजट 2022-23 ने बजट घोषणाओं के कार्यान्वन के पिछले सभी रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि यह सरकार आने वाले वर्षों में अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ पाती है या नहीं।

**(लेखक : ऑपइंडिया में राजनीतिक अर्थशास्त्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक में राज्य स्तरीय सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प

# जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होंगी आंदोलन जारी रहेगाः चंदेश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुसाबनी।** झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक गुरुवार को जी सीजेडी हाइ स्कूल मुसाबनी में हुई। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के संस्थापक सचिव कुंदन कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में वित्त रहित शिक्षा संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष मंडल के सदस्य चंदेश्वर पाठक, प्राचार्य संजय कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्वलित कर अतिथियों द्वारा किया गया। विद्यालय की ओर से अतिथियों का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। बैठक में शिक्षकों ने वित्त रहित शिक्षा नीति समाप्त किये जाने को लेकर मोर्चा द्वारा चलाये जा रहे राज्यव्यापी



आंदोलन में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। साथ ही सभी शिक्षकों ने चट्टानी एकता के साथ वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के गोड्डा जिला के महागामा इंटर कॉलेज में प्रस्तावित मोर्चा के राज्य स्तरीय सम्मेलन में भारी से भारी संख्या में पहुंचकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यालय में भूमि संबंधी समस्याओं के कारण उत्पन्न हो रही अड़चनों को दूर करने की मांग मोर्चा के अधिकारियों से किया। अध्यक्ष मंडल के सदस्य चंदेश्वर पाठक ने सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि जो भी समस्यायें हैं। सभी विद्यालयों की समस्याओं को सूचीबद्ध कर मोर्चा के महासचिव रघुनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री एवं शिक्षा सचिव को अवगत करा दिया है। इस पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सरकार हम सभी वितरहित शिक्षण संस्थान के कर्मचारियों के साथ दोहरा नीति अपना रही है। जबकि हम सभी वितरहीत इंटरमीडिएट कॉलेज, मदरसा, संस्कृत उच्च विद्यालय, महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी सरकारी कर्मचारियों की तरह सामान्य रूप से काम करते हैं। उसके बावजूद भी हम लोगों के साथ नाइंसाफी की जा रही है। अपनी समस्याओं के समाधान के लिए राज्य स्तरीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री के समक्ष तमाम बातों को मोर्चा के नेता रखेंगे ताकि वित्त रहित शिक्षकों की समस्या का समाधान हो सके।बैठक में लगभग 40 से 50 की संख्या में इंटर कॉलेज एवं माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं शामिल हुए। सभी लोगों ने चट्टानी एकता के साथ संकल्प लिया कि महागामा में आयोजित होने वाले संघर्ष मोर्चा के महासम्मेलन को सफल बनाया जायेगा।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में अन्य बिंदुओं पर भी गंभीरतापूर्वक चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रुप से सुजीत कुमार उपाध्याय, प्रो संतोष कुमार दास, प्राचार्य शिवपूजन सिंह चौहान, रूमी सरकार, भवानी शंकर महतो, दिलीप बोधुक, अजय पाल, मिथलेश पांडेय, मुरारी प्रसाद सिंह सहित काफी संख्या में शिक्षकगण मौजूद थे।

### पूर्वी सिंहभूम जिला कामगार और कर्मचारी कांग्रेस कमिटी का विस्तार

# सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों ने पदभार ग्रहण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडे के निर्देश पर झारखंड प्रदेश सचिव राजा सिंह राजपूत व झारखंड प्रदेश संगठन सचिव सुल्तान अहमद ने बैठक का आयोजन किया। गुरुवार को पूर्वी सिंहभूम जिला कार्यकारी अध्यक्ष बलदेव सिंह के नेतृत्व में आयोजित बैठक में पूर्वी सिंहभूम जिला असंगठित कामगार एवं कर्मचारी का गठन किया गया।सामाजिक काम में महिलाओं की भागीदारी को देखते हुए जिला कमेटी में महिलाओं को भी स्थान देने का निर्णय लिया गया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष में बादशाह खान, सोमनाथ विश्वास,सुमित्रा पांडा, जिला महासचिव में अनिता



कुमारी,जैस्मिन खान,मुन्ना मिश्रा, जिला सचिव पूजा डे,चमन सिंह, जिला सदस्य सोनू सिंह,अजित लौहार, कार्यालय प्रभारी सूरज कुमार, परसुडीह प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश यादव, मानगो मंडल अध्यक्ष गोपाल साहू,बिरसा नगर मंडल अध्यक्ष गौतम रविदास, गोलमुरी मंडल अध्यक्ष हरे कृष्ण लौहार, बारीडीह मंडल अध्यक्ष अंजन राय, उलीडीह मंडल अध्यक्ष पवन ओझा को पदभार सौपा गया। मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारियों ने नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने का भरोसा जताया। बैठक में झारखंड प्रदेश असंगठित कामगार एवं कर्मचारी के सचिव राजा सिंह राजपूत झारखंड प्रदेश के संगठन सचिव सुल्तान अहमद, पूर्व जिला असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस की कार्यकारि अध्यक्ष बलदेव सिंह, जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष मनीष चंद्रवंशी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल रहे।

### मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना को लेकर समिति की बैठक

# डीसी समेत जिला के सभी विधायक प्रतिनिधि हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के लाभुकों को स्वीकृति प्रदान करने के लिए समिति की एक बैठक सभागार आयोजित किया गया। गुरुवार को आयोजित बैठक में प्राप्त आवेदनों की गहन समीक्षा की गई। वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 934 लाभुकों को अब तक योजना के तहत राशि का भुगतान किया गया। जबकि 661 नए आवेदन प्राप्त किया गया। मौके पर समिति के सदस्यों ने प्राप्त आवेदनों की



समीक्षा की। जिसमें 645 आवेदन सही पाये गए। जिन्हें राशि भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त डी.डब्लू.ओ ने बताया ऑनलाइन जाति प्रमाण पत्र की अनिवार्यता के कारण 120 लाभुकों के आवेदन रिजेक्ट कर नये सिरे से आवेदन करने को कहा गया। इस अवसर पर उपायुक्त विजया जाधव ने सभी एमओआइसी को ओपीडी में आने वाले अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ी जाति के मरीजों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से संबंधित जानकारी देने एवं उन्हें इसका लाभ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# झामुमो संपर्क कार्यालय में जिला समिति ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के साकची स्थित सम्पर्क कार्यालय में जिला समिति के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। गुरुवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पोटका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व झामुमो विधायक व झारखंड राज्य के परामर्शदात्री समिति का सदस्य स्वार्गीय सनातन माझी का 82 वां जन्म दिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता शेख बदरूद्दीन ने कहा माझी सहाब इस राज्य के अग्रणी नेता थे। उनके विधायकी काल के दौरान करनडीह में लालबहादुर शास्त्री मेमोरियल कालेज,आसानबनी इन्टर कॉलेज की शुरूआत की गई थी। आज इस कॉलेज से सैकड़ो विद्यार्थी डाक्टर, इंजिनियर, बैंक कर्मी, साइंटिस्ट बन कर राज्य और देश मैं रोजगार से जुड़े हैं। उन्होंने बताया अभी के समय युवाओं को उनके बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। तभी जाकर उनका सपना साकार होगा। जिला बीस सुत्री सह क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार सदस्य प्रमोद लाल ने कहा सनातन माझी पार्टी का एक अनुसाशित नेता थे। उनका राज्य की जनता के प्रति हमेशा सकारात्मक सोच रहती थी। मौके पर झामुमो के वरिष्ठ नेता रोड़ेया सोरेन, जिला उपाध्यक्ष अरूण प्रसाद, सागेन पुर्ति,राज लकड़ा, अजय रजक, प्रीतम हेंब्रम,जुगल किशोर मुखी, पिंटू दता,बिनोद डे, गोपाल महतो, मोहम्मद समद, झरना पाल, रवि मुंडा,धीरेन मारडी, उमानाथ झा, पिंटू लाल, गुरमीत सिंह गिल, बाबू कालिंदी प्रबीर कुमार पालित,विष्णू नाग,परवेज आलम,मजदूर नेता शैलेन्द् मैती सहित सैकड़ो झामुमो कार्यकर्ता शामिल रहे।

# विद्यालय में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जागरूकता प्रतियोगिता आयोजित

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** धातकीडीह कबीरिया ऊर्दु उच्च विद्यालय में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्कूल में जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर शिक्षिका विजेता कुमारी ने सभी बच्चे को तंबाकू जनित बीमारियों के बारे विस्तार से जानकारी दी। मौके पर शिक्षिका मोना भूमिज ने बताया तंबाकू से होने वाले चार हजार अधिक बीमारी जहरीले तत्व पाये जाते हैं। जो शरीर के लिए हानिकारक है। तंबाकू से मुंह का कैंसर, फेफड़े का कैंसर,दांत का खराब होना, असमय मृत्यु इत्यादि




प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है। मौके पर जागरूकता प्रतियोगिता में लगभग 40 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पुरस्कृत किया गया। साथ ही अन्य बच्चों को संताबना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर शिक्षक अभय चौधरी के द्वारा सभी बच्चों को तंबाकू प्रयोग ना करने व ना करने देने की सलाह दी गई। साथ ही समाज में जागरूकता लाकर आस-पड़ोस के बच्चों, बुजुर्ग, युवाओं को जागृत करने की नसीहत दी गई।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### जेल से आने के बाद प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कहा संविधान के सम्मान में झूठा आरोप में गयी थी जेल



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी जेल से आने के बाद गुरुवार को अपने समर्थकों के साथ मेराल बस स्टैंड स्थित संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा बनाए गए संविधान में आस्था व्यक्त की। उस मौके पर प्रखंड वासियों को दिए अपने संदेश में कहा कि बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान पर पूरा देश चल रहा है, मैं उसी संविधान की सम्मान में चंद झूठा आरोप की वजह से जेल गई थी। उन्होंने जनता जनार्दन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी लोगों ने विषम परिस्थिति में भी मेरा साथ नहीं छोड़ा, जो मेरे लिए सौभाग्य की बात है। प्रमुख दीप माला कुमारी ने जोर देकर कहा कि जनता का कार्य हमेशा करती रहूंगी। उनके हक अधिकार की लड़ाई हमेशा लड़ती रहूंगी, इसके लिए मुझे एक बार नहीं हजार बार भी जेल जाना पड़े तो मैं पीछे नहीं हटूंगी। मौके पर नंदा पासवान, शिव कुमार चौधरी, लालमन राम, रामनरेश राम, लक्ष्मण भूईहर, कमलेश भूईहर, लाल मुनी चौधरी, वीरेंद्र ठाकुर, राजेंद्र राम, लल्लू राम सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

### स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नगर पंचायत तत्पर है : विजयालक्ष्मी देवी



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये नगर पंचायत तत्पर है। इसी कड़ी में एनयूएलएम के तहत महिला समूह एवं व्यक्तिगत ऋण के रूप में लोगों को 9 लाख 25 हजार रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत की ओर से पूर्ण पारदर्शिता के साथ महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का काम किया जा रहा है। नपं अध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में व्यवसाय बढ़ाने की दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर दस के पुरैनी में संचालित उजाला महिला स्वयं सहायता समूह एवं सरस्वती महिला स्वयं सहायता समूह को डेढ़-डेढ़ लाख, अहिपुरवा में संचालित साक्षी महिला स्वयं सहायता समूह को तीन लाख एवं व्यक्तिगत ऋण के रूप में कृष्णा देव शर्मा को पौने दो लाख एवं पवन कुमार तिवारी को डेढ़ लाख रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया है। नपं अध्यक्ष ने बताया कि सभी को ऋण की स्वीकृति दिलाकर बैंक के द्वारा उनके खाते में पैसा ट्रांसफर कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि ऋण प्राप्त स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ऋण का सही उपयोग करने एवं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जानकारी दी गई है। मौके पर सीएमएम अमित पांडेय, सीआरपी सुनीता देवी समेत महिला समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

### मां गढ़देवी मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष व उनकी पत्नी ने अपने खर्च पर प्रतिमा स्थापित करने की जतायी इच्छा




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय मां गढ़देवी मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष विनोद जायसवाल एवं उनकी धर्मपत्नी कंचन जायसवाल भावी प्रत्याशी नगर परिषद गढ़वा ने मां गढ़देवी का दर्शन किया एवं चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया एवं निरीक्षण के दौरान पति पत्नी ने आपस में यह ऐतिहासिक निर्णय लिया कि प्रथम तल पर जो मंदिर का निर्माण कार्य हो रहा है उसमें क्यों ना हम अपने निजी फंड से जिस भगवान की प्रतिमा पूरे झारखंड में नहीं है उस भगवान की प्रतिमा को स्थापित करें। उन्होंने अपनी इच्छा श्री मां गढ़देवी मंदिर धार्मिक न्यास के अध्यक्ष रामचंद्र चंद्रवंशी एवं मां गढ़देवी मंदिर धार्मिक न्यास के कोषाध्यक्ष हेमेंद्र कुमार सिंह से जतायी। न्यास की तरफ से कहा गया कि उज्जैन एवं बनारस के पुरोहितों की टीम से यह पूछकर कि मां गढ़देवी के प्रथम तल पर किस भगवान की प्रतिमा को स्थापित की जा सकती है उसी भगवान की प्रतिमा को स्थापित करेंगे। तत्पश्चात उन्होंने प्रेस वार्ता कर इसकी घोषणा की जिसमें उपस्थित श्री मां गढ़देवी मंदिर धार्मिक न्यास के कोषाध्यक्ष हेमेंद्र सिंह, श्री मां गढ़देवी मंदिर निर्माण समिति के संरक्षक जगजीवन बघेल, राकेश पाल, सरदार रंजीत सिंह एवं उपस्थित सदस्य अरविंद केसरी, अरविंद पटवा, इलू पटवा, उमेश केसरी, दीपक विश्वकर्मा, राहुल डिसूजा उपस्थित थे।

## प्रेस कांफ्रेंस : छह करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से गढ़वा में बनेंगी दो सड़कें, मंत्री ने कहा

# गढ़वा सहित पूरे राज्य की आधारभूत संरचना में हो रहा है तेजी से सुधार

**ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने दी सड़क निर्माण की स्वीकृति**

आजाद सिपाही संवाददाता



### दोनों सड़कें बाइपास के लिए रिंग रोड के रूप में काम करेंगी : मिथिलेश ठाकुर

**यह दोनों सड़कें बाईपास के लिए रिंग रोड के रूप में काम करेंगी तथा कल्याणपुर, जाटा, छतरपुर एवं महुलिया पंचायत की एक बहुत बड़ी आबादी इससे लाभान्वित होगी। मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि पूरे गढ़वा में सभी गांव को पक्की सड़क से एवं इन सड़कों को मुख्य सड़क से जोड़ने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। सभी प्रमुख सड़कों को सूचीबद्ध कर प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में कोई भी गांव ऐसा नहीं बचेगा जो पक्की सड़क से वंचित रहे।**

**गढ़वा।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गढ़वा सदर प्रखंड में करीब छह किलोमीटर लंबी दो सड़कों का निर्माण किया जाएगा। छह करोड़, 37 लाख, 38 हजार, सात सौ रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क निर्माण की ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि इसके तहत गढ़वा- चिनिया मुख्य पथ से हेलीपैड होते हुए कल्याणपुर तक करीब ढाई किलो मीटर से अधिक सड़क का निर्माण दो करोड़, 82 लाख, 19 हजार रुपये की लागत से तथा महुलिया रोड में वीर कुंवर से ढोटी होते हुए जाटा पुल तक करीब साढ़े तीन किलो मीटर लंबी सड़क का निर्माण तीन करोड़, 55 लाख, 19 हजार, सात सौ रुपए की लागत से किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि गढ़वा की सभी जर्जर सड़कों का भी निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मुख्य सड़क पर अधिक ट्रैफिक ना हो इसलिए गांव की सड़कों को भी मुख्य सड़क से जोड़ते हुए रिंग रोड के रूप में उपयोग किया जाएगा। ताकि लोग ट्रैफिक का सामना किए बगैर सुगमता पूर्वक आवागमन कर सकें। सुगम यातायात से समय की भी बचत होगी। साथ ही अनावश्यक ट्रैफिक एवं दुर्घटना की समस्या भी समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार गढ़वा जिला एवं पलामू प्रमंडल सहित पूरे राज्य में आधारभूत संरचना को दुरुस्त करने का कार्य कर रही है। सीमित संसाधन के बावजूद सड़क, बिजली, पेयजल, सिंचाई, शिक्षा, चिकित्सा सभी क्षेत्रों में काफी तीव्र गति से कार्य हो रहा है। झारखंड को पूरे देश में अव्वल बनाने की सोच के साथ सभी क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि पूर्व में भी इसी सोच एवं इच्छाशक्ति के साथ कार्य किया जाता तो आज राज्य की स्थिति कुछ और होती।

## वरिष्ठ पत्रकार ने अपने पिता की पुण्यतिथि पर निःशुल्क बैंक के संस्थापक को गरीबों में बांटने के लिए सामग्री भेंट की

**शौकत खान से आभार जताते हुए कहा आपकी नेक सोच और सहयोग गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** जिले के वरिष्ठ पत्रकार सह एसपीडीसी कॉलेज लेक्चरर एवं कैरम संघ के सचिव कमलेश कुमार सिन्हा अपने स्व. पिता जो अपने जमाने के प्रसिद्ध मेडिकल के जानकार और हर लोगों के जुबान पर नाम बसने वाले चन्द्र शेखर प्रसाद उर्फ चांद बाबू की पुण्यतिथि के मौके पर अपने भाई मिथिलेश कुमार सिन्हा के साथ गरीबों का अनेक निःशुल्क बैंक पहुंचे और संस्थापक शौकत खान को गरीबों में बांटने के लिए डोनेट किये एक बोरा चावल, एक बोरा मुरही, एक बोरा चूड़ा एवं तिलकुट, बिस्कुट, गुड़ और लाई भेंट की। शौकत खान ने सामाग्री लेते हुए कहा कि हमारा अनेक निःशुल्क बैंक जो प्रतिदिन गरीबों को लगातार सात वर्षों से सेवा दे रहा है, उसमें आम नागरिकों का योगदान और सहयोग की ही देन है जो गरीबों कि सेवा कर पाने में सफल रहे हैं। आज कमलेश कुमार सिन्हा अपने पिता की पुण्यतिथि पर ढेर सारी खाने-पीने की चीजें गरीबों के लिए डोनेट किये हैं। हम उन्हें हृदय से आभार व्यक्त करते हैं कि आपकी नेक सोच और सहयोग गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है। मुझे गर्व है आप हर वर्ष अपने पिताजी की पुण्यतिथि हमारे कपड़ा बैंक में गरीबों के बीच मनाते हैं, जो शहीद आशीष कुमार तिवारी के सम्मान में संचालित होता है। हमारे अनेक निःशुल्क बैंक में किसी से भी कोई तरह का आर्थिक सहयोग नहीं लिया जाता है। यहां सिर्फ लोगों से वही चीजें डोनेट में ली जाती हैं जो गरीबों के जीवन में काम आने वाली होती हैं।

### दुर्घटना में युवक की मौत, एक घायल

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर गढ़वा मुख्य पथ पर चौबेडीह गांव में गत रात्रि हुई सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा घायल है। पाल्हे कला गांव निवासी रामदास राम का 26 वर्षीय पुत्र धर्मराज कुमार बुधवार की रात बाइक से से घर जा रहा था। वहीं पाल्हे कला गांव का ही छोटन ठाकुर अपनी दुकान बंद कर घर जा रहा था। रास्ते में धर्मराज की बाइक छोटन की साइकिल में पीछे से टकरा गयी। बाइक व साइकिल में टक्कर के बाद बाइक सवार धर्मराज पक्की सड़क पर गिर गया वहीं छोटन सड़क की पटरी पर गिरकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने धर्मराज को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल से भी उसे रांची के लिए रेफर कर दिया गया। रांची जाने के क्रम में धर्मराज की मौत हो गई।

## आरके पब्लिक स्कूल की पूर्व शिक्षिका के पति का निधन, शोक व्यक्त



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आरके पब्लिक स्कूल की सेवानिवृत्त शिक्षिका नीलम बाला के पति सह सेवानिवृत्त प्रो. प्रवीण प्रभाकर के निधन पर विद्यालय परिवार की ओर से शोक व्यक्त किया गया। वे काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने बताया कि दुःख की इस घड़ी में विद्यालय परिवार साथ है। साथ ही साथ उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति व परिवार के सदस्यों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उनके असामायिक निधन से शिक्षा व सामाजिक जगत को अपूर्णीय क्षति हुई है। शोक प्रकट करने वालों में विद्यालय के कई शिक्षक एवं शिशिकाएं शामिल थीं।

## हैदराबाद से आये शूटर ने वन विभाग विश्रामागार में बैठक कर तेंदुए की गतिविधि की ली जानकारी



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** रंका, रमकंडा व भंडरिया में पिछले कई दिनों से आंतक मचा रखे आदमखोर तेंदुए को केमिकल इम्युबलाइज करने के लिए गुरुवार के दोपहर हैदराबाद के चर्चित शूटर नवाब शफत अली खान अपनी टीम के सदस्यों के साथ भंडरिया के वन विभाग विश्रामागार परिसर में वन अधिकारी वन कर्मियों के साथ बैठक कर तेंदुए की गतिविधि की जानकारी प्राप्त की। वे भंडरिया से देर शाम रमकंडा क्षेत्र के कुशवार के लिए रवाना हो गए। शूटर नवाब अली खान ने बताया कि तेंदुए के द्वारा जहां-जहां घटना को अंजाम दिया गया है, वहां जाकर हम पहले एरिया देख रहे हैं कि कैसा है। खुला पैक्स हुआ तो उसका प्लान अलग होगा, घना पैक्स होगा उसका प्लान अलग होगा। कोशिश तो हमारी यही होगी कि हम उसे पकड़ सकें या फिर उसे पिंजरे में कैद कर सकें। अभी हमारे पास चार पिंजड़े उपलब्ध हैं। सभी पिंजरे में तेंदुए को पकड़ने के लिए हमें क्या लगाना है प्लान किया जाएगा। रात में सर्च लाइट के माध्यम से मॉनिटरिंग चालू रखेंगे। मेरी प्लानिंग बदली जाएगी जितना जल्द हो हमारी कोशिश रहेगी कि तेंदुआ हमारे पिंजरे में कैद हो जाये। डीएफओ शशि कुमार ने कहा कि तेंदुए को पकड़ने के लिए जो मेरे पास बेस्ट संसाधन हैं उन सभी संसाधनों को लगाया जा रहा है। इसके लिए हैदराबाद से आये शूटर आज से इस अभियान में लग जा रहे हैं। मौके पर वन क्षेत्र पदाधिकारी कन्हैया राम, वनरक्षी कमलेश कुमार, रोशन कुमार, तुषार कुमार आदि उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई–अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/HZB/23/2022-23 पी0आर0 संख्या 286138 Rural Development(22-23).D में प्रकाशित तिथियों में निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है:–

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 05.01.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 05.01.2023 से 16.01.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग के कार्यालय कक्ष में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय– 17.01.2023 अपराह्न 3.00 बजे तक ।
4. तकनीकी निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय– ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग, 18.01.2023 अपराह्न 02.00 बजे ।

निविदा की शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
हजारीबाग

PR 286781 Rural Development (22-23)_D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.**

**e-Procurement Tender Notice**

**Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-25/2022-23**

**Letter no - 12** **Date :- 05.01.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Renovation of Mahuabandh at Vill- Gangaahar, Panchayat-Jagdishpur, Block- Chouparan, Dist- Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 43,60,800.00 |
| 3. | Time of Completion | 03 Months |
| 4 | Date of Publication of Tender on website | 17.01.2023 at 3:00 P.M |
| 5. | Last date/Time for Submission of bids | 25.01.2023 up to 5:00 P.M |
| 6. | Date of opening of e-Tender | 28.01.2023 at 03:00 P.M |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 8 (a) | Contact no. of Procurement officer | 06546-270485 |
| (b) | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651- 2214784 |
| 10 | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 27.01.2023 up to 5:00 P.M At office of Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag. |

**Note:- Only e-Tender will be accepted.**
Further details can be seen on website
**http://jharkhandtenders.gov.in**

**Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag.**

PR286768 (Minor Irrigation)22-23*D



**झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, राँची**
**(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)**
**कॉर्पोरेट पहचान सं०–U51228JH2010SGC014519, TIN No - 20520108277**
उत्पाद भवन, भूतल, नवीन पुलिस केन्द्र के समीप, काँके रोड, पिन–834008
E-mail :- jsbcl.jharkhand@gmail.comjsbcl.jharkhand@gmail.com

पत्रांक–21 दिनांक–05/01/2023

**शुद्धि पत्र**

Letter No:-2055, Dated:- 24-12-22, Advt P.R. No-285971 के माध्यम से प्रकाशित आई०टी० सेवा की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु अल्पकालीन निविदा को अपरिहार्य कारणवश निम्नवत संशोधित की जाती है :–

| क्रमांक | विवरणी | निविदा समर्पित करने की पूर्व की तिथि | निविदा समर्पित करने की विस्तारित तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Last date/closing date for submission of E-Tender | 06/01/2023 | 18/01/2023 | 04:00 P.M. |
| 2 | Last date for submission of document (Hard copy) in the JSBCL office. | 07/01/2023 | 19/01/2023 | 04:00 P.M. |
| 3 | Online opening of Technical Bid. | 09/01/2023 | 20/01/2023 | 11:00 A.M. |

Sd/-
General Manager (Operation) JSBCL.

PR.NO.286724 Excise(22-23):D


## उपलब्धि : गढ़वा के चिकित्सक डॉ विकास केशरी ने विदेश में पायी सफलता

# यूरोप से फेलोशिप प्राप्त करने वाले झारखंड के पहले और एकमात्र हार्ट सर्जन बने

**डॉ विकास को रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स इंग्लैंड, एडिनबर्ग, आयरलैंड एवं ग्लासगो की संयुक्त रूप से आयोजित कार्डियोथोरेसिक सर्जरी की फेलोशिप की परीक्षा में मिली है सफलता**

आजाद सिपाही संवाददाता



### लंदन में होने वाले दीक्षांत समारोह में रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जंस की फेलोशिप से किया जायेगा सम्मानित

**वहीं इंग्लैंड के लंदन में आयोजित किये जाने वाले दीक्षांत समारोह में डॉ विकास को रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स की फेलोशिप (एफआरसीएस ) से सम्मानित किया जाएगा। डॉ विकास इसके पूर्व वर्ष 2019-21 में यूरोपियन बोर्ड ऑफ कार्डियोथोरेसिक सर्जरी की अंतरराष्ट्रीय परीक्षा के लिस्बन (पुर्तगाल) व लंदन में आयोजित दोनों चरणों में सफलता प्राप्त कर यूरोपियन बोर्ड ऑफ कार्डियोथोरेसिक सर्जरी की फेलोशिप भी अर्जित कर चुके हैं।**

**गढ़वा।** गढ़वा शहर के मुख्य पथ निवासी डॉ विकास कुमार केशरी ने चिकित्सीय जगत में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि प्राप्त की है। गढ़वा के रामा साहू विद्यालय से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने वाले डॉ विकास अब रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स, इंग्लैंड एवं यूरोपियन बोर्ड ऑफ कार्डियोथोरेसिक सर्जन्स यूरोप से फेलोशिप (शोधकार्य) प्राप्त करने वाले संपूर्ण झारखंड प्रदेश के पहले और एकमात्र हार्ट सर्जन बन चुके हैं। रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स इंग्लैंड, एडिनबर्ग, आयरलैंड एवं ग्लासगो द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की जाने वाली कार्डियोथोरेसिक सर्जरी की फेलोशिप की परीक्षा में डॉ विकास ने सफलता प्राप्त की है। ज्ञात हो कि रॉयल कॉलेजों द्वारा अंतरराष्ट्रीय चिकित्सकों के लिए दो चरणों में यह परीक्षा प्रति वर्ष आयोजित की जाती है। इस परीक्षा में सफल होने वाले परीक्षार्थियों को रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स इंग्लैंड/एडिनबर्ग /आयरलैंड की प्रतिष्ठित फेलोशिप प्रदान की जाती है। कोरोना महामारी के चलते तीन वर्षों तक स्थगित रहने के बाद इस परीक्षा के अंतिम चरण का आयोजन इस वर्ष यूरोप के माल्टा में किया गया था। इस परीक्षा में इस वर्ष भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, मिस्र, आस्ट्रेलिया, इराक, संयुक्त अरब, नाइजीरिया एवं अन्य देशों के 50 से अधिक हार्ट सर्जन सम्मिलित हुए थे। डॉ विकास ने इस सत्र की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। डॉ विकास केशरी जिले के हर्ट से संबंधित रोगियों की सेवा में सदैव तत्पर रहते हैं। डॉ विकास द्वारा स्थानीय गैर सरकारी संस्थाओं की सहायता से पिछले कई वर्षों से निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन स्थानीय ज्ञान निकेतन विद्यालय के प्रांगण में प्रत्येक माह में किया जा रहा है। पिछले कई वर्षों में क्षेत्र के कई निर्धन रोगियों की सफल हृदय शल्य क्रिया डॉ विकास के द्वारा निःशुल्क अथवा आर्थिक सहयोग प्रदान करवा कर की जा चुकी है। डॉ विकास छोटे चीरे से हृदय शल्य क्रिया करने में भी दक्षता अर्जित कर चुके हैं। उनके इस कौशल का लाभ स्थानीय रोगी उठा रहे हैं। डॉ विकास इस माह 15 जनवरी को पुनः अपने निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर के लिए गढ़वा में उपलब्ध रहेंगे। डॉ विकास की इस बड़ी उपलब्धि पर गर्व एवं हर्ष व्यक्त करते हुए उनके पिता काशीनाथ केशरी एवं माता कंचन देवी ने इसे उनकी वर्षों की लगन एवं कड़े परिश्रम का परिणाम बताया। उनकी इस उपलब्धि से उनके स्थानीय शिक्षकों, परिजनों एवं मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनको बधाई दी। बधाई देने वालों में शिक्षक सुशील केशरी, मदन केशरी, मित्र विवेक पांडेय, दिव्या नंद श्रीवास्तव, विवेक सिंहा, नवनीत शुक्ल, संतोष अग्रवाल, डॉ पीडी तिवारी, डॉ गौरव विक्रम, रश्मि रत्नम, रंजना भारती, रेणु कुमारी, सुनीता कुमारी, साजिद अख्तर, अविषेक विक्की, बृजेश केशरी, मनोज ओझा, सीए दिनेश कमलापुरी, अधिवक्ता रवि शंकर प्रसाद, प्रोफेसर अम्बरीष गौतम, नवीन शर्मा एवं दिलीप पाठक आदि के नाम शामिल हैं।


**कार्यालय, झुमरीतिलैया नगर परिषद**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना सं0– J.M.C/ 07/2022-23 Date – 05-01-2023

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (in Rupees) | अग्रधन की राशि (in Rupees) | निविदा शुल्क (in Rupees) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Reading Hall shed at Library Building Block Campus under Jhumri Telaiya Nagar Parishad. | 1633100.00 | 32700.00 | 5000.00 | 90 दिन |

1 नगर विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है। Joint Venture / Consortium Entity द्वारा निविदा में भाग लिये जाने की स्थिति में Lead Partner/Member का नगर विकास एवं आवास विभाग की समुचित श्रेणी में निबंधन होना अनिवार्य है।
2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 13.01.2023 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 21.01.2023 अपराहन 5.00 बजे।
4. हार्ड कॉपी में निविदा प्राप्ति की तिथि : 24.01.2023 अपराहन 4.00 बजे। नगर परिषद झुमरी तिलैया
5 निविदा खोलने की तिथि : 24.01.2023 अपराहन 5.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7903772765, 9693145111, 9798062988
7. अग्रधन की राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट ही केवल मान्य होगा।
नोट :– केवल ई–निविदा ही मान्य होगा।
विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

ह0/–
प्रशासक
झुमरीतिलैया, नगर परिषद

PR286817 (Urban Development)22-23*D

## बुंडू में कंबल वितरण करने की मांग को लेकर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल में ठंड की भयावह स्थिति को देखते हुए आजसू के रांची जिला के वरीय उपाध्यक्ष राज किशोर कुशवाहा के नेतृत्व में गुरुवार को एक प्रतिनिधिदल बुंडू के एसडीओ से मिला। उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा गया। जिसके माध्यम से मांग की गई है की बुंडू अनुमंडल के सभी पंचायतों के वार्डों में अलाव और जरूरतमंद लोगों के बीच यथाशीघ्र कंबल की व्यवस्था की जाए। क्योंकि गरीब व असहाय लोग इतने सक्षम नहीं है कि अपने लिए इस कड़ाके की ठंड में गर्म कपड़ों और कंबल की व्यवस्था खुद से नहीं कर पायेंगें। इस मौके पर रमेश मुंडा, हरिहर महतो, गोवर्धन मछुआ, ताराचंद सिंह मुंडा और जीत मुंडा उपस्थित थे।

### साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने और मिलावटी खाद्य पदार्थ नहीं बेचने का निर्देश

# तोरपा में कई दुकान संचालकों पर जुर्माना

**तोरपा में होटलों और रेस्तराओं का खाद्य सुरक्षा और अनुमंडल पदाधिकारी ने किया निरीक्षण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** अभिहित अधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अनीकेत सचान और खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार की ओर से गुरुवार को संयुक्त रूप से तोरपा प्रखंड के होटलों और रेस्तराओं और लाइन होटलों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अतिथि होटल के किचेन की नाली में गंदगी पाई गई। होटल के संचालक को नाली की सफाई करवाने और उसे ढंककर रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही 500 रुपये का



होटलों व रेस्तराओं का निरीक्षण करते खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी।

जुर्माना भी लगाया गया। दियांकेल स्थित फेस्टिवल होटल को बिना खाद्य लाइसेंस के खाद्य कारोबार संचालन करने पर एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। साथ ही एक्सपायर बन और ब्रेड को नष्ट करने का निर्देश दिया गया।

फ्रेंड एंड फैमिली रेस्टूरेंट का निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उसके बेसीन में गंदगी भरी थी। बगैर लाइसेंस के रेस्टूरेंट संचालन करने के कारण संचालक पर एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। निरीक्षण के दौरान तोरपा स्थित संतोष लाइन होटल के संचालक को फ्रीज की साफ-सफाई करने और शाकाहार और मांसहार खाद्य पदार्थों को अलग-अलग रखने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान अशोक स्वीट्स के बर्तन धोने के स्थान पर काफी गंदगी पाई गई। दुकानों के संचालकों को कड़ी चेतावनी देते हुए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। साथ ही कहा गया कि मिठाई सहित अन्य खाद्य पदार्थों में किसी तरह की मिलावट नहीं की जानी चाहिए। दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि मिलावटी खाद्य तेलों का प्रयोग एवं बिक्री नहीं करें अन्यथा निरीक्षण के दौरान दोषी पाये जाने पर उनके खिलाफ एफएसएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। दुकानदारों को खाद्य अनुज्ञप्ति लेकर ही खाद्य पदार्थों का व्यवसाय करने का निर्देश दिया गया। साथ ही दुकान परिसर की साफ-सफाई रखने का निर्देश दिया गया। होटल, खोमचा, ठेला के संचालकों को खाद्य सामग्रियों को हमेशा ढ़ककर रखने का निर्देश दिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बचरा में प्रकाश पर्व के रूप में मनायी गयी गुरु गोविंद सिंह की 356वीं जयंती



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्थित गुरुद्वारा में सिक्ख समाज की ओर से गुरु गोविंद सिंह जी की 356वीं जयंती को प्रकाश पर्व के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सिक्ख गुरुओं द्वारा गुरुद्वारा में विशेष अरदास कीर्तन का आयोजन किया गया था। मौके पर मौजूद ग्रंथी कुलदीप सिंह ने कहा कि हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह जी के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने हमारे सिक्ख समाज को दुनिया भर में एक अलग पहचान दिलाई जिससे लाखों की भीड़ में भी उसकी पगड़ी और कृपाण की वजह से सिक्ख को पहचाना जा सकता है। उन्होंने हमेशा सदमार्ग पर चलते हुए शांति कायम करने की शिक्षा दी। कहा कि कभी किसी को डराओ मत, ना ही किसी से डरो। अन्याय के खिलाफ लड़ते हुए खुद का बलिदान भी देना पड़े तो कभी पीछे मत हटो। प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा में लंगर का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर गुरुद्वारा सिंह सभा कमेटी के अध्यक्ष निर्मल सिंह, उपाध्यक्ष जगजीत सिंह, सचिव सुखदेव सिंह, उपसचिव प्रताप सिंह, पृथ्वीपाल सिंह, हरजीत सिंह, कलवंत सिंह, मंगल सिंह, इंदर सिंह, अमनदीप सिंह, हरप्रीत सिंह, अमरजीत सिंह, जगजीत सिंह, बक्सी सिंह, निर्मल कौर, रजिन्दर कौर, परमजीत कौर, गुरमीत कौर, जसविंदर कौर, अमरजीत कौर, सर्वजीत कौर, सरनजीत कौर व बलवंत कौर मौजूद थे।

## भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी को लेकर राहे में कांग्रेस की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**राहे।** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष राज किशोर मुंडा की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो भी उपस्थित थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी व्यवस्था में परिवर्तन चाहती है। इसके लिए सभी वर्ग के कार्यकर्ताओं को उपयोगी बनना पड़ेगा। कार्यकर्ताओं को उद्देश्य के साथ कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 9 जनवरी को सिल्ली में होने वाली विधानसभा स्तरीय भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को अपने स्तर से प्रचार-प्रसार करना होगा। इस मौके पर ज्ञानचंद्र आहिर, कृष्ण कुमार चटर्जी, प्रभाकर मिश्रा, प्रदीप गोस्वामी, अक्षय महतो, गदाधर महतो, भृगु राम लोहरा, त्रिलोचन महतो, गोपेश्वर महतो और कार्तिक महतो आदि उपस्थित थे।

## मोबाइल देखने से मना करने पर किशोरी ने की खुदकुशी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** माता-पिता की ओर से मोबाइल देखने से मना करने पर क्रोध में आकर 17 वर्षीय किशोरी द्वारा खुदकुशी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान करिश्मा कुमारी के रूप में हुई है। वह मुरहू थाना क्षेत्र के राजा कुंजला की रहने वाली थी। उसने अपने घर में ही फांसी लगा ली। जानकारी के अनुसार राजा कुंजला निवासी देवी महतो और उनकी पत्नी अपनी बेटी करिश्मा के अत्यधिक मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने से नाराज रहती थी। बुधवार को मोबाइल फोन देखने पर डांट-फटकार लगाते हुए मां ने बेटी करिश्मा से फोन छीन लिया था। कुछ देर बाद देवी महतो मजदूरी करने के लिए घर से निकल गए। इस बीच



करिश्मा ने खुद को एक कमरे में बंद कर लिया और फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। बाद में बेटी को फंदे से लटकता देख परिजनों से पुलिस को सूचना दी। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष और राजा कुंजला ग्रामसभा के अध्यक्ष काशीनाथ महतो ने इस घटना पर शोक व्यक्त किया है।

## राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी का खलारी दौरा आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** झारखंड से राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी शुक्रवार को खलारी दौरे पर रहेंगी। महुआ माजी के आगमन पर खलारी में उनका जोरदार तरीके से नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। वहीं महुआ माजी खलारी प्रखंड कार्यालय सभागार में दोपहर दो बजे से जन समस्याओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगी। जिसके बाद अपराह्न 3.30 बजे डकरा वीआइपी कल्ब में स्थानीय कोलियरी से संबंधित जनसमस्याओं पर जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में चर्चा करेगी। उधर, सांसद महुआ माजी के खलारी दौरा सह नागरीक अभिनंदन को लेकर जानकारी देते हुए रांची के युवा नेता नंदकिशोर



चंदेल उर्फ टिंकू ने बताया कि महुआ माजी का खलारीवासियों की ओर से भव्य अभिनंदन किया जाएगा। साथ ही वे अपने दौरे के क्रम में खलारी के करकट्टा स्थित बंद भूमिगत खदान से निकलने वाले जहरीले गैस युक्त धुआं की समस्या सहित खलारी के विकास को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों, सीसीएल के अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों से बैठक कर चर्चा करेंगी।

### किशोरियों और युवतियों को दी गयी स्वास्थ्य और पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तपकरा राजकीय संपोषित उच्च विद्यालय में किशोरियों और युवतियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उन्हें स्वास्थ्य और पोषण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। पौष्टिक आहार, माहवारी के दिनों में बरती जानेवाली सावधानी और बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। तेजस्विनी परियोजना के समन्वयक ने बताया कि माहवारी हर किशोरी को आना ही मातृत्व की पहचान है। माहवारी आने पर सही तरीके से साफ-सफाई और समय-समय पर पैड को बदलना आवश्यक होता है। इस मौके पर विभिन्न बीमारियों के लक्षण- सफेद पानी निकलना और शारीरिक कमजोरी व अन्य लक्षणों की विशेष जानकारी दी गई।

## तमाड़ पुलिस ने 300 किलो जावा महुआ और भारी मात्रा में गांजा नष्ट किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**तमाड़।** तमाड़ थाना क्षेत्र के मधुडीह गांव में गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर पुलिस ने करीब 300 किलो जावा महुआ नष्ट कर दिया। इसके अलावे तमाड़ पुलिस एवं एसएसबी डुंगरडीह के सहयोग से देगादारी एवं हेप्सैल में करीब तीन एकड़ एवं 6 एकड़ में उगाए गए गंजे की खेती को भी नष्ट कर दिया। गुरुवार को तमाड़ पुलिस एवं एसएसबी के सहयोग से मानकीडीह बुरुडीह एवं राबो में करीब पांच एकड़ में लगाए गए अवैध गंजा विनष्ट किया। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि यह अभियान लगातार चलता रहेगा। अवैध धंधे में लिप्त को भी पकड़ा जाएगा उसे जेल भेज दिया जाएगा।

### डकरा में नयी कमेटी का हुआ गठन, बिगू विश्वकर्मा अध्यक्ष बने




**खलारी (आजाद सिपाही)।** डकरा कोलियरी कर्मचारी बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के नव निर्वाचित निदेशक मंडल की बैठक गुरुवार को मोहननगर स्थित समिति कार्यालय कक्ष में हुई। जिसकी अध्यक्षता हीरादास माणिक पूरी ने की। इस दौरान नए कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष बिगू विश्वकर्मा, मुख्य कार्यपालक राजू नोनिया, निदेशक अरविंद कुमार चौहान, मुमताज अहमद, हीरादास मानीक पूरी और जयमंगल सिंह को बनाया गया है।

## सामाजिक कुरीतियों पर चर्चा, जागरूकता अभियान चलाने का लिया गया निर्णय

### नवयुवक संघ एनके पिपरवार का मिलन समारोह आयोजित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के तिरूफॉल में नवयुवक संघ एनके-पिपरवार क्षेत्र की ओर से वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता इस्लाम अंसारी और संचालन अब्दुल कुदुस अंसारी ने किया। इसमें समाज के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें मुख्य रूप से समाज में फैले कुरुतियों को दूर करने, समाज के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने, समाज के युवकों को रोजगार मुहैया कराने, दहेज प्रथा और नशापान पर रोक लगाने, शादी ब्याह में कम से कम खर्च करने एवं गरीब और असहाय युवती की शादी में मदद करने सहित समाज से जुड़ी कई समस्याओं पर चर्चा



वनभोज सह मिलन समारोह कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

की गई। कार्यक्रम में मुस्लिम डेवलपमेंट सोसाइटी के बैनर तले कोयलांचल क्षेत्र मे जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। धन्यावाद ज्ञापन राजा खान ने किया। अंत मे सभी लोगों ने सामूहिक भोजन का आनंद उठाया।

इस मौके पर अब्दुल कुदूस अंसारी, मोहम्मद ताज, राजा खान, क्यूम अंसारी, शेख इरफान, जेया आलम, इरफान आलम, शहनवाज आलम, सकील अंसारी, मंजूर आलम, एमएम अंसारी, मोहम्मद हुसैन, गुलाम सरवर, याकूब अली, अरशद अंसारी, शोएब आलम, इम्तियाज अंसारी, कूदूस खान, राशिद कादरी और गुड्डू अंसारी आदि मौजूद थे।

### भाजपा नेता बसंत मुंडा को मातृ शोक



**कर्रा (आजाद सिपाही)।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष सह पूर्व उप प्रमुख एवं वर्तमान पंचायत समिति सदस्य कर्रा निवासी बसंत सिंह मुंडा की मां मैनी देवी गुरुवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 75 वर्ष की थीं। इस सूचना के बाद से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों ने कहा की सुबह ठीकठाक थी। सुबह 10 बजे अपने बिस्तर पर सोयी थीं। तभी हृदयाघात हो गया। उन्हें तत्काल कर्रा सीएचसी ले गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौनी देवी अपने पिछे चार पुत्र, तीन पुत्री समेत भरापूरा परिवार छोड़ गई है। मौनो देवी की मौत पर खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, भाजपा खूंटी जिला उपाध्यक्ष कैलाश राम महतो, वरिष्ठ नेता विनोद प्रसाद सोनी, घुरन महतो, द्वारिका प्रसाद, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज, राजेश सिंह, राजकमल, विष्णु प्रसाद सोनी, राजेश ठाकुर और प्रभात सिंह आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### तमाड़ में पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ पश्चिमी पंचायत में तमाड़ प्रतापपुर रोड पर पीसीसी रोड का शिलान्यास किया गया। उक्त सड़क 15वें वित्त मुखिया फंड से बनेगी। जिसका शिलान्यास मुखिया ने किया। यह रोड अत्यधिक खराब हो गई थी। रोड के बन जाने से आने जाने वाले राहगीरों को काफी सहूलियत होगी।

## प्रखंडस्तरीय फुटबॉल और वॉलीबॉल टूर्नामेंट संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सोनाहातू।** नेहरू युवा केंद्र की ओर से लांदुपडीह हाई स्कूल के मैदान में दो दिवसीय फुटबॉल और वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस दौरान फुटबॉल में 8 टीम और वॉलीबॉल में 4 टीमों ने भाग लिया। फुटबॉल टूर्नामेंट में युवा मंडल क्लब लांदुपडीह विजेता और युवा विकास क्लब धर्मराज उपविजेता बना। वॉलीबॉल में नेहरू युवा क्लब लांदुपडीह विजेता और युवा इलेवन क्लब बांधडीह विजेता बना। उपविजेता नेहरू युवा क्लब लांदुपडीह रहा। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि नेहरू युवा केंद्र के निदेशक सत्येंद्र प्रताप सिंह ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रमेश सिंह मुंडा, अनिल सिंह मुंडा, हिकिम सिंह मुंडा, राजेश्वरी देवी आदि उपस्थित थे। खेल को सफल बनाने में खेल शिक्षक बिंदेश्वर महतो, उमाकांत स्वांसी, विवेक कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### रैयत विस्थापित मोर्चा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा की ओर से कल्याणपुर बाजारटांड में जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। इसमें 16 जनवरी से अनिश्चितकालीन पिपरवार क्षेत्र को बंद करने के लिए रैयत, विस्थापित, प्रभावित ग्रामीणों को जागरूक किया गया। साथ ही जिन रैयतों की जो भी समस्या है, उसे बंदी में अपनी-अपनी समस्या को लिखित रूप से मोर्चा को अवगत कराने की अपील की गई। मौके पर मोर्चा सचिव रामचंद्र उराव, जीतेंद्र राम, इदरीस अंसारी, वीरू मुंडा, इंद्रजीत उराव, लालू महतो, सुरेश भगत, राजकुमार उराव आदि थे।

## विश्वनाथ शाहदेव की पुण्यतिथि पर गरीबों के बीच कंबल वितरित

**कर्रा (आजाद सिपाही)।** जरियागड़ राज परिवार के स्व ठाकुर महेंद्र नाथ शाहदेव के छोटे पुत्र कुमार विश्वनाथ शाहदेव की 40वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को जरियागढ़ में राज परिवार की ओर से गरीबों के बीच कंबल, फल और मिठाइयों का वितरण किया गया। कुमार विश्वनाथ शाहदेव के पुत्र लाल उदयनाथ शाहदेव ने ग्रामीणों के साथ कुमार के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञात हो कि विश्वनाथ शाहदेव का निधन 1983 में पांच जनवरी को हुआ था। विश्वनाथ शाहदेव पंचायती राज व्यवस्था लागू होने के बाद 1952 से जीवन भर जरियागढ़ पंचायत के सरपंच



रहे। कुमार विश्वनाथ शाहदेव की पुण्यतिथि पर लाल उदय नाथ शाहदेव, राम लखन सिंह, पंचू दास लक्ष्मण सिंह, बागा मुंडा, शिवेश्वर साहू, बाल किशुन साहू, अनिल प्रसाद, विजय पाढ़ी, वीरेंद्र सिंह, उमेश पाढ़ी, शशि शर्मा, लखन साहू, अशोक प्रसाद, जगन्नाथ साहू, अजीत कुमार, टिंकू पाढ़ी आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### स्वच्छ भारत मिशन को लेकर खलारी बीडीओ लेखराज नाग ने मुखिया के साथ की बैठक

# लपरा और मायापुर पंचायत के गांव बनेंगे मॉडल गांव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को बीडीओ लेखराज नाग की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन को लेकर बैठक की गई। इस दौरान लपरा एवं मायापुर पंचायत के गांवों को मॉडल गांव बनाने के संबंध में किए जाने वाले कार्य योजना पर विषेश रूप से विचार किया गया। साथ ही बीडीओ ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत मॉडल गांव के लिए गांव के सभी घरों में शौचालयों का होना, गांव के सभी स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं पंचायत भवन में महिलाओं एवं पुरूषों के लिए



बैठक में उपस्थित बीडीओ लेखराज नाग, उपस्थित मुखिया व अन्य।

अलग-अलग शौचालय, ठोस कचरा और तरल कचरा पदार्थ का उचित प्रबंधन करने सहित अन्य कार्य शमिल है। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य करने पर विभाग द्वारा रेटिंग भी दिया जाएगा। वहीं अगले चरण में अन्य पंचायत के गांवों को भी इसमे शामिल किया जाएगा। बैठक में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता, प्रखण्ड समन्वयक स्वच्छ भारत मिषन प्रमोद कुमार, लपरा मुखिया पुतुल देवी, मायापुर मुखिया पुष्पा खलखो, पंचायत सचिव परिक्षित महतो, विश्वरंजन कुमार आदि थे।

### खलारी क्षेत्र में गिरते तापमान से बढ़ी ठंड शीतलहरी और कनकनी से लोग हलकान



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी क्षेत्र में गुरुवार को हल्की धूप के साथ आसमान में कोहरे और बादल छाए रहे। वहीं क्षेत्र में शीतलहरी चलने के कारण कनकनी भी बढ़ गयी है। क्षेत्र का न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज किया जा रहा है। रात में क्षेत्र के तापमान में लगातार गिरवाट देखी जा रही है। बढ़ती ठंड से बचने के लिए लोग जहां घर में दुबके रह रहे वहीं अलाव का भी सहारा ले रहे है। क्षेत्र के बाजारों में अन्य दिनों की अपेक्षा कम लोग नजर आ रहे है और व्यापारिक प्रतिष्ठान भी जल्द बंद हो जा रहे है।

# नवीन स्पोर्ट्स एकेडमी ग्रामीण फुटबॉल महोत्सव का उद्घाटन



**32 टीमें ले रही हैं हिस्सा, 12 जनवरी को होगा फाइनल मैच**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** स्वामी विवेकानंद की जयंती व युवा दिवस के अवसर पर रातू के सीएनराज हाई स्कूल मैदान में गुरुवार को नवीन स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से ग्रामीण प्रतिभा फुटबॉल खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। मैच का उद्घाटन हटिया विधायक व नवीन स्पोर्ट्स एकेडमी के संरक्षक नवीन जायसवाल, सुब्रोतो कप खिलाड़ी रघुनाथ भगत व हुस्से उरांव ने किया। इस आठ दिवसीय टूर्नामेंट में 32 टीम भाग ले रही हैं। फाइनल मैच 12 जनवरी को खेला जाएगा। खेल के पहले दिन आठ टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें सिमलिया ने एडचोरो, दक्षिणी टूनढुल ने चंदाघासी, बाजपुर ने रातू दक्षिणी व नारो ने तिगरा को हराकर मैच जीता। कार्यक्रम में जेम्स बांड खलखो, संजय राय, कृष्णा भगत, इमरान खान, अमित तिवारी, राजेश सिंह, प्रदीप टोप्पो, कुश कुमार, परमेश्वर सिंह, हजारी प्रसाद आदि लोग शामिल थे।

# आजसू नेता पारसनाथ उरांव ने बिजली ट्रांसफॉर्मर का किया उद्घाटन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आजसू नेता पारसनाथ उरांव ने गुरुवार को राजाडेरा पंचायत के कमलाकोचा में नये विद्युत ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन किया। यहां का ट्रांसफॉर्मर खराब हो जाने की वजह से कमलाकोचा सहित बैहराकोचा, पसराढीपा आदि गांव पिछले कई महीनों से अंधकार में थे। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना आजसू नेता पारसनाथ उरांव को दी गई। उन्होंने तुरंत पहल करते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों से संर्पक किया तथा यहां एक नया ट्रांसफॉर्मर आवंटित कराया। जिसकी अगुवाई सिद्दिक अंसारी व उमेश महतो ने की थी। उद्घाटन के मौके पर बोलते हुए पारसनाथ उरांव ने कहा कि जन समस्याओं के सामाधान को लेकर वे जनता के साथ खड़े हैं। उनकी हमेशा कोशिश रही है कि ग्रामीणों को उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध हों। आने वाले दिनों में उनके द्वारा खिजरी विधानसभा के प्रत्येक गांव-टोला में ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर सभा व जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। मौके पर उमेश महतो, शिवचरण महतो, रॉर्बट तिग्गा, दुर्गा महतो, फेड्रिक कच्छप, मोहन महतो, पुशराम चौधरी, श्रीकांत महतो, दिनेश महतो, मंटू सिंह, अनिल सिंह, फलिन्द्र महतो आदि मौजूद थे।

# इटकी कुर्गी पंचायत के तरगड़ी गांव में सरना स्थल का सुंदरीकरण कार्य शुरू



**इटकी (आजाद सिपाही)।** कुर्गी पंचायत के तरगड़ी गांव में सरना स्थल के सुंदरीकरण कार्य की शुरुआत गुरुवार को जन सहयोग से की गयी। इस क्रम में चबूतरे की ढलाई की गयी। कार्य की शुरुआत गांव के पाहन नीरज उरांव के नेतृत्व में सरना माता की पूजा अर्चना से की गयी। कार्य के नेतृत्वकर्ता मनी लंग व बुधु मुंडा ने जानकारी दी कि सुंदरीकरण के दौरान चबूतरा की घेराबंदी व टाइल्स लगाने के अलावा कई अन्य कार्य जनसहयोग से किये जायेंगे। कार्य में ग्राम प्रधान राजकुमार मुंडा, उदय मुंडा, नारायण पाहन, अनिता मिंज, मंगा पाहन व रतनी मिंज सहित अन्य शामिल थे।

# मारुति मंगल परिवार ने किया कंबल वितरण

**इटकी (आजाद सिपाही)।** मारुति मंगल परिवार की ओर से गुरुवार को कुंदी खेल मैदान में एक कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंद 21 सौ लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित सभी लोगों को भोजन भी कराया गया। वितरण कार्य की शुरुआत परिवार के अध्यक्ष विक्रम महतो, जिप सदस्य रीना देवी, प्रमुख किरण उरांव, बीडीओ गौतम प्रसाद साहू व सीओ रश्मि लकड़ा ने की। मौके पर संजय गोप, सत्यनारायण महतो सहित अन्य शामिल थे।

# बुढ़मू प्रखंड के बरौदी गांव में फलदार पौधों के रख-रखाव का दिया गया प्रशिक्षण

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी के तत्वावधान में गुरुवार को बुढ़मू प्रखंड के बरौदी गांव में फलदार पौधों के रखरखाव पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर कृषि वैज्ञानिक डॉ रविंद्र कुमार सिंह ने आम,लीची,अमरूद,चीकू आदि फलदार पौधों में होने वाले बीमारियों व उनके रखरखाव की विस्तृत जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि फलदार पौधों में फल आने से पूर्व गोमूत्र का छिड़काव कई बीमारियों से पौधों को बचाता है। साथ ही कृषि वैज्ञानिक ने कहा कि फलदार पौधों की खेती कर जहां किसान अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं वहीं फलदार पौधे पर्यावरण के लिए भी काफी लाभदायक हैं। मौके पर राधाकांत गिरि, छुन्नूलाल महतो,शिवशंकर महतो,अमानुल हक,सुभाष पुरी समेत अन्य किसान मौजूद थे।

**बैठक :** मांडर विधायक ने की विद्यालय प्रबंधन समिति के कार्यों की समीक्षा, कहा

# बच्चों के माता-पिता को भी समय के साथ अपनी जिम्मेवारी निभानी होगी

**शिक्षकों से कहा- विद्यालय की जो भी समस्याएं हैं उसका डिटेल बना कर मुझे उपलब्ध करायें, आने वाले विधानसभा के सत्र में रखूंगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मांडर।** प्रखंड अंतर्गत महुआजाड़ी पंचायत स्थित राजकीय कृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय में गुरुवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में विधायक ने प्राचार्य से स्कूल से संबंधित विभिन्न आंकड़ों की जानकारी हासिल की। कितने विद्यार्थी स्कूल में पढ़ते हैं, कितने बच्चें उपस्थित हैं और कितनों के अभिभावक इस कार्यक्रम में उपस्थित हैं। इस दौरान विधायक ने प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सदस्य से प्रबंधन समिति की बैठक के बारे में जानकारी ली। साथ ही विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को भी निर्देश दिया कि महीना में एक बार प्रबंधन समिति की बैठक होनी चाहिए। इसके बाद कार्यक्रम में आये लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का समय बहुत बदल गया है। समय के साथ चलना होगा। बच्चे अपने माता-पिता को देखकर सीखते हैं। आपको भी अपनी जिम्मेवारी निभानी होगी। शिक्षकों को भी उन्होंने निर्देश दिया कि विद्यालय के जो तीन शिक्षक प्रतिनियुक्ति पर हैं, उन्हें जल्द वापस लायें। विद्यालय की जो भी समस्या है, चाहे विद्यालय भवन मरम्मत का मामला हो, बेंच टेबल का मामला हो, रंगाई पुताई का मामला हो, उसका डिटेल बनाकर मुझे उपलब्ध करायें, ताकि मैं आने वाले विधानसभा सत्र में इसे रख सकूं।

मौके पर बीडीओ सुलेमान मुंडरी, सीओ विजय हेमराज खलखो, प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, मुखिया सुनील, मंगा उरांव, जमील मल्लिक, नसीम अंसारी, आबिद अंसारी, रशीद खान, अनुप लोहरा, छोटन उरांव एवं अन्य उपस्थित थे।

# सांसद के प्रयास से मांडर विधानसभा में सात सड़कों का होगा निर्माण

**भाजपा सरकार ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है : राकेश भगत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुदर्शन भगत के प्रयास से मांडर विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री सड़क निर्माण योजना के तहत सात सड़कों की स्वीकृत करायी गयी है। जिसकी जानकारी देते हुए जिला सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार भगत ने कहा कि भाजपा सरकार ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सांसद के प्रयास से पूरे मांडर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण होने से पूरा मांडर विधानसभा क्षेत्र विकास की मुख्य धारा से जुड़ जाएगा। प्रखंड के दर्जनों गांवों का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से हो जाएगा। जिससे सैकड़ों गांवों के लोगों व किसानों को सुविधा मिलेगी। इस सड़क निर्माण योजना में क्रमशः मांडर के ब्राम्बे से मल्टी मोड़ से चटवल तक, सोसाई से नारी भाया बनझिला चान्हो में बिजुपाड़ा खलारी रोड से हेटनाई भाया लपसर तक, लापुंग में फतेहपुर रोड से बाका केरा, करगे से पतरा टोली तक, बेड़ो तुको मल्टी भाया सेमर टोली तक, गड़गांव से टिकरा टोली तक तक, बेड़ो से मुरतो डूमर टोली, टेरो और नवा टोली तक पथ निर्माण कार्य किया जाएगा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, कुमुद वर्मा, मोती गुप्ता मौजूद थे।

# रातू काठीटांड़ चौक से बाइक की चोरी

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के काठीटांड़ स्थित रांची बाजार के पास से गुरुवार की दोपहर रानी बगीचा निवासी नवीन गुप्ता की पल्सर बाईक जेएच 01 बीयू 2356 को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। जानकारी अनुसार श्री गुप्ता रोजाना की तरह अपनी बाईक को खड़ा कर अपनी दुकान में काम करा रहे थे। दोपहर लगभग एक बजे जब वे घर जाने के लिए बाईक के पास आये तो देखा उनकी बाईक गायब है। काफी खोजबीन के बाद भी उनकी बाईक का पता नहीं चल पाया। इस बाबत उन्होंने रातू थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है।

# बेड़ो बाजारटांड़ से बाइक की चोरी

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** बेड़ो क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में कमी आने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार को बाजार टांड़ के समीप एक होटल के सामने गुरुवार को बाजार के भीड़भाड़ वाले दिन हीरो पैंशन प्रो बाइक को दिन-दहाड़े चोर उड़ा ले गए। पुलिस ने बाइक मालिक की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को लिखित आवेदन में दोलैचा लापुंग निवासी संजय कुमार सिंह ने बताया कि वह अपने हीरो पैंशन प्रो बाइक नं. जेएच 01एआर 7091 से बाजार टांड़ चाय पीने आये थे। अपनी बाइक होटल के समीप 3:40 में खड़ी की थी और 3:55 में जब होटल से चाय पीकर पीछे मुड़े तो बाइक गायब थी। काफी देर तक बाइक की तलाश भी की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया।

# 21 जनवरी को होने वाले सुंदरकांड पाठ को लेकर श्रीमानस प्रचार मंडल के सदस्यों ने किया जनसंपर्क

आजाद सिपाही संवाददाता

**प्राचीन राधाकृष्ण मंदिर परिसर में क्षेत्र के विभिन्न गांवों के 1001 पाठकर्ता करेंगे सुन्दर कांड के साठ दोहा का सस्वर पाठ**

**पिस्कानगड़ी।** विश्व शांति जन जन सनातन धर्म और श्री राम चरित मानस के पंचम सोपान सुन्दर कांड का प्रचार प्रसार के उद्देश्य से नगड़ी के श्री मानस प्रचार मंडल के सक्रिय सदस्यों के द्वारा आगामी 21 जनवरी 2023 दिन शनिवार को होने वाला एक दिवसीय सुंदरकांड पाठ के लिए नगड़ी प्रखंड के गांव-गांव टोला में जन संपर्क किया जा रहा है। आयोजक मंडली के सदस्यों के द्वारा गुरुवार को नगड़ी में जनसंपर्क कार्यक्रम का आंरभ किया। मौके पर आयोजक मंडली के सदस्यों ने बताया कि आगामी 21 जनवरी को नगड़ी के प्राचीन राधाकृष्ण मंदिर परिसर में क्षेत्र के विभिन्न गांवों के 1001 पाठ कर्ताओं के द्वारा सुन्दर कांड का साठ दोहा सस्वर किया जाएगा। सामूहिक पाठ 21 जनवरी को सुबह साढ़े नौ बजे मंत्रोच्चारण के साथ 1001 पाठकर्ता के द्वारा सुन्दर कांड का शुभारंभ किया जाएगा।

जनसंपर्क अभियान को सफल बनाने में हेमंत केसरी, संजीव केसरी, कमलेश केसरी, रामानंद केसरी, रघुनंदन केसरी, अनन्त पाठक, अखिलेश केसरी, राजेश केसरी, शम्भू चौधरी, अरुण प्रमाणिक, अवधेश केसरी, आनंद पाठक, नितेश पाठक, राजकमल चौधरी, सुमित चौधरी, देवानंद चौधरी, चंद्रकांत पाठक सहित दर्जनों सदस्य शामिल थे।

**खेलकूद :** चैंपियन ट्रॉफी फुटबाल टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मैच

# हुलहुंडू को हराकर नामकुम की टीम फाइनल में पहुंची

**नामकुम के गोलकीपर तरुण महतो बने मैन आफ द मैच**

आजाद सिपाही संवाददाता



## फाइनल मैच सात जनवरी को

चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मैच 7 जनवरी को फोरएस बड़ाम एफसी और सावना लकड़ा एफसी नामकुम के बीच दो बजे से खेला जाएगा।

**सिकिदिरी।** स्वर्णरेखा फुटबाल क्लब सिकिदिरी की ओर से आयोजित चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट में गुरुवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल के बेहद रोमांचक मुकाबले में सावना लकड़ा एफसी नामकुम की टीम हुलहुंडू एफसी को पेनाल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर फाइनल में पहुंच गई। खेल के पहले हाफ में दोनों ही टीमें एक-दूसरे पर हावी रहीं। नामकुम की टीम ने तीन और हुलहुंडू की टीम ने दो गोल करने का अवसर गंवाया। मध्यांतर तक दोनों ही टीमें गोल रहित रही। खेल के दूसरे हाफ में भी दोनों ही टीमें एक दूसरे पर हावी रही। दोनों ही टीमों ने एक-दूसरे के गोल पोस्ट पर कई निशाना साधा। खेल के 56वें मिनट में हुलहुंडू की ओर से सुमित कुजूर ने शानदार गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। नामकुम की ओर से 80वें मिनट में सुनील लोहार ने शानदार गोल कर मैच को बराबरी पर ला दिया। निर्धारित समय तक मैच बराबरी पर रहने के बाद पेनाल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। पेनाल्टी शूटआउट में नामकुम ने हुलहुंडू को 4-2 से हराया।

बेहतर बचाव के लिए नामकुम के गोलकीपर तरुण कुमार महतो को मुख्य अतिथि नेवरी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मदन महतो व विशिष्ट अतिथि रांची नगर निगम की वार्ड पार्षद रौशनी खलखो, अनगड़ा पश्चमी की जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, कुटे पंचायत समिति सदस्य अमीर हमजा अंसारी और विधायक प्रतिनिधि अजगुत करमाली ने संयुक्त रूप से मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच देखने भारी संख्या में खेल प्रेमी पहुंचे थे। दर्शक अपनी-अपनी पसंदीदा टीम के खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रहे थे। मैच का संचालन समिति के प्रवक्ता शिवधर रजवार ने किया।

मैच की सफलता में आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक सोमनाथ मुंडा, संरक्षक फारूक खान, अध्यक्ष राजेश पहान, सचिव प्रकाश कुमार यादव, रथुवा मुंडा, अशोक रजवार, बलराम कुमार साहू, जोतिलाल रजवार व जगदीश रजवार ने

## महत्वपूर्ण न्यूज

# भारत स्वाभिमान पतंजलि योगपीठ का 28वां स्थापना दिवस मनाया गया



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** शिवाजी स्कूल दड़दाग में युवा प्रभारी रणधीर कुमार चौधरी की अध्यक्षता में भारत स्वाभिमान पतंजलि योगपीठ का 28वां स्थापना दिवस मनाया गया। करो योग, रहो निरोग पर प्रकाश डालते हुए युवा प्रभारी द्वारा छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को विस्तृत जानकारी दी गयी। भारत स्वाभिमान के स्थापना दिवस के अवसर पर लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी गयी। कार्यक्रम में योग गुरु डॉ पारसनाथ महतो के द्वारा योग का महत्व एवं आयुर्वेद के बारे में छात्रों को जानकारी दी गई। प्रो. शैलेंद्र मिश्रा ने पतंजलि द्वारा किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए लोगों को संकल्प दिलाया। स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश युवा प्रभारी रणधीर महतो, डॉ पारसनाथ महतो, प्रो. शैलेन्द्र मिश्र, प्राचार्य धनी लाल महतो, ओरमांझी प्रखंड युवा प्रभारी अनिल कुमार महतो, विगेदर महतो, महेंद्र मानकी, सुरेंद्र महतो, रंजीत कुमार, रीता मुक्ता, रुदन प्रिया, रीता देवी, आशा देवी, लक्ष्मण महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# हजारीबाग टोल-वे ने पिस्का हाई स्कूल में दिये बेंच एवं अन्य सामान



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** क्यूब रूट के सौजन्य से हजारीबाग टोल-वे के द्वारा पिस्का हाई स्कूल में बच्चों के बैठने के लिए बेंच, सभी क्लास रूम के लिए टेबल, दो आलमीरा, सैनिटरी पैड डिस्पोजबल मशीन दी गयी। हजारीबाग टोल-वे के द्वारा प्रत्येक वर्ष टोल के आसपास के क्षेत्र में विकास के लिए सराहनीय कार्य किया जाता है। कभी मैट्रिक परीक्षा में अच्छे नंबर से पास विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देकर तो कभी टोल के पास स्थित अस्पताल में इसीजी मशीन देकर। मौके पर हजारीबाग टोल-वे के वीएस राजावत, चेतन मल्बारी, राजेश वर्मा, रंजीत ठाकुर, राहुल तिवारी, मुखिया रीना देवी, उमा माहेश्वर साहू, स्कुल के प्रभारी प्रधानाचार्य धनंजय सिंह, सीमा तिवारी, तरुण सिंह, परमानंद महतो, रविन्द्र नाथ महतो, शान्तनु कुमार, आशीष कुमार, सुमेधा कुमारी, मीनाक्षी, मनीला धवल, नीलम कुसूम लकड़ा, भुनेश्वर कुमार सहित स्कूल के बच्चे उपस्थित थे।

# युवा नेता सन्नी टोप्पो ने मृतक मजदूर के परिजन से मिल कर की आर्थिक मदद



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लमकाना गांव निवासी मजदूर हिंदू उरांव की सोमवार की रात्रि बेड़ो बाजार टांड़ के शेड में रात भर रह जाने और ठंड लग जाने के कारण मौत हो गई। जिसके बाद हिंदू उरांव के परिवारों में पत्नी समेत बच्चों के समक्ष जीवन यापन को लेकर एक बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। बताया जा रहा है कि हिंदू उरांव अपने घर की माली स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण सोमवार को अपने घर से बाहर काम करने जाने को लेकर निकला था। लेकिन सोमवार की रात्रि में बेड़ो बाजार टांड़ के शोड में उसकी मौत अत्यधिक ठंड लगने से हो गई। इधर हिंदू उरांव की ठंड लगने से हुई मौत के बाद बुधवार को मांडर विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ मृतक हिंदू उरांव के घर लमकाना गांव पहुंचकर स्वजनों से मिले। जहां उन्होंने मृतक मां, पत्नी व बच्चों को ढांढस बंधाया और आर्थिक मदद करते हुए आगे भी हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर महादेव कुजूर, अनमोल विनय तिर्की, नारायण महली, राजेश सहाय, परमेश्वर प्रजापति, राकेश उरांव, लक्ष्मी साहू, ईश्वर साहू समेत कई लोग मौजूद थे।

# चान्हो में जंगल बचाओ समिति का गठन



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चोड़ा में गुरुवार को अनिल उरांव की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में जंगल बचाओ समिति बनायी गयी। जिसका अध्यक्ष अनिल उरांव को बनाया गया। समिति क्षेत्र के सभी लोगों को जंगल के प्रति जागरूक करेगी। जिससे कि बिना जरूरत पेड़ों की कटाई को रोका जा सके। ज्ञात हो कि चामा पंचायत से बीजूपाड़ा मांडर के साप्ताहिक बाजारों में भारी मात्रा में लकड़ी बेची जाती है। साथ ही विभिन्न पंचायतों के लोग भी ईंधन के लिए जंगलों की कटाई करते हैं। उन्हें भी लकड़ी ले जाने से रोका जायेगा। पंचायत के मुखिया से अपील की गयी कि मनरेगा योजना के माध्यम से लोगों को रोजगार से जोड़ा जाए। जिससे जो लोग लकड़ी के कारोबार में लगे हैं उन्हें अपनी आजीविका में कोई परेशानी ना हो। मौके पर पंचायत के मुखिया विश्वनाथ भगत, वन क्षेत्र फॉरेस्ट गार्ड संजय पाहन, अली हसन अंसारी, कजरू उरांव, मुमताज अंसारी, कार्तिक भगत, एतवा उरांव एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# जिला गव्य विकास ने किया कार्यशाला का आयोजन



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चोरेया पंचायत सचिवालय में गुरुवार को जिला गव्य विकस द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए उन्होंने कहा कि गौ पालन करके अपनी आर्थिक स्थिति अच्छी की जा सकती है। सभी योग्य लोगों को सरकार की इस लाभकारी योजना का फायदा उठाना चाहिए। इसमें अपनी कुल मूल्य का 10 प्रतिशत जमाकर मुख्यमंत्री गव्य विकास योजना का लाभ ले सकते हैं। बचे हुए 90 प्रतिशत सरकार वहन करेगी। कार्यक्रम को गव्य विकास से आये प्रोग्राम ऑफिसर मनोज कुमार और जगलाल प्रसाद ने भी संबोधित किया। साथ ही पंचायत की मुखिया रेखा सांगा ने भी लोगों से लाभ उठाने की अपील की। मौके पर उप मुखिया सरिता देवी, विजय सोनी, सुशीला देवी, दुग्ध शीतल केंद्र के अरबिन्द सिंह के साथ दर्जनों महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

# अजब प्रेम की गजब कहानी रांग नंबर से हुआ प्यार

## पति और दो बच्चों को छोड़ कर प्रेमी के पास फरार हो गयी पत्नी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** रांग नंबर से शुरू हुआ अजनबी रिश्ता युवती को इतना पसंद आ गया कि वह दो बच्चे के साथ-साथ पति को भी छोड़ कर फरार हो गयी। मामला सदर थाना क्षेत्र के खनवा गांव का है। यहां रहनेवाले मदन सिंह की शादी नौ वर्ष पहले छतरपुर की रहनेवाली सुनीता देवी (25) के साथ हुई थी। 7 जुलाई 2022 को महिला के नंबर पर एक अनजान नंबर से फोन आया। उसके शहर से लगभग चौदह सौ किलोमीटर दूर राजस्थान के रंगमहल से यह फोन आया था। फोन से बातचीत में संबंध इतना मजबूत हो गया कि चौदह सौ किमी की दूरी भी इन्हें एक होने से नहीं रोक सकी। राजस्थान से जिस युवक का फोन महिला के नंबर पर आया था, उसका नाम उदम नाथ जाट है।

### घर छोड़कर हो गयी फरार

सुनीता और उदम इसी तरह लगातार तीन महीने तक बात करते रहे। इस बातचीत में ही दोनों ने साथ रहने का फैसला कर लिया। सुनीता अपने प्रेमी से मिलने के लिए 22 अक्टूबर को घर से फरार हो गयी। सुनीता के दो बच्चे हैं, जिनकी उम्र छह और सात साल की है। घर छोड़ कर भ्रागी तो पति परेशान हो गया। पति ने पत्नी के गायब होने की शिकायत थाने में की।

### पति ने पत्नी को दी प्रेमी के साथ रहने की इजाजत

दूसरी तरफ सुनीता ने अपने प्रेमी से शादी कर ली। पुलिस जब सुनीता की तलाश करने लगी, तो लंबी चौड़ी कॉल डिटेल पुलिस के हाथ लगी। पुलिस को अनुसंधान के क्रम में राजस्थानी युवक के संबंध में पता चला। पुलिस ने महिला से किसी तरह संपर्क स्थापित किया और वापस बुलाया। पत्नी वापस लौट गयी, लेकिन कुछ दिनों के बाद प्रेमी भ्री उसकी तलाश में गांव पहुंच गया। उसने बताया कि दोनों ने शादी कर ली है।
दोनों को थाने बुलाया गया। सुनीता का पहला पति भ्री थाने पहुंचा। पति ने ही पत्नी और उसके प्रेमी को साथ रहने की इजाजत दे दी। थाना प्रभ्रारी गौतम कुमार ने बताया कि पति और पत्नी के बीच तलाक की सहमति बन गयी है। पति ने पत्नी को प्रेमी के साथ जाने दिया है।

# सदर एसडीओ ने डालटनगंज स्टेशन परिसर पर जलाया अलाव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** कंपकपाती ठंड को देखते हुए डालटनगंज ऑल इंडिया टिकट चेकिंग स्टॉफ ऑर्गनाइजेशन एवं ईसट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस शाखा डालटनगंज की ओर से बुधवार की देर शाम स्टेशन परिसर में अलाव की व्यवस्था की गई। पलामू एसडीएम राजेश साह ने ऑर्गनाइजेशन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में अलाव जलाकर इसकी शुरूआत की। अलाव जलते ही वहां ठंड से निजात पाने के लिए सैकड़ो यात्री जुट गए। एसडीओ ने कहा कि अचानक ठंड बढ़ गयी है ऐसी स्थिति में अलाव की व्यवस्था करना पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि स्टेशन परिसर में सैकड़ों जरूरतमंद लोग शहर के कई हिस्सों से आकर रात्रि विश्राम करते हैं।वहीं ट्रेन की प्रतीक्षा में भी स्टेशन परिसर में रात भर यात्रियों की भीड़ जमी रहती है। ऐसे में स्टेशन परिसर में अलाव की व्यवस्था करना समाजसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। यहां यह भी बताना जरूरी है कि टिकट चेकिंग स्टॉफ ऑर्गनाइजेशन एवं ईसट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस अपने दायित्वों के निर्वहन से बचे समय का सदुपयोग समाजसेवा में करते रहा है। चाहे वह कोरोना काल में अपनी जान की बिना परवाह किये पीड़ित लोगों को बढ़चढ़ सेवा करने की बात हो या फिर लोगों को टीका लेने के लिए उन्हें जागरूक करने की।

# खेल प्रतियोगिता से युवा प्रतिभाओं में निखार आता है : संजय बैठा



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत उरसुला कर्बला चौक खेल मैदान में आयोजित युवा बौलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गुरुवार को खेला गया। संघर्षपूर्ण मुकाबले में उरसुला की टीम ने डिहारिया टीम को हरा कर टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया। विजेता और उप विजेता टीमों के बीच ट्रॉफी पदक का वितरण बतौर मुख्य अतिथि निवर्तमान जिला योजना समिति सदस्य संजय बैठा व विशिष्ठ अतिथि बीजेएमसी जिलाध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। इसके अलावा आयोजकों द्वारा विजेता टीम को 41 हजार व उप विजेता टीम को 31हजार रूपए नकद पुरस्कार के रूप में दिया गया। टूनार्मेंट के आयोजक संजय बैठा ने कहा कि इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्रीय युवा प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से किया गया था। ऋतुराज मिश्रा ने कहा कि युवा खेल के क्षेत्र में भी अपना कैरियर तलाश करें। उन्हे हर संभव सहयोग दिया जायेगा। मौके पर अरबाज अंसारी,धनंजय पांडेय,कामेश्वर मेहता,रिंकू पासवान,श्रवण दीक्षित,दीपक दीक्षित,मंसूर हुसैन,तौकीर आलम,बबन पासवान,अरुण तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# मां की प्रेरणा से क्षेत्र को शैक्षणिक हब के रूप में किया स्थापित : चंद्रवंशी



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद के रेहला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी महिला महाविधालय का स्थापना दिवस गुरुवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी,आरसीयू के कुलाधिपति डां ईश्वर सागर चंद्रवंशी,वीसी कल्याण कुमार व जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य नूतन रानी ने किया। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि विश्रामपुर रेहला जैसे पिछड़े क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थान खोलने के लिए उन्हें मां की ओर से प्रेरित किया गया था। उनकी इच्छाओं को पूरा करने के क्रम में यह क्षेत्र आज शैक्षणिक हब के रुप में स्थापित हो चुका है। कल तक दूसरे राज्य में भटक कर शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र छात्राएं विश्रामपुर में हीं पढ़कर डॉक्टर व इंजीनियर सहित उच्च डिग्री हासिल कर रहे है। श्री चंद्रवंशी ने अपनी मां लक्ष्मी चंद्रवंशी के जीवन पर चर्चा करते हुए कहा कि मां मजदूरी कर दोनों भाई को पढ़ाने का काम किया। मां के कहने पर क्षेत्र में कई महिला कालेज स्थापित किया। विशिष्ट अतिथि पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने कहा कि क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि स्थानीय बच्चों को पढ़ने के लिए मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेज विश्रामपुर में उपलब्ध है। जहां गरीब परिवार के बच्चे भी बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपनी भविष्य का निर्माण कर रहे है। समारोह में विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी,रवींद्र नाथ उपाध्याय,विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम,संतोष राम, शिवबंश मिश्रा,देवनारायण सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# मासूम आर्ट के कलाकारों ने बेतला में बांटे कंबल एवं कपड़े



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मासूम आर्ट ग्रुप के द्वारा बेतला नेशनल पार्क के समीप कंबल वितरण किया गया। स्वर्गीय प्रभात रंजन मुखर्जी स्मृति वस्त्र वितरण के द्वितीय चरण के तहत यह कार्यक्रम किया गया। ज्ञात हो की मासूम आर्ट ग्रुप के द्वारा पिछले नौ वर्षो से लगातार ठंड के समय पीटीआर के सुदूर ग्रामीण इलाके में जरूरतमंदों के बीच वस्त्र वितरण किया जाता है। गुरुवार को बेतला के भुइयां टोली के जरूरतमंदों के बीच कंबल और पुराने कपड़े बांटें गए। मौके पर मौजूद वरीय रंगकर्मी मुनमुन चक्रवर्ती ने कहा कि कलाकार सिर्फ कला तक ही सीमित नहीं है बल्कि अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत जरूरतमंदों को राहत भी पहुंचाता है। दूसरे और तीसरे चरण के कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्रजेश कुमार, मोहन केडिया, बबलू चावला, अरविंद अग्रवाल, देवाशीष सेनगुप्ता, आभा मुखर्जी, सजल चक्रवर्ती, रोहित जैन, अर्चना प्रिया का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मासूम के सचिव सैकत चटर्जी, रंगकर्मी अमर कुमार भांजा, उज्ज्वल सिन्हा, बेतला के मोहम्मद मुश्ताक, फैयाज अंसारी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# अधिवक्ता न्यायिक कार्य से अलग रहेंगे : महासचिव

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** कोर्ट फीस बढ़ोतरी वापस लेने , अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने व अन्य मांगों को लेकर झारखंड स्टेट बार काउंसिल के निर्देश पर पलामू जिला अधिवक्ता संघ के भी सभी अधिवक्ता शुक्रवार से काउंसिल के अगले आदेश तक न्यायिक कार्य से अपने को अलग रखेंगे। उक्त आशय की जानकारी पलामू जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव सुबोध कुमार सिन्हा ने दी ।उन्होंने बताया कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल रांची के निदेर्शानुसार न्यायिक कार्य से अलग रहने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व एक्सकुटिभ कोर्ट के पदाधिकारियों को उक्त आशय की सूचना भेज दी गई है। उन्होंने पत्र भेजकर आग्रह किया है कि इस दौरान पीड़क कार्रवाई नहीं की जाए।

# अगली बार निरीक्षण में गड़बड़ियां मिली तो नपेंगे कस्तूरबा के सभी कर्मी : डीइओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर(पलामू)।** पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल चौधरी गुरुवार को विश्रामपुर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर वार्डेन सहित अन्य शिक्षिकाओं एवं कर्मियों को अपनी कार्यशैली में सुधार करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने दो टूक लहजे में स्पष्ट तौर पर सभी को कहा कि पढ़ाई सहित पूरी व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो अगली बार निरीक्षण में सभी पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने वार्डेन उषा कुमारी से सभी छात्राओं को अविलंब स्कूल पहुंचने की सूचना देने की हिदायत दिया ताकि छुट्टी के बाद सभी छात्राएं स्कूल पहुंच सकें। डीईओ ने विद्यालय की व्यवस्था पर काफी नाराजगी प्रकट किया। उन्होंने पूरी व्यवस्था में तब्दीली लाने का निर्देश वार्डेन एवं लेखापाल को दिया। श्री चौधरी ने वार्डेन को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अगले बार निरिक्षण के दौरान अगर गड़बडियं मिली तो पद से हटा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि छात्राओं कि पढाई में किसी तरह की कोताही बर्दास्त नहीं किया जायेगी। छात्राओं को अपनी बच्ची समझ कर उन्हें बेहतर शिक्षा दें। अंशकालिक शिक्षिकाओं के बढ़े मानदेय पर भी उन्होंने सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान वहां के पांच अंशकालिक शिक्षिकाएं डीईओ से बढ़े मानदेय की भुगतान कराने का अनुरोध किया था। डीईओ श्री चौधरी ने यह भी कहा कि क्षतिग्रस्त चाहरदिवारी का जल्द ही निर्माण करा दिया जायेगा। निरीक्षण के दौरान वार्डन उषा कुमारी, लेखापाल अमित श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# डीसी ने की अनुकंपा समिति की बैठक



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने गुरुवार को अनुकंपा समिति की बैठक की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में कुल 10 आवेदकों को नौकरी देने का निर्णय लिया गया। जिसमें सामान्य अनुकंपा के 8 मामले थे जबकि चौकीदारी के दो मामले शामिल थे। मालूम हो कि आज की इस बैठक में कुल 22 मामलों की समीक्षा की गयी जिसमें सामान्य अनुकंपा के 20 मामलों की समीक्षा की गयी वहीं चौकीदारी के दो मामलों की समीक्षा की गयी। बैठक में डीसी श्री दोड्डे ने एक-एक कर सभी आवेदकों की शैक्षणिक योग्यता और एनओसी समेत अन्य जरूरी दस्तावेजों की जानकारी प्राप्त कर नियुक्ति के लिये आवश्यक व उचित कार्रवाई करने का दिशा-निर्देश दिया। मौके पर डीडीसी रवि आनंद,अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह,स्थापना उप समाहर्ता निशा तिर्की,जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू,जिला शिक्षा अधीक्षक समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# राजा मेदिनी राय नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** युवा जागृति केंद्र की चैनपुर प्रखंड समिति के द्वारा आयोजित राजा मेदिनी राय नॉकआउट फुटबॉल टूनार्मेंट चैनपुर प्रखंड के बहेरा कला स्थित नर्सरी ग्राउंड में शुभारंभ हुआ। टूनार्मेंट का उद्घाटन युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बीडीओ गिरवर मिंज उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन सोनू गुप्ता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राजन सिन्हा ने कहा कि पलामू के गौरवमयी इतिहास के स्मरण एवं उसे समृद्ध करने की आवश्यकता है। महान चेरो शासक राजा मेदिनी राय पलामू के समृद्ध इतिहास के प्रतीक हैं तथा उनका व्यक्तित्व युवाओं के लिए अनुसरण करने योग्य है। बिना



स्वयं के इतिहास को जाने भविष्य का निर्माण नहीं हो सकता। साथ ही साथ क्षेत्र में युवाओं के बीच खेल की भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास होना भी अत्यंत आवश्यक है। बीडीओ गिरवर मिंज ने कहा युवा जागृति केंद्र चैनपुर प्रखंड समिति के द्वारा आयोजित यह टूनार्मेंट स्वागत योग्य है तथा इससे क्षेत्र के युवाओं मे अनुशासन का संचार होगा। चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष विश्वास सिंह उर्फ गुड्डन जी ने बताया की टूनार्मेंट में 16 टीमें भाग ले रही हैं तथा चैनपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों की टीमों टूनार्मेंट में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया है। रेफरी अजय कुमार सिंह, संतोष उरांव लाइनमैन सूरज सिंह एवं विनय सिंह की उपस्थिति में प्रथम मैच जनगरा एवं सरजा के बीच खेला गया। किार्यक्रम में सलतुआ मुखिया, सेमरा मुखिया वसंत जी, युवा जागृति केंद्र जिला सचिव अमित रंजन, छोटू तिवारी, राकेश विश्वकर्मा, संतोष गुप्ता, बिट्टू पासवान, राहुल पासवान, शैलेंद्र सिंह, आस मोहम्मद अंसारी, अली अंसारी, अनुज गुप्ता, संतोष उरांव, संदीप उरांव, प्रधान प्रसाद, संतु सिंह, फेकन राम, बबन सिंह, मुन्ना जी, चौकीदार विश्वास सिंह, श्रवण पासवान, युगल किशोर सिंह, सुनील सिंह, दिलीप प्रसाद के साथ-साथ सैकड़ों कार्यकर्ता एवं दर्शक उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद में गंभीर हुआ बालू संकट, निर्माण कार्य ठप

धनंजय कुमार

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** बालू संकट क्षेत्र के विकास के लिए गंभीर समस्या बन गयी है। हुसैनाबाद में बालू नहीं मिलने के कारण विकास कार्य पूरी तरह से बंद है।वहीं भवन निर्माण कर रहे लोगों की भी परेशानी काफी बढ़ गयी है। बालू के अभाव में सरकारी या निजी भवन निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। हुसैनाबाद प्रखंड के आवास कॉर्डिनेटर अजय कुमार ने बताया कि हुसैनाबाद प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना के 776 आवास अधूरा पड़े हैं। जबकि नगर पंचायत क्षेत्र में भी सैकड़ो लाभुकों का आवास अधूरा है। वहीं निजी क्षेत्रों में भवन निर्माण में जुटे लोगों का निर्माण कार्य बालू के अभाव में बंद है। सड़क ,नाली,भवन समेत कई सरकारी निर्माण कार्य बालू की किल्लत के कारण बंद है। इन दिनों चोरी-छिपे बालू की बिक्री भी बंद है। हालांकि लोग काफी महंगे दाम पर बालू की व्यवस्था कर लेते थे।ताकि किसी तरह अपना आशियाना बना लें। लेकिन अब बिल्कुल बंद है। बालू नहीं मिलने के कारण निजी या सरकारी भवन निर्माण का कार्य बंद है। इसके कारण दिहाड़ी मजदूरों को रोजगार नहीं मिल रहा है। निर्माण कार्य से जुड़े मजदूरों के रोजी-रोटी पर संकट उत्पन्न हो गया है। बालू की किल्लत की वजह से इससे जुड़े व्यवसाय पूरी तरह ठप है।छड़-सीमेंट व इट भठ्ठा से जुड़े व्यवसाय बालू के कारण पूरी तरह प्रभावित है। निर्माण सामग्रियों की बिक्री करने वाले कारोबारियों का कहना है कि बालू की किल्लत के कारण विगत कई माह से सीमेंट, छड़, स्टील आदि की मांग में 80 फीसदी तक कमी हो गयी है।वही भवनों का निर्माण कार्य बंद होने से वायरिंग का काम भी ठप्प हो गया है। इससे इलेक्ट्रिक सामानों की बिक्री भी काफी प्रभावित है। यानी बालू की कमी की चौतरफा मार बाजार पर पड़ रही है।

## स्पोर्ट्स

# शुभकामनाओं के साथ एथलीट आशा किरण बारला सीनियर इंडिया कैंप के लिए बेंगलुरु रवाना

**रांची ।** झारखंड तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष अर्चित आनंद और झारखंड तैराकी संघ की अध्यक्षा बरखा सिन्हा से अंतरराष्ट्रीय धावक आशा किरण बारला ने गुरुवार को मुलाकात की श्री



अर्चित आनंद और श्रीमति बरखा सिन्हा ने उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। पता हो कि 31 मार्च तक बेंगलुरु में भारतीय एथलीटों का प्रशिक्षण शिविर के लिए झारखंड से आशा किरण बारला को भी आमंत्रित किया गया है। आशा इस कैंप के लिए झारखंड से चयनित होनेवाली एकमात्र एथलीट हैं। आशा गुरुवार की शाम बेंगलुरु पहुंच जाएंगी और कैंप का हिस्सा बन जाएंगी।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

### शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/HZB/30/2022-23 पी0आर0 संख्या 286297 Rural Development(22-23).D में निम्न संशोधन किया जाता है:–

1. कार्य पूर्ण करने की अवधि:– 12 माह
2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 11.01.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 24.01.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग / मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Affidavit एवं Bank certificate for Credit Facility जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:–25.01.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा खोलने का स्थान – मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–27.01.2023 अपराह्न 2:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8986648686 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय हो, देना होगा।
10. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जाएगी।
11. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रुप में जमा करना होगा।
12. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

निविदा की शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 286799 (Rural Development) 22-23 (D)

## झारखण्ड सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय
## 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची
## ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 220/2022-23/RWD/HAZARIBAGH दिनांक :- 05.01.2023

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/ HAZARIBAGH/ 17/2022-23 | एन0एच0–02 चैथी मोड़ से लेढ़िया नदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं– 6.225 कि0मी0) | 3,49,46,900.00 | तीन करोड़ उनचास लाख छियालीस हजार नौ सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 2. | RWD/ HAZARIBAGH/ 18/2022-23 | पी0डब्लू0डी0 चौपारण चतरा रोड बारा चौक से केन्दुआ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं– 3.300 कि0मी0) | 2,29,15,000.00 | दो करोड़ उनतीस लाख पन्द्रह हजार रू0 मात्र | 12 माह |
| 3. | RWD/ HAZARIBAGH/ 19/2022-23 | महाराजगंज चौक से चयकला होते हुए लेढ़िया नदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं– 3.200 कि0मी0) | 2,18,30,500.00 | दो करोड़ अठारह लाख तीस हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 12 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 17.01.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 30.01.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– 31.01.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 01.02.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक / अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम / अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, हजारीबाग के पक्ष में एवं हजारीबाग में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 286766 Rural Work Department(22-23)D

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बीसीसीएल वेलफेयर बोर्ड के सदस्यों ने विभिन्न फिल्टर प्लांट व अस्पतालों का किया निरीक्षण



तेतुलमारी (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल वेलफेयर बोर्ड के सदस्यों ने गुरुवार को कतरास क्षेत्र के विभिन्न फिल्टर प्लांट व अस्पतालों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों व सदस्यों ने संतोष व्यक्त करते हुए फिल्टर प्लांटों और अस्पतालों को और बेहतर करने की बात कही। निरीक्षण में उप महाप्रबंधक कार्मिक कल्याण आरके मिश्रा, उप प्रबंधक कार्मिक कल्याण किरण रानी नायक, कल्याण पदाधिकारी रितेश कुमार, कतरास क्षेत्र के महाप्रबंधक एमएस दूत, अपर महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक विनोद कुमार, क्षेत्रीय असैनिक अभियंता कौशल सिंह, क्षेत्रीय प्रशासनिक पदाधिकारी सौरव सिंह वेलफेयर बोर्ड के सदस्य एसएस दे, शत्रुघ्न महतो, संजीत सिंह, गंगासागर राय, हलधर महतो और अशोक साव आदि शामिल थे।

### टुसू निर्माण कार्यशाला का उद्घाटन



बोकारो/कसमार (आजाद सिपाही)। सिंहपुर जागो जगाओ सांस्कृतिक कला मंच की ओर से आयोजित टुसू निर्माण कार्यशाला का गुरुवार को शिवपुर इंटर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार महतो ने विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपस्थित संस्था के निदेशक बिनोद कुमार महतो 'रसलीन' सह संयोजक टुसू निर्माण कार्यशाला के रसलीन ने कहा कि यह टुसू निर्माण कार्यशाला सांस्कृतिक उत्थान, संवर्धन को अक्षुण्य रखने के लिए किया गया है। प्रथम दिन लगभग 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष अशोक महतो, बलराम महतो, काशी नाथ महतो, फुलचंद महतो, नरेश रजक, अजय कुमार महतो, आशीष कुमार जयसवाल, प्रतिमा कुमारी, निभा कुमारी जयसवाल, छोटू कपरदार, प्रहलाद चंद्र महतो, रामदेव कुमार मुर्मू, मुरारी महतो, मृत्युंजय महतो, कार्यशाला के प्रशिक्षक प्रकाश कुमार महतो, करण कुमार महतो, अमर कुमार महतो, मनोज कुमार महतो, समीर अंसारी, ठाकुर दास महतो, नेहा कुमारी, सविता कुमारी आदि उपस्थित रहे।

### बीएसएल में सड़क सुरक्षा रथ को किया गया रवाना




बोकारो (आजाद सिपाही)। बीएसएल के सुरक्षा अभियंत्रण विभाग के तत्वावधान में सड़क दुर्घटना की रोकथाम और बोकारो स्टील प्लांट में मनाये जा रहे सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के तहत गुरुवार को अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी की ओर से सड़क सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर संयंत्र के विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, अन्य वरीय अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे। सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखाने से पहले बीके तिवारी ने सभी को सुरक्षा शपथ भी दिलाई। बीएसएल में कार्यरत कर्मियों के बीच सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आकर्षक बैनरों एवं होर्डिंग से सुसज्जीत सडक सुरक्षा रथ संयंत्र के विभिन्न विभागों से होकर प्रतिदिन गुजरेगा।

### सीबीएसइ राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चिन्मय विद्यालय के सक्षम कुमार चयनित



बोकारो (आजाद सिपाही)। चिन्मय विद्यालय के कक्षा नवमी के छात्र सक्षम कुमार सीबीएसई राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चयनित होकर विद्यालय सहित बोकारो जिला एवम झारखंड का नाम रोशन किया है। हरियाणा के गुरुग्राम स्थित लोटस वैली इंटरनेशनल स्कूल में 7 से 9 फरवरी 2023 तक आयोजित होने वाले सीबीएसई राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चयनित सक्षम अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। ज्ञात हो कि इससे पूर्व सीबीएसई क्षेत्रीय विज्ञान प्रदर्शनी दो और तीन दिसम्बर 2022 को जवाहर विद्या मंदिर, रांची में आयोजित किया गया था। इसमें सक्षम कुमार ने अपने रचनात्मक कौशल, कुशल बुद्धि का परिचय देते हुए अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। इसमें 34 विद्यालयों के 104 बच्चों ने 54 प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी सात बिभिन्न कैटेगरी में की थी। जिसका विषय था टेक्नोलॉजी एंड टॉयज। इसी प्रदर्शनी में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर चिन्मय विद्यालय के कक्षा नवमी के छात्र सक्षम का चयन वरीय वर्ग में सीबीएसई के राष्ट्रीय स्तर पर किया गया। सक्षम के चयन पर चिन्मय मिशन बोकारो की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती, विद्यालय अध्यक्ष विश्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव महेश त्रिपाठी व प्राचार्य सूरज शर्मा ने सक्षम और उनके गाइड टीचर देवज्योति बराल को ढेरों शुभकामनाएं दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही समाज एवं देश के विकास के लिए टेक्नोलॉजी के साथ नए-नए अविष्कार करने की बात कही। मौके पर नर्मेन्द कुमार, बृज मोहन लाल दास आदि थे।

### झामुमो बाघमारा प्रखंड की नवनिर्वाचित कमेटी की बैठक संपन्न



कतरास (आजाद सिपाही)। बाघमारा प्रखंड झामुमो के नव निर्वाचित कमेटी की बैठक गुरुवार को डुमरा सामुदायिक भवन में संपन्न हुई। जिसे संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष अजमूल अंसारी ने कहा कि पार्टी की ओर से जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे ईमानदारी से निभाने की कोशिश करूंगा। साथ ही आगामी चार फरवरी को पार्टी के स्थापना दिवस पर धनबाद की धरती पर आ रहे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का स्वागत बाघमारा प्रखंड कमेटी की ओर से भव्य तरीके से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मांय, माटी व मानुष की जो लड़ाई है उसे अंतिम सांस तक लड़ी जाएगी। इस बार की प्रखंड कमेटी बाघमारा में नई इतिहास रचेगी। इससे पूर्व सर्वसम्मति से प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। मौके पर संयोजक मंडली के सदस्य सह बाघमारा विधानसभा प्रभारी अलाउद्दीन अंसारी, प्रखंड सचिव रंजीत महतो, नूतन सिंह टूटी, रामजीत टुडू, रितेश अग्रवाल, खुर्शीद अंसारी, फारुख अंसारी, अमला अंसारी, मो नोशाद, रामप्रसाद महतो आदि मौजूद थे।

## कोयला तस्करी के खिलाफ चला तेतुलमारी पुलिस का अभियान

# 150 टन अवैध कोयला और ट्रक जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** तेतुलमारी पुलिस ने टिलाटांड बस्ती के समीप संचालित अवैध कोयला डिपो में बुधवार कि देररात छापामारी कर लगभग 150 टन अवैध कोयला जब्त किया है। पुलिस ने मौके से कोयला लदा ट्रक भी अपने कब्जे में ले लिया। अवैध कोयला डिपो में छापामारी की भनक लगते ही कोयला कारोबारी के गुर्गे, ट्रक चालक और उपचालक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस ने मौके से जब्त कोयला को वेस्टमोदीडीह कोलियरी प्रबंधन को सौंप दिया है। दूसरी ओर, पुलिस कि इस कार्रवाई से अवैध कोयला कारोबारियों में खलबली मच गयी है। विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो उक्त डिपो का संचालन क्षेत्र के चर्चित अवैध कोयला कारोबारी व प्रदेश कि सत्ता में उच्ची पहुंच रखने वाले एक चर्चित नेता द्वारा किया जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में ट्रक मालिक एवं अज्ञात अवैध कोयला कारोबारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।




पुलिस की गिरफ्त में अवैध कोयला लदा ट्रक।

#### दिन के उजाले में डिपो पहुंचता है अवैध कोयला

टिलाटांड बस्ती में धड़ल्ले से संचालित अवैध कोयला डिपो में तेतुलमारी, वेस्टमोदीडीह और रामकनाली सहित अन्य कई कोलियरी क्षेत्रों से धंधेबाज के गुर्गे मारुति वैन, टेंपो, टोटो, बाइक, स्कूटर व साइकिल से कोयला डिपो तक कोयला पहुंचाते है। रास्ते में पड़ने वाले तेतुलमारी थाना के सामने से गुजर रहे इन वाहनों पर पुलिस की कभी नजर नहीं पड़ती है। सूत्रों की मानें तो छह माह से अधिक दिनों से चल रहे इस अवैध कोयला कारोबार कि जानकारी पुलिस को इतनी देर से मिली जो कतरास कोयलांचल क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। यह कर्रवाई पुलिस की कमजोर सूचना तंत्र को दर्शाता है वहीं, तेतुलमारी थानेदार आशीष यादव ने पुष्टी की कि टिलाटांड बस्ती से 150 टन कोयला एवं ट्रक जब्त किया गया। मामले में चालक, ट्रक मालिक एवं अज्ञात कारोबारी पर कांड अंकित किया गया है।

### टाटा सिजुआ में मनायी गयी स्व. प्यारे लाल महतो की 52वीं जयंती, टुंडी विधायक ने दी श्रद्धांजलि



**तेतुलमारी (आजाद सिपाही)।** सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के टाटा सिजुआ 6 नंबर स्थित आवासीय कार्यालय में गुरुवार को पार्टी के केंद्रीय सदस्य सह पूर्व पार्षद स्व प्यारे लाल महतो की 52वीं जंयती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुआ। जिसमें सर्वप्रथम स्व महतो की पत्नी कल्पना महतो और बेटे सुमित महतो ने दिवंगत की तस्वीर के समक्ष पूजा-अर्चन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद टुंडी विधायक सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से उनकी छाया तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान ऋषिकेश स्मारक सेवा समिति द्वारा कुष्ट रोगियों के बीच कंबल, मिठाईया एवं नए साल का कैलन्डर बांटा गया। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व जिला सचिव पवन महतो, मदन महतो, जनक लाल, संजय सिंह, विकाश महतो, राजीव कुमार, दीपक महतो, विनोद बिहारी महतो टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के निदेशक परितोष कुमार महतो, पेमिया श्रषिकेश महतो मेमोरियल पब्लिक स्कूल के निदेशक दिनेश कुमार महतो, संतोष राय, शकरू महतो, बाबूनाथ महतो, बंसत महतो, आनंद महतो, मुखिया भीमलाल रजक, हलीम भाई, कृष्णा मंडल, लक्ष्मीकांत महतो, रमेशर महतो और अंबरीश कुमार आदि उपस्थित थे ।

### कपूरिया में तेज रफ्तार 407 पलटने से चालक की मौत

**महुदा (आजाद सिपाही)। कपूरिया ओपी थाना क्षेत्र के बांधडीह स्थित धनबाद बोकारो मुख्य मार्ग में बुधवार की देर रात बिसलेरी पानी लोड से भरा 407 मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे खेतों में पलट गया। इस हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक 407 गाड़ी रांची से धनबाद कि ओर जा रही थी। तभी उक्त हादसा हुआ। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।**

## पूंजीवाद को समाप्त कर समाजवाद स्थापित करने का समय आ गया है: संतोष

**गोविंदपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की सत्यापन बैठक संपन्न, सशक्तिकरण पर दिया गया बल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार गोविंदपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के नव मनोनीत प्रखंड कमेटी के सत्यापन एवं संगठन सशक्तिकरण को लेकर गुरुवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनोज हाड़ी और संचालन क्रिटी भूषण रूज ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित कांग्रेस के धनबाद जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह का कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर अभिनंदन किया। जबकि कार्यक्रम की शुरूआत गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत विभिन्न ग्रामों से आए वृद्ध महिला-पुरुष के बीच कंबल वितरण कर किया गया।




गोविंदपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की सत्यापन बैठक में उपस्थित गणमान्य नेतागण।

अपने संबोधन में संतोष कुमार सिंह ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि पूंजीवाद को समाप्त कर समाजवाद को पुनः स्थापित किया जाए। जब भाजपा के शीर्षस्थ नेता राहुल गांधी का मनोबल तोड़ नहीं पाए तो मीडि.ा के एक वर्ग के साथ मिलकर उनकी छवि खराब करने के लिए पानी की तरह पैसे बहा रहे हैं। पर राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा में इतना लंबा सफर तय कर दिया कि बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, पीयूसी का प्राइवेट होना और सभी से त्रस्त जनता का आक्रोश केंद्र की सत्ताधारी भाजपा पर बरसेगी। उनके तर्ज पर कांग्रेस के सिपाहियों के साथ मिलकर गांव-गांव, पंचायत-पंचायत और बूथ तक जाना होगा, जिसकी शुरूआत धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी ने कर दिया है। धनबाद जिला के 256 पंचायत में कांग्रेस संगठन मजबूती के लिए काम करेगी। इस मौके पर बैभव सिन्हा, जहीर अंसारी, अनिल साव, किरिटी भूषण रूज, अरुण सिंह चौधरी, मोइन अंसारी, विश्वनाथ बाउरी, टिंकू अंसारी, आसिफ राजा, रवि चौधरी, रंजीत कुमार महतो, लीलावती ठाकुराइन आदि थे।

## रेलवे जीएम से मिले दक्षिण पूर्व मेंस कांग्रेस के पदाधिकारी

**महुदा (आजाद सिपाही)।** रेलवे कर्मियों की समस्या को लेकर दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस, महुदा-भागा शाखा के पदाधिकारियों ने कोलकाता के गार्डेनरीच स्थित जोनल कार्यालय में महाप्रबंधक से मुलाकात कर कर्मचारियों की लंबे समय से चले रहे बकाया भुगतान जैसे यात्रा भत्ता, रात्रि ड्यूटी भत्ता आदि के जल्द भुगतान करने के अनुरोध के साथ हाउस रेंट अलाउंस भत्ते मिलने की प्रक्रिया को सरल बनाने, आद्रा मंडल अस्पताल में कुछ और डॉक्टर्स की नियुक्ति की



मांग के साथ ही इंजीनिरिंग विभाग के ट्रैकमैनो के लिए गैंग हर्ट को मॉडर्न बनाने का आग्रह किया। इससे पूर्व शाखा सचिव संजय कुमार ने दपूरे के जीएम को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी। साथ में दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस के मंडल संयोजक रवि चटर्जी अपने आद्रा डिविजन के शाखा सचिव संजय कुमार, महुदा-भागा, देवदास चटराज, आद्रा ब्रांच 2, अचिंत्य कर्मकार, पुरुलिया ब्रांच, गोरखनाथ यादव गार्डेनरीच ब्रांच उपस्थित थे। गौरतलब हो कि महुदा में फरवरी 2023 के अंतिम सप्ताह में जीएम का वार्षिक निरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित है। उसे लेकर हाल ही में आद्रा डीआरएम का महुदा में निरीक्षण हुआ था, उस समय भी दपुरे मेंस कांग्रेस महुदा भागा के ब्रांच सेक्रेट्री ने कर्मचारियों के बहुत सारे मुद्दो को लेकर डीआरएम के समक्ष मांग रखी थी।

## बीएंडके में त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक

# शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को लेकर करें सुरक्षित उत्पादन: एनपी देवरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**करगली/बेरमो।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र अंतर्गत करगली स्थित ऑफिसर क्लब में गुरुवार को त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मजदूर नेता ओम प्रकाश सिंह व एसओ पीएंडपी संचालन एसके झा और एसके भारतीय ने किया। मौके पर मौजूद कोडरमा रिजन के डीएमएस एनपी देवरी और सीसीएल सेफ्टी जीएम आरके सिंहा, बीएंडके जीएम एमके राव, धनबाद से डीएमएस (विद्युत) आनंद अग्रवाल, डीडीएमएस (माइनिंग) तेजावथ नरेश, डीडीएमएस (विद्युत) प्रवीण कुमार, डीडीएमएस सुरेश कुमार, आईएसओ रोहित चौधरी आदि ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद बीएंडके क्षेत्र में तमाम सुरक्षा के उपायों, नियमों औरबचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी सतेंद्र कुमार ने वार्षिक प्रतिवेदन पेश किया। बैठक में पूर्व बैठक में लिए गए सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों के मांगों के क्रियान्वयन एवं परिपालन की समीक्षा की। सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों ने क्षेत्र में कार्य करने में आ रही समस्याओं से अवगत कराया।




बताया कि क्षेत्र में काफी संख्या में माइनिंग सरदार व ओवरमैन की कमी है। जिसकी कमी को पूरा करने से और भी सहूलियत पूर्वक उत्पादन किया जा सकता है। इसके अलावा खदानों में सुरक्षा, प्रदूषण, सड़क, लाइट की समुचित व्यवस्था प्रत्येक परियोजना में हॉल रोड बनाने, पेयजल की दुरुस्त व्यवस्था करने आदि मांगें रखीं।

इस पर डीएमएस एनपी देवरी ने शून्य दुर्घटना के साथ हुए उत्पादन पर बीएंडके क्षेत्र की सराहना की। उन्होंने खान सुरक्षा निदेशालय द्वारा निर्धारित खान सुरक्षा नियमों के क्रियान्वयन एवं परिपालन स्थिति की समीक्षा की। कहा कि प्रबंधन शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को लेकर सुरक्षित उत्पादन करें। सुरक्षा को नजरअंदाज कर कोयला उत्पादन कामगार की मौत का कारण बन सकता है। प्रबंधन सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए ही कोल उत्पादन करें, ताकि कोई भी कामगार दुर्घाटना का शिकार न हो। जो समस्याएं सामने आ रही है उसका समाधान कैसे किया जाएगा वो प्रबंधक द्वारा बताया गया है। उसका बीच-बीच में हमलोग भी निरीक्षण करेंगे। बीएंडके जीएम एमके राव ने डायरेक्टर माईन्स सेफ्टी को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए ही कोयला उत्पादन किया जा रहा है। कहा कि बैठक में सुरक्षा को लेकर जो सुझाव सामने आए हैं, उन पर अमल करते हुए शून्य दुर्घटना के लक्ष्य के साथ सुरक्षित उत्पादन करते हुए लक्ष्य प्राप्ति का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। बीएंडके क्षेत्र की युवा टीम डीजीएमएस की सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए उत्पादन करेगी। मौके पर पीओ खासमहाल राजीव कुमार, पीओ कारो केडी प्रसाद व पीओ करगली केआर सत्यार्थी, एसओपी राजीव कुमार, एसओ एक्स प्रवीण कुमार आदि थे।


**झारखण्ड राज्य सहकारी मत्स्य संघ लि० (झास्कोफिश)**
**(कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची)**
**बटन तालाब, डोरण्डा, राँची**

**"अल्पकालीन दर आमत्रंण सूचना"**
**(निविदा)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झास्कोफिश के द्वारा एक अद्द फिश फ्लोटिंग फीड मिल (Complete set) उत्पादन क्षमता 200–250 कि० ग्रा० / घंटा (एक्सट्रूडर मशीन कम्पलीट सेट, मिक्सर मशीन, हैमर मशीन, AC, DC मोटर, डेल्टा स्टार्टर, कन्ट्रोल पैनल आदि सहित ) का अधिष्ठापन कराया जाना है। इस हेतु संबंधित इच्छुक फर्म / सप्लायर / प्रतिष्ठानों से डबल बीड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से मुहर बन्द लिफाफे में (लिफाफे के उपर स्पष्ट अक्षरों में तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा लिखा हुआ हो) दर आमंत्रित किया जाता है। दर आमंत्रण सूचना की विस्तृत शर्त सहित निविदा दस्तावेज(Tender Documents) दिनांक–12.01.2023 से 20.01.2023 (अपराह्न 1:00 बजे तक) तक झास्कोफिश कार्यालय, बटन तालाब, डोरण्डा, राँची में मो0–1000 / –(एक हजार) रू0 मात्र का बैंक ड्राफ्ट **(MD, JHASCOFISH, Ranchi** के पदनाम से राँची में भुगतेय) अथवा नगद जमा कर कार्यदिवस एवं कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है। झास्कोफिश कार्यालय में विहित प्रपत्र में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 25.01.2023 (अपराह्न 2:00 बजे तक) है। यह उसी दिन अपराह्न 4:00 बजे खोली जायेगी।

प्रबंध निदेशक
झास्कोफिश, राँची।

PR.NO.286711 Jharkhand State Co-Operative Fisheries Federation Ltd(22-23):D



**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला (क्रीड़ा शाखा)**
*Email id- sportsgumla@gmail.com*

**अनुसेवक के पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

विज्ञापन संख्या–01 / 2023 आवेदन जमा करने की अंमित तिथि 11 / 01 / 2023

जिला खेल कार्यालय, गुमला में अनुसेवक के पद पर अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता, स्नातक एवं कम्प्यूटर के जानकार खिलाड़ी की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्र०सं० | पद का नाम | कुल रिक्तियाँ | उम्र सीमा |
|---|---|---|---|
| 1 | अनुसेवक | 01 | 18–40 वर्ष सभी वर्गो के लिए। |

इच्छुक उम्मीदवार आवेदन पत्र के साथ आवश्यक प्रमाण पत्रों को स्वयं अथवा लिफाफे में निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट से कार्यालय जिला खेल पदाधिकारी, नया समाहरणालय भवन, गुमला के कार्यालय में दिनांक– 11.01.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक जमा कर सकते हैं।

PR.NO.286783 District(22-23):D

जिला खेल पदाधिकारी, गुमला।



**कार्यालय: जिला कृषि पदाधिकारी, खूँटी**

**किसान भाईयों के लिये आवश्यक सूचना**

**झारखण्ड कृषि ऋण माफी**

खूँटी जिला के किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 31.03.2020 से पूर्व का कृषि ऋण माफ किया जा रहा है। इसके लिये किसान भाईयों को अपना आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं मोबाईल न0 के साथ किसी भी प्रज्ञा केन्द्र में जा कर अपना e-KYC कराना होगा। इस योजना के तहत् दिनांक 31.03.2020 तक ऋण खातों में बकाया राशि अधिकतम 50 हजार रूपये तक माफ करने का प्रावधान है। इस योजना में एक परिवार के एक ही सदस्य को ऋण माफी का लाभ मिल सकेगा। किसान भाईयों की सुविधा के लिये पंचायतवार निम्न विवरणी अनुसार पंचायत भवन में कैम्प का आयोजन दिनांक 09.01.2023 दिन सोमवार से किया जाएगा :–

| दिनांक | खूँटी | कर्रा | तोरपा | रनिया | मुरहू | अड़की | कैम्प का स्थान | प्रतिनियुक्त कर्मी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 09.01.2023 (सोमवार) | फुदी गुटजोरा | बकसपुर जरिया उड़ीकेल | ओकड़ा डोड़मा बारकुली | बनई | कुड़ापुर्ती दिगड़ी गुटूहातू | उपरबलालौंग सरगेया | पंचायत भवन | BAO/BTM/ATM/VLW's/ कृषक मित्र |
| 10.01.2023 (मंगलवार) | मुरही बिरहू | लिमड़ा कर्रा डेहकेला | दियांकेल सुन्दारी कमड़ा | खटंगा | हेठगोवा कुदा | हुँठ बाड़ीनिजकेल | | |
| 11.01.2023 (बुधवार) | बारूडीह तिरला | गोविन्दपुर लरता छाता | मरचा अम्मा | डाहू | कोराकेल हस्सा | तोड़ांग अड़की | | |
| 12.01.2023 (बृहस्पतिवार) | मारंगहादा | जुरदाग सुनगी कुदलुम | जरिया हुसीर | खटखुरा | मुरहू बिन्दा | तिनतिला तिरला कोचांग | | |
| 16.01.2023 (सोमवार) | भण्डरा सिलादोन | डुमरगड़ी मेहा बमरजा | उड़ीकेल उकड़ीमाड़ी | सोदे | बिचना कुंजला रूमूतकेल | बोहण्डा बीरबांकी मदहातु | | |
| 17.01.2023 (मंगलवार) | तिलमा डाड़ीगुटू | धुनसुली कच्चाबारी | तपकारा फटका | तांबा | केवड़ा गोड़ाटोली | नौढ़ी पुरनानगर | | |
| 18.01.2023 (बुधवार) | लांदुप | लोधमा हाकाजांग | तोरपा पू0 तोरपा प0 | जयपुर | इन्दीपिड़ी गनालोया | सिंदरी सोसोकुटी | | |

किसान भाईयों से अनुरोध है कि जो ऋण माफी हेत अभी तक प्रज्ञा केन्द्र में जाकर अपना e-KYC नहीं कराए हैं, वे अपना आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं मोबाईल न0 के साथ उक्त कैम्प में जाकर अपना e-KYC अवश्य करा लें। विस्तृत जानकारी के लिये अपने प्रखण्ड के BAO/BTM/ATM/VLW's/कृषक मित्र से सम्पर्क करें।

जिला कृषि पदाधिकारी,
खूँटी

PR 286703 Agriculture(22-23).D

### पूरे ओड़िशा के लिए हर्ष और उत्सव का दिन

# मुख्यमंत्री ने दुनिया के सबसे बड़े हॉकी स्टेडियम का उद्घाटन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** आज का दिन पूरे ओड़िशा के लिए हर्ष और उत्सव का दिन है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आज राउरकेला में दुनिया के सबसे बड़े हॉकी स्टेडियम विर्स मुंडा हॉकी स्टेडियम को अनुष्ठानिक रूप से जनता के उद्देश्य से समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं इस स्टेडियम को ओड़िशा के सभी हॉकी प्रेमियों, खिलाड़ियों, आम जनता, हॉकी प्रेमियों और देश के सभी हॉकी प्रेमियों को समर्पित कर रहा हूं और सभी हॉकी प्रेमियों को हॉकी विश्व कप के भव्य समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित करता हूं। साथ ही मुख्यमंत्री ने इस मौके पर ऐलान किया कि वर्ल्ड कप जीतने वाले हर भारतीय खिलाड़ी को एक करोड़ रुपये दिए जायेंगे। दर्शकों और खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पूरे देश के लिए ओडिशा का सबसे अच्छा उपहार है। यह भारत को हॉकी के क्षेत्र में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित करेगा और आने वाले कई दशकों तक देश को हॉकी के खेल में एक मजबूत टीम के रूप में स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हॉकी की स्वर्णक्षेत्र सुंदरगड में आज दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम ओड़िशा की धरती का गौरव बढ़ा रहा है। स्टेडियम पूरी दुनिया के लिए हॉकी का मुख्य केंद्र होगा और देश की शीर्ष टीमों को प्रदर्शन के मौके मिलते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी इस पहल से देश के युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश में अनेक चैंपियन बनेंगे और देश एवं राज्य का गौरव बढ़ता रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री महाप्रभु के आशीर्वाद और सबकी सद्भावना और प्रेम से हमारा सपना साकार हुआ है, यह सभी क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ बनने के हमारे प्रयासों का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि इस स्टेडियम ने देश में खेल के बुनियादी ढांचे के विकास के मामले में ओड़िशा की छवि को और अधिक चमकाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह स्टेडियम आने वाली कई पीढ़ियों के लिए हमारा ताज होगा और हॉकी के लिए भारतीयों के जुनून और प्यार को दर्शाता रहेगा। यह भारतीय हॉकी का प्रतीक बना रहेगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महान सेनानी और महान व्यक्ति विरसा मुंडा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। स्टेडियम को रिकॉर्ड पंद्रह महीने में 120 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है।

इस कार्यक्रम में खेल मंत्री तुषार कांत बेहेरा, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की, 5टी सचिव पांडियन और हॉकी इंडिया के कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर इंडिया ए और इंडिया बी टीमों के बीच उद्घाटन मैच का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने आज राउरकेला पहुंचने के बाद बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम का दौरा किया और वहां भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों से बातचीत की। दोपहर बाद मुख्यमंत्री ने सुंदरगड मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन किया और सुंदरगड के लिए कई विकास कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। उन्होंने राउरकेला शहर में मो बस सेवा का भी शुभारंभ किया। बाद में उन्होंने हॉकी स्टेडियम का उद्घाटन किया।

### विश्व के सबसे बड़े हॉकी स्टेडियम में पहली जीत झारखंड के नाम

## ओड़िशा को 4-0 से हराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओड़िशा।** विश्व के सबसे बड़े हॉकी स्टेडियम में पहली जीत झारखंड के नाम रही। झारखंड की टीम ने ओड़िशा के राउरकेला स्थति बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेले गये पहले मुकाबले में ओड़िशा को 4-0 से हराया। पड़ोसी राज्य ओड़िशा की इस्पात नगरी राउरकेला की छेंड़ कॉलोनी में बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम बनाया गया है। यह विश्व की सबसे बड़ी और आधुनिक सुविधाओं से लैस स्टेडियम है। सबसे खास बात यह है कि जहां पहले राउरकेला नगर निगम कचरा फेंकता था, आज उस स्थान पर यह बेहद खूबसूरत और भव्य स्टेडियम बन कर तैयार हो गया। यहां हॉकी विश्वकप के मैच खेले जायेंगे। स्टेडियम की वजह से इलाके की खूबसूरती बढ़ गयी है।

# कोरापुट से डुमुरिपुट के बीच दोहरीकरण कार्य पूरा किया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे ने हाल ही में कोरापुट-जगदलपुर दोहरीकरण परियोजना के तहत कोरापुट और मानबार रेलवे स्टेशनों के बीच दोहरी लाइन और कोरापुट-रायगडा रेलवे परियोजना में कोरापुट-डुमुरिपुट और डुमुरीपुट-मानबार स्टेशनों के बीच दोहरीकरण का काम पूरा किया है। ये परियोजनाएं बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि दोनों रेलवे सेक्शन कोरापुट से जुड़ते हैं और सिंगल लाइन रेलवे सेक्शन में सुचारू ट्रेन संचालन के लिए ट्रैफिक की समस्या थी और ट्रेन की आवाजाही में देरी हो रही थी। दोहरीकरण का काम पूरा होने के बाद रेल यातायात आसान और परेशानी मुक्त हो जायेगा। उपरोक्त रेल लाइनें तीन राज्यों के सुदूर आदिवासी क्षेत्रों में स्थित हैं, जो कार्य के विकास के लिए ध्यान में हैं और माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के दृष्टिकोण का एक हिस्सा हैं। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए पूर्व तट रेलवे ने नॉन-इंटर लॉकिंग और सिग्नलिंग सिस्टम की स्थापना के साथ-साथ रेल ट्रैक को जोड़ने के लिए सुरक्षा संबंधी कार्य किए हैं। इसलिए मानबार स्टेशन पर 6 जनवरी से 7 जनवरी तक, डुमुरीपुट स्टेशन पर 8 जनवरी तक और कोरापुट रेलवे स्टेशन पर 10 जनवरी 2023 तक नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य शुरू हो जायेगा। इससे पहले पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक रूप नारायण सुनकर ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि यात्रियों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं हो। चूंकि आवश्यक सुरक्षा कार्यों को टाला नहीं जा सकता, इसलिए ट्रेनों के न्यूनतम रद्दीकरण किया गया है।

### ट्रेनों का रद्द होना:

18107/18108 राउरकेला-जगदलपुर-राउरकेला एक्सप्रेस 5 जनवरी को राउरकेला से और 6 जनवरी 2023 को जगदलपुर से रद्द रहेगी।

### ट्रेनों का आंशिक रद्दीकरण:

18447 भुवनेश्वर-जगदलपुर हीराखंड एक्सप्रेस 5 जनवरी को भुवनेश्वर से रायगड़ा तक चलेगी और रायगड़ा से जगदलपुर तक रद्द रहेगी। 18448 जगदलपुर-भुवनेश्वर हीराखंड एक्सप्रेस 6 जनवरी 2023 को जगदलपुर के बजाय रायगड़ा से निकलेगी और जगदलपुर से रायगड़ा तक रद्द रहेगी। 18005 हावड़ा-जगदलपुर समलेश्वरी एक्सप्रेस हावड़ा से 5 जनवरी 2023 को टिटिलागड तक चलेगी और टिटिलागड से जगदलपुर तक रद्द रहेगी। 18006 जगदलपुर-हावड़ा समलेश्वरी एक्सप्रेस 7 जनवरी 2023 को जगदलपुर के बजाय टिटिलागड से चलेगी और जगदलपुर से टिटिलागड तक रद्द रहेगी। 08546 विशाखापट्टनम-कोरापुट पैसेंजर स्पेशल विशाखापत्तनम से 5 से 10 जनवरी 2023 तक लक्ष्मीपुर रोड तक चलेगी और लक्ष्मीपुर रोड से कोरापुट तक रद्द रहेगी। 08545 कोरापुट-विशाखापत्तनम पैसेंजर स्पेशल 6 से 11 जनवरी 2023 तक कोरापुट से लक्ष्मीपुर रोड से निकलेगी और कोरापुट और लक्ष्मीपुर रोड से रद्द रहेगी। 18512 विशाखापत्तनम-कोरापुट एक्सप्रेस 6 और 9 जनवरी 2023 को विशाखापत्तनम से दामनजोड़ी तक चलेगी और दामनजोड़ी से कोरापुट तक रद्द रहेगी। 18511 कोरापुट-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस स्पेशल 6 से 11 जनवरी 2023 तक कोरापुट से दामनजोड़ी से निकलेगी और कोरापुट और दामनजोड़ी से रद्द रहेगी। 08551 विशाखापट्टनम-किरंदुल पैसेंजर 6 जनवरी 2023 को विशाखापट्टनम से अरकू तक चलेगी। 08552 किरंदुल-विशाखापत्तनम पैसेंजर 6 जनवरी 2023 को किरंदुल से जयपुर तक चलेगी। कोरापुट स्टेशन को बायपास करते हुए डुमुरीपुट-कोरापुट ए और बी केबिन-मानबार के रास्ते ट्रेनों का डायवर्जन मानाबर और दामनजोड़ी में स्टॉपेज प्रदान करेगा। 18447 भुवनेश्वर-जगदलपुर हीराखंड एक्सप्रेस भुवनेश्वर से 6 से 9 जनवरी 2023 तक। 18448 जगदलपुर-भुवनेश्वर हीराखंड एक्सप्रेस 6 से 10 जनवरी 2023 तक जगदलपुर से। 18005 हावड़ा-जगदलपुर समलेश्वरी एक्सप्रेस हावड़ा से 6 से 9 जनवरी 2023 तक। 18006 जगदलपुर-हावड़ा समलेश्वरी एक्सप्रेस 8 से 10 जनवरी 2023 तक जगदलपुर से। 18107 राउरकेला-जगदलपुर एक्सप्रेस 6 से 9 जनवरी 2023 तक राउरकेला से चलेगी। 18108 जगदलपुर-राउरकेला एक्सप्रेस 7 से 10 जनवरी 2023 तक जगदलपुर से चलेगी।

### बोर्ड अध्यक्ष ने दी सूचना

## मैट्रिक की परीक्षा 10 मार्च से



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मैट्रिक की परीक्षा 10 मार्च से शुरू होगी। मैट्रिक की परीक्षा 10 मार्च से 17 मार्च तक होगी। बोर्ड अध्यक्ष रामासिस हाजरा ने आयोजित प्रेसवार्ता में परीक्षा को लेकर जानकारी दी। अध्यक्ष की जानकारी के अनुसार 10 से 17 के बीच मध्यमा व राज्य निःशुल्क विद्यालयों की परीक्षा भी होगी। फॉर्म भरने की अधिसूचना बहुत जल्द जारी की जायेगी। फिर परीक्षा पूर्व नोडल एवं परीक्षा केंद्र पर होगी। सभी परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्र के प्रारूप का सम्मान किया जायेगा। इसके लिए बोर्ड अध्यक्ष ने छात्रों को परीक्षा की तैयारी शुरू करने का आदेश दिया है। इस साल 5 लाख 43 हजार छात्र परीक्षा देंगे। इसके अलावा 3029 केंद्रों पर परीक्षा होगी। वहीं नौवीं की परीक्षा 20 से 25 फरवरी तक चलेगी।

## ओड़िशा में 5जी सेवा शुरू




भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी और रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को ओड़िशा में 5जी इंटरनेट सेवाओं की शुरूआत की। वैष्णव ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ भुवनेश्वर में शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी के कैंपस 2 ऑडिटोरियम में एक कार्यक्रम के दौरान सेवाओं का उद्घाटन किया। 5जी इंटरनेट सेवाएं शुरू में भुवनेश्वर, कटक और राज्य के अन्य बड़े शहरों में उपलब्ध होंगी।

### अच्छी पहल : महिला समबाय समिति शुरू, 4100 महिला होंगी सदस्य

# उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने के लिए 'उद्योगिनी' की शुरूआत की



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** झारसुगुड़ा भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने अपनी शुभलक्ष्मी महिला समबाय समिति शुरू की है, जो भारत की एक प्रमुख महिला समबाय समिति है। हाल ही में, झारसुगुड़ा और आसपास के गांवों ने महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'उद्योगिनी' शुरू की है। 4100 महिला सदस्यों के साथ, यह महिला समबाय समिति चलायी जाती है और वेदांता की समूह विकास पहल की एक मजबूत पहल है। यह संघ महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम कर रहा है। कई महिलाओं ने सूक्ष्म वित्त, कौशल विकास, आर्थिक साक्षरता और स्थायी आजीविका को अपनाकर समाज में खुद को स्थापित किया है। उद्योगिनी परियोजना के तहत, इस समिति का लक्ष्य सदस्यों की संख्या को 10,000 तक बढ़ाना है। यह परियोजना 15 सदस्य निर्वाचित कर्मकर्ता और इसके सदस्य के अन्य सदस्यों के लिए दो दिवसीय कार्यक्रम के साथ शुरू की गई थी। प्रतिभागियों ने उद्यमिता सिद्धांतों, उत्पत्ति, वित्तीय पोर्टफोलियो आदि के बारे में चर्चा की।

### मौके पर इनकी रही उपस्थिति

राष्ट्रीय उद्यमिता विकास संस्थान के शांतनु महांती वरिष्ठ ग्रेड-ए ओडिशा सहकारी सेवा अधिकारी के साथ नीलिमा कुजूर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, ओड़िशा आजीविका मिशन, झारसुगुड़ा, सुनील गुप्ता सीइओ-वेदांत ली और राजकुमार प्रधान शाखा सचिव आइडीबीआइ बैंक झारसुगुड़ा उपस्थित थे।

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
Call Now !
UNIVERSITY FLY
+91-7903149721
www.universityfly.com

Rinleu
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS zoom PAiSTe TAMA Studiomaster DigiTech KORG Cort Epiphone Zildjian Roland MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जलते नामों से सावधान

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र



पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran–I ₹ 60
* English Grammar–I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran–I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran–I ₹ 60
* English Grammar–I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran–I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Please Join Us to Celebrate the opening Ceremony of our New Restaurant
Venue : Sector-9 Near Hatia More Bokaro Steel City (Jharkhand)
With Best Compliments From :
BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Mob. : 65423 66205, 76338 16941

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**